भोपाल
रविवार, 20 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 12, अंक : 19
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 25

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

गर्म हवाओं से पारे में बढ़ोतरी



## रतलाम, गुना, सागर और सीधी में लू, एक दर्जन जिलों में बढ़ेगा रात का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में गर्मी के तीखे तेवर शनिवार को भी देखने को मिले। रतलाम, गुना, सागर, दमोह, सीधी में लू का असर रहा। वहीं ग्वालियर, शिवपुरी और मंडला में रात का तापमान ज्यादा रहने का अनुमान है। दरअसल गर्म हवाओं की वजह से पारे में बढ़ोतरी हुई है। जिससे दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ा है। तीन दिन बाद गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सबसे गर्म रहा शिवपुरी

*शनिवार को शिवपुरी जिला सबसे गर्म रहा। यहां पारा 44 डिग्री दर्ज किया गया। सागर, मंडला, दमोह सहित आधा दर्जन जिलों में दिन का पारा 42 डिग्री से ऊपर रहा। धार में 41.9 डिग्री, उमरिया में 41.7 डिग्री, खरगोन में 41.4 डिग्री, मलाजखंड में 41 डिग्री, सिवनी में 40.4 डिग्री, बैतूल में 40.2 डिग्री, खंडवा में 40.1 डिग्री और छिंदवाड़ा में पारा 40 डिग्री दर्ज किया गया*

जेईई मेन सेशन 2 के परिणाम जारी

राजस्थान 7 अभ्यर्थियों के साथ इस बार सबसे आगे, सामान्य वर्ग के 21 अभ्यर्थी शामिल

# 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 24 टॉपरों में 22 लड़के और 2 लड़कियां

## मप्र के टॉपर ने हर दिन पढ़ाई को करीब 12 से 14 घंटे समय दिया, कहा-ये सपने जैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शुक्रवार देर रात जेईई मेन सेशन-2 के परिणाम जारी कर दिए है। इस बार इस परीक्षा में 24 अभ्यर्थियों ने पूरे 100 पर्सेंटाइल हासिल कर टॉप किया है। 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 24 टॉपरों में 22 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं।

100 पर्सेंटाइल पाने वालों में सामान्य वर्ग के 21 अभ्यर्थी हैं। वहीं ईब्ल्यूएस, ओबीसी (नॉन-क्रीमीलेयर), एससी वर्ग के एक-एक अभ्यर्थी को 100 परसेंटाइल मिला है। 24 टॉपरों में राजस्थान सबसे आगे रहा है। इस बार राजस्थान से 7, तेलंगाना से 3, महाराष्ट्र से 3, उत्तर प्रदेश से 3, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बुरहानपुर के छात्र माजिद हुसैन प्रदेश में टॉप पर

जेईई मेंस 2025 में बुरहानपुर के छात्र माजिद हुसैन ने 99.9992 परसेंटाइल स्कोर के साथ मध्यप्रदेश के टॉप किया है। वहीं ऑल इंडिया रैंक 30 हासिल की है। माजिद इससे पहले एनएसईपी, आईएनएमओ, आईएनसीएचओ सहित सीओएफ की अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में भी प्रथम ▶▶ शेष पेज 6 पर



### ओमप्रकाश बेहरा ऑल इंडिया रैंक-1 पर

*राजस्थान के कोटा से ओमप्रकाश बेहरा ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। ओम प्रकाश ने 300 में से 300 अंक प्राप्त कर परफेक्ट स्कोर बनाया है। कोटा के एलन कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले ओम प्रकाश बेहरा ओडिशा के भुवनेश्वर के रहने वाले हैं। ओमप्रकाश बेहरा ने कहा कि परीक्षा में* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आईआईटी धनबाद ने की घोषणा पूर्ण शिक्षण शुल्क माफ

जेईई एडवांस 2025 के टॉपर छात्र-छात्राओं को आईआईटी धनबाद में पढ़ाई करने पर शिक्षण शुल्क नहीं देना होगा। जेईई एडवांस के एक हजार सीआरएल (कॉमन रैंक लिस्ट) तक रैंक पाने वाले सभी छात्र-छात्राओं के ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

पंजाब - बेंगलुरु
दोपहर 3.30 बजे से

मुंबई - चेन्नई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार, हंगामा

**जबलपुर।** कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया के छोटे भाई की बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। विधायक के भाई यश घनघोरिया की पार्टी में अस्सू खान नाम के एक व्यक्ति ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग की। पुलिस ने अस्सू को गिरफ्तार कर लिया है और पिस्टल जब्त कर ली है। गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने में हंगामा किया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नरमी बरतने का आरोप लगाया। पुलिस ने भेदभाव से इंकार किया है।



### इटारसी जंक्शन पर 4 टैंकर पटरी से उतरे

**इटारसी।** शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन पर भोपाल से इटारसी आ रही एक टैंक वैगन खंभा नंबर 745/44 के पास पटरी से उतरी गई। मालगाड़ी के चार पहिए पटरी से उतरे थे। सूचना मिलते ही रेलवे के राहत दल ने पहुंचकर कार्य प्रारंभ किया। घटना सुबह करीब साढ़े दस बजे की है। कपलिंग टूटने से मालगाड़ी दो हिस्से में टूट गई। इस मार्ग से कोई भी सवारी गाड़ी नहीं गुजरती, जिससे किसी प्रकार का यातायात प्रभावित नहीं हुआ। लेकिन रेलवे ट्रैक के स्लीपाट क्षतिग्रस्त हो गए।



लव जिहाद केस: आगजनी और पथराव के बीच पुलिस को छोड़ने पड़े आंसू गैस के गोले

# शादी से पहले ही युवती को भगा ले गया युवक, गुस्से में 'उबला सागर'

आरोपी युवक विशेष समुदाय से और लड़की हिंदू | आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है उस पर कई मामले दर्ज



विधायक घटना स्थल पर पहुंचे, ग्रामीणों को समझाते रहे

## हालात को देखते हुए पुलिस छावनी में तब्दील हुआ सानोधा कस्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले से सटा कस्बा सानोधा से लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां विशेष समुदाय का एक युवक हिंदू युवती को भगाकर ले गया।

लड़की के परिजनों को जैसे ही पता चला कि लड़का भी गायब है तो उनका शक हकीकत में बदल गया। जैसे ही इस आशय की जानकारी भीड़ को लगी उन्होंने तत्काल आरोपी की दुकान को घेर लिया। इसी बीच गुस्साए लोगों ने उसकी दुकान में आग लगा दी। देखते ही देखते पथराव शुरु हो गया। सूचना ▶▶ शेष पेज 6 पर

*लड़की के परिजनों ने पुलिस से की उसे जल्द ढूंढने की मांग*



### इसलिए भड़क गए ग्रामीण

बताया जा रहा है कि जिस लड़की को युवक भगाकर ले गया है, उसकी शनिवार को बरात आने वाली थी, लेकिन शादी के पहले ही लड़की को आरोपी बहला फुसला कर भगा ले जाया गया है। लड़की के परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करने की मांग भी की थी, लेकिन पुलिस ने केवल गुमशुदगी का मामला दर्ज किया। इस वजह से भी लड़की के घर और समाज के लोग आक्रोशित थे।

### डेढ़ सौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज: एसपी

*सागर पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल ने बताया कि तोड़फोड़ और हिंसा में शामिल करीब डेढ़ सौ लोगों के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा रही है। वहीं आरोपियों की पहचान भी की जा रही है। तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है, अब स्थिति सामान्य है।*

### सागर कलेक्टर ने सानोधा पहुंचकर लिया जायजा

सागर के सानोधा में शनिवार को बने तनाव के हालातों के बाद सागर कलेक्टर संदीप जीआर ने मौके पर जाकर हालातों को देखा और आक्रोशित लोगों से बातचीत की। कलेक्टर ने लापता हिंदू लड़की की जल्द बरामदगी का आश्वासन लोगों को दिया। वहीं, जिस मुस्लिम युवक को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं। उसके संबंध में जांच का भरोसा दिया।

**वीडी शर्मा ने कहा**

### कानून करेगा अपना काम

सागर घटना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लव जिहाद की घटना एक नहीं कई लोग करने का प्रयास करते हैं। पर मध्य प्रदेश में इस तरीके की घटना को रोकने के लिए कानून अपना काम करेगा। कानून किसी को भी हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।

### आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का: विधायक

तनाव भरे हालातों के बीच इलाके के सीनियर भाजपा विधायक प्रदीप लारिया भी इस सानोधा कस्बे में पहुंचे है। एमएलए लारिया के मुताबिक जिस मुस्लिम युवक पर लड़की को जबरन ले जाने का आरोप है वो क्रिमिनल है अवैध कारोबारों से जुड़ा है। पुलिस को उन्होंने सूचना दी थी लेकिन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। लड़की का कोई पता नही है, विधायक लारिया इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों से बात की है। विधायक लारिया ने कहा कि आरोपी ने पुरातत्व विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है, जिसे तत्काल हटाया जाना चाहिए। साथ ही आरोपी के मकान सहित उसके समाज के अन्य मकानों की भी तलाशी ली जानी चाहिए, जहां अवैध हथियारों का जखीरा भी मिल सकता है।

दिल्ली के मुस्तफाबाद में चार मंजिला इमारत ढही



# मरने वालों की संख्या 11 पहुंची सीएम ने दिए जांच के आदेश

पड़ोसियों ने कहा-ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार की सुबह करीब 3:00 बजे एक चार मंजिला रिहायशी इमारत ढह गई। शक्ति विहार इलाके की गली नंबर 1 में यह घटना हुई। जिससे कई लोग मलबे में दब गए। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है और कई लोग अभी भी अंदर फंसे हुए हैं।

चार लोगों का इलाज चल रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया जो रात तक जारी रहा। इमारत के बगल में रहने वाले एक शख्स रयान ने बताया कि ऐसा लगा कि भूकंप आ गया हो। जमीन हिलने लगी और जब तक हम कुछ समझ पाते ▶▶ शेष पेज 6 पर




### सीएम रेखा गुप्ता ने जताया शोक

सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि मुस्तफाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राहत एवं बचाव कार्यों में डीडीएमए, एनडीआरएफ, डीएफएस और अन्य एजेंसियां सतत रूप से जुटी हैं। सभी घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की गई है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जिनकी मृत्यु हुई है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दें।

भूकंप की 5.9 रही तीव्रता

## जम्मू-कश्मीर से दिल्ली एनसीआर तक झटके

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में आए 5.9 तीव्रता के भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर में भी देखने को मिला। जम्मू-कश्मीर में भूकंप से लोगों में अफरातफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल भागे। इसका असर दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया। हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-तजाकिस्तान बॉर्डर पर था। भूकंप की गहराई धरती के नीचे 86 किमी ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ लोग घरों से बाहर निकल भागे

बस का इंतजार कर रही थी

## कनाडा में पंजाब की छात्रा की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** पंजाब की रहने वाली एक छात्रा की गुरुवार को कनाडा के हैमिल्टन में बस स्टॉप पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हैमिल्टन पुलिस के अनुसार गोलीबारी शाम करीब 7.30 बजे हुई। पीड़िता की पहचान मोहॉक कॉलेज की 21 वर्षीय छात्रा हरसिमरत रंधावा के रूप में हुई है। लड़की बस स्टैंड पर सार्वजनिक परिवहन का इंतजार कर रही थी। उसे सीने में गोली लगने के घाव के साथ पाया गया और बाद में अस्पताल ▶▶ शेष पेज 6 पर




■ भारत के दूतावास ने जताया शोक

रूसी राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान

## 'ईस्टर' के मौके पर युद्धविराम की घोषणा

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर के मौके पर बड़ा ऐलान करते हुए यूक्रेन में एक दिन के युद्धविराम की घोषणा की है। रूस की तरफ से इस एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा करते हुए पुतिन ने रूसी सैनिकों को स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम 6 बजे से रविवार के अंत तक किसी भी तरह का हमला ना करने का आदेश दिया है। इस दौरान पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेन भी रूस के फैसले का सम्मान करेगा और ईस्टर ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ बीते तीन साल से जारी है यूक्रेन से जंग

## विदिशा: आग से 10 घर खाक, 11 मवेशी जिंदा जले



### 4 दमकलों ने 13 घंटे मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

***विदिशा।** जिले के ग्राम परासी टुंडा में शुक्रवार की देर शाम नरवाई में लगी आग बस्ती तक पहुंच गई। तेजी से फैली आग 10 घर और करीब एक दर्जन मवेशी चपेट में आ गए। घरों रखा अनाज, पैसा और अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से रात में ही आग पर काबू पाया, लेकिन थोड़ी ही देर में आग फिर भड़क गई। लोग* ▶▶ शेष पेज 6 पर

स्थानीय धर्मशाला और स्कूल को अस्थायी अस्पताल में तब्दील किया गया

# शादी में दूषित मिठाई खाने से करीब 500 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार

स्वास्थ्य विभाग की टीम को फतेहगढ़ भेजा, डेयरी की गई सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के फतेहगढ़ गांव में गुरुवार रात एक शादी समारोह जश्न की जगह मातम छा गया। शादी में परोसी गई दूषित मिठाई खाने से करीब 500 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और गांव में मेडिकल टीम भेजकर स्थानीय धर्मशाला और स्कूल को अस्थायी अस्पताल में बदल दिया गया। फतेहगढ़ निवासी मुकेश ठन्ना के बेटे की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सांसद और विधायक ने मरीजों से बातचीत

सांसद सुधीर गुप्ता और विधायक विपिन जैन गांव पहुंचे और मरीजों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। सांसद गुप्ता ने सीएमएचओ डॉ. जीएस चौहान की गैरमौजूदगी पर नाराजगी जताई और मेडिकल सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए दलौदा स्थित श्रीराम दूध डेयरी को सील कर दिया है। खाद्य विभाग ने दूध के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं।

सोशल मीडिया में एक्टर के परिवार को मिल रही रेप और जान से मारने की धमकी

इंदौर में एक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत, पुतला नदी में बहाया

# फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने की ब्राह्मणों पर विवादित टिप्पणी, विरोध के बाद मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म निर्देशक और एक्टर अनुराग कश्यप एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। मामला जाति विशेष को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर उनकी कथित टिप्पणी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। जबकि सोशल मीडिया पर उनकी फैमिली को रेप और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इसका जिक्र उन्होंने नए पोस्ट में माफी मांगते हुए किया है। बता दें कि 'फुले' फिल्म को लेकर उठे विवाद के बीच ब्राह्मण समाज पर कश्यप ने एक टिप्पणी की थी, मामला पुलिस तक पहुंच गया।



एक्टर ने माफी मांगते हुए लिखा कि यह मेरी माफी है, मेरी पोस्ट के लिए नहीं बल्कि उस एक लाइन के लिए, जिसे संदर्भ से बाहर निकाल दिया गया और जो नफरत फैला रही है। कोई भी कार्य या भाषण इस लायक नहीं है कि आपकी बेटी, परिवार, दोस्त और सहकर्मियों को संस्कार के ठेकेदारों से रेप और मौत की धमकियां मिलें। आगे उन्होंने लिखा ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

**इधर, इंदौर में भी विरोध प्रदर्शन**

## पलासिया थाने में शिकायत दर्ज

**इंदौर।** श्री परशुराम सेना ने अनुराग कश्यप के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। निर्देशक का पुतला बनाकर कान्ह नदी में बहा दिया। परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने इस मौके पर कहा कि अनुराग कश्यप की ब्राह्मण समाज के खिलाफ की गई टिप्पणी उनकी गंदी मानसिकता को दर्शाती है। ऐसा व्यक्ति गंदे नाले के पानी में ही बहाने योग्य है। एफआईआर दर्ज कर उनकी जल्द गिरफ्तारी की मांग ▶▶ शेष पेज 6 पर

### फिल्म 'फुले' की रिलीज रोकने की अपील

नीरज याग्निक ने कहा कि वे सभी धर्मों और समाज के लोगों से अपील करते हैं कि जो देश को तोड़ने की मानसिकता रखते हैं, उनके खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। उनका कहना है कि अनुराग कश्यप की फिल्म 'फुले' को लेकर विवाद हुआ है, और यदि इस फिल्म के माध्यम ▶▶ शेष पेज 6 पर

# वैदिक मंत्रों के माध्यम से देवताओं का किया आह्वान, पूजन में आए 100 जोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी के वेदवती मैदान पर कलश यात्रा के बाद शुरू हुए 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का दूसरे दिन देव आह्वान किया गया। यज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से आई विद्वान टोली के सदस्यों ने वैदिक मंत्रों के माध्यम से संगीतमय स्वरों के साथ देवताओं का आह्वान किया। टोली नायक प्रमोद बारचे ने यज्ञ के कर्मकांड को ऋषियों की पाठशाला बताया। सुबह आठ बजे से शुरू हुए देवपूजन मे 110 जोड़ों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि यज्ञ एक जीवन जीने की कला है। प्रकृति का हर घटक और प्रत्येक जीव, वनस्पति आदि दूसरों को सदैव देते रहते हैं। यही यज्ञ का दार्शनिक पक्ष है। उन्होंने यज्ञ के वैज्ञानिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से पर्यवारण शुद्ध होता है और मानव की तमाम तरह की आधि, व्याधि का समन होता है। इस अवसर पर उन्होंने मानव जीवन मे 16 संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को देवताओं के समान श्रेष्ठ व्यक्तित्व बनाने यज्ञ पिता और गायत्री माता के दर्शन और क्रिया पक्ष को अपनाना होगा। रविवार को प्रातः 24 कुण्डीय यज्ञ मे गर्भवती माताओं के पुंसवन और बच्चों के नामकरण, अन्नपप्रासन, मुंडन, दीक्षा आदि संस्कार होंगे। शाम को दीपयज्ञ में हज़ारों दीपकों से वेदवती मैदान जगमगाएगा।



अवधपुरी के वेदवती मैदान में चल रहा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

## धूमधाम से मनाया मां विंध्येश्वरी मंदिर का चौथा स्थापना दिवस महोत्सव

अयोध्या बायपास के अपूर्वा एन्क्लेव कॉलोनी में स्थित मां विंध्येश्वरी मंदिर का चौथा स्थापना दिवस महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रहवासियों ने मां विंध्येश्वरी, महादेव जी और हनुमान जी का संपूर्ण विधि-विधान से अभिषेक किया और सुंदरकांड का आयोजन भी किया गया। इसके पश्चात महाआरती की गई। रात्रि में प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपूर्वा मंदिर समिति द्वारा क्षेत्रीय पार्षद शिरोमणि शर्मा का अभिनंदन किया गया और उनके द्वारा कॉलोनी के विकास के लिए किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। स्थापना दिवस समारोह में पुजारी कमलेश जोशी, अध्यक्ष कमल चावड़ा, सचिव रश्मि खरे, राम असाटी, दिनेश असाटी, लक्ष्मण कंसाना, नीलिमा कंसाना सहित रहवासियों ने सक्रिय योगदान दिया।

## *रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर सुंदरकांड की संगीतमय संध्या में पं. याज्ञिक बहाएंगे भक्ति रस की गंगा*

श्री बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट के तत्वावधान में 27 अप्रैल रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर आयोजित श्री राम भक्ति के संगीतमय अनुष्ठान में विश्व विख्यात गायक मानस मयंक पंडित अजय याज्ञिक 17वें वर्ष में रामचरितमानस के पांचवें सोपान सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति के साथ भक्ति रस की गंगा बहाएंगे। इस वर्ष का विषय होगा हनुमान सम नहिं बड़भागी, नहीं कोई रामचरन अनुरागी। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं सचिव प्रमोद नेमा ने बताया कि सुंदरकांड की दिव्य प्रस्तुति की तैयारी को लेकर शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान तय किया गया कि सुंदरकांड में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही सुंदरकांड की टीका पुस्तिका का वितरण होगा। इस मौके पर ट्रस्ट के गोविंद बंसल, अंकित शर्मा (गुट्टू भैया) प्रभात सोनी केशव फुलवानी, निहाल साहू सोनू आदि लोग मौजूद थे।

### भगवान श्री राम की आरती के दौरान होगी पुष्प वर्षा



*बैठक व्यवस्था पहले आएं पहले पाएं के आधार पर रहेगी। सुंदरकांड के समापन पर रसिक श्रोताओं द्वारा भगवान श्री राम की आरती के साथ पुष्प वर्षा से फूल होली का नजारा जीवंत होगा। श्री नेमा ने बताया कि पंडित अजय याज्ञिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त कलाकार हैं वे दुनिया के लगभग 50 देशों में सुंदरकांड की प्रस्तुति दे चुके हैं। भक्ति, कर्म, ज्ञान, बल, बुद्धि, विवेक, निष्ठा, सेवा, समर्पण तथा त्याग के संगम मूल स्वरूप श्री हनुमान जी के चरणारविंद में श्री याज्ञिक के समर्पण एवं आस्था का भाव उनके द्वारा प्रस्तुत श्री सुंदरकांड के सुमधुर गायन में स्पष्टतः प्रकट होता है ।*

## खबर संक्षेप

### राजधानी में 15 मई को धूमधाम से मनाई जाएगी केवट जयंती

**भोपाल।** निषाद वंशीय माझी, कीर, कहार, केवट, ढीमर, भोई, मल्लाह, मझवार कल्याण समिति (रजि.) की ओर से 15 मई को राजधानी भोपाल में केवट जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस आयोजन को लेकर समाज की ओर से तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि इस आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को समाज की बैठक पिपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर शाहजहांनी पार्क में रखी गई। प्रदेश महामंत्री मुकेश केवट ने बताया कि बैठक में प्रदेश के समस्त जिलों से पदाधिकारी शामिल होंगे।

### आईसेक्ट में दो दिवसीय चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव कल से

**भोपाल।** आईसेक्ट द्वारा चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव का विषयः विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका है। यह सम्मेलन 21 और 22 अप्रैल को कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, भोपाल में किया जाएगा। साथ ही आईसेक्ट द्वारा 25 अप्रैल से 25 मई तक भारत के 19 राज्यों में राज्य सम्मेलनों का आयोजन किया जाना है। यह वार्षिक सम्मेलन विकसित भारत के निर्माण के हमारे साझा मिशन में एक साथ आने, सीखने और सहयोग करने का एक अनूठा मंच है। आईसेक्ट भोपाल मध्य प्रदेश में इस राष्ट्रीय-सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

### तिरुनेलवेली हजरत निजामुद्दीन के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे ने ग्रीष्मकालीन यात्रियों की सुविधा के लिए तिरुनेलवेली से हजरत निजामुद्दीन तक एक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 06161 तिरुनेलवेली से 21 अप्रैल 2025 को रात 10:15 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन तीसरे दिन इटारसी सुबह 11:10 बजे, भोपाल दोपहर 1:10 बजे और बीना दोपहर 3:30 बजे पहुंचेगी। चौथे दिन सुबह 2 बजे यह हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंच जाएगी। यह ट्रेन दक्षिण से उत्तर भारत तक कुल 29 स्टेशनों पर रुकेगी। प्रमुख स्टेशनों में मदुरै, तिरुचिरापल्ली, चेन्नई एगमोर, विजयवाड़ा, नागपुर, झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट और मथुरा शामिल हैं।

### मुख्य डाकघर भिंड में पासपोर्ट सेवा केंद्र का किया शुभारंभग

**भोपाल।** विदेश मंत्रालय और डाक विभाग के संयुक्त प्रयास से भिंड शहर में शनिवार को डाक घर पासपोर्ट सेवा केंद्र की शुरुआत हुई। इससे भिंड और दतिया जिलों के साथ आसपास के जिलों के लोगों को पासपोर्ट से जुड़ी सेवाएं मिलेंगी। यह सेवा केंद्र भिंड बजरिया मोहल्ला स्थित मुख्य डाकघर में खोला गया है। यहां पर शुरुआत में हर दिन 40 पासपोर्ट आवेदन प्रोसेस किए जाएंगे। अब भिंड और दतिया लोकसभा क्षेत्र के लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए ग्वालियर या भोपाल नहीं जाना पड़ेगा। इस केंद्र का शुभारंभ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने किया।

## सात सूत्रीय मांग पत्र तैयार, केंद्र सरकार को सौंपेंगे

# एलपीजी का कमीशन बढ़ाने जुटे देशभर के एलपीजी वितरक, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

घरेलू और व्यवसायिक सिलेंडर बेचने वाले एलपीजी एजेंसी संचालकों ने शनिवार को समन्वय भवन में राष्ट्रीय स्तर के अधिवेशन का आयोजन किया, जिसमें सात सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया गया है, जिसे केंद्र सरकार को सौंपा जाएगा। मांगे नहीं मानने पर वितरकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए वितरकों ने एजेंसी से जुड़े मुद्दों पर मंथन किया और एक सात सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया, जिसे केंद्र सरकार को सौंपा जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केके धौरतिया ने कहा कि हम सरकार से भीख नहीं, अपने अधिकार मांग रहे हैं। पहले निवेदन करेंगे, फिर आंदोलन होगा।

एलपजी वितरक लंबे समय से आर्थिक और व्यवसायिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। अधिवेशन के दौरान संगठन द्वारा वितरकों की समस्याओं पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इसमें मौजूदा प्रणाली में वितरकों को होने वाली दिक्कतों, लागत और जिम्मेदारियों का विस्तार से उल्लेख किया गया है।

*आर्थिक और व्यवसायिक समस्याओं से जूझ रहे एलपजी वितरक की मांगों पर नहीं दे रहे ध्यान*

*अधिवेशन के दौरान संगठन द्वारा वितरकों की समस्याओं पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया*




### वितरकों को मिलने वाला कमीशन कम

वर्तमान में वितरकों को मिलने वाला कमीशन कम है, जबकि डीजल, वेतन, और वितरण लागत में कोविड काल के बाद से भारी बढ़ोतरी हुई है। वितरकों ने मांग की कि प्रति सिलेंडर कमीशन को कम से कम 150 रुपए किया जाए।

### यह रखीं मांगें

उन्होंने कमीशन दर में वृद्धि, तेल कंपनियों से अनुबंधों की समीक्षा, मार्केट डिस्ट्रीब्यूशन गाइडलाइन को समाप्त करना, सिलेंडर लीकेज की जिम्मेदारी से वितरकों को मुक्त करना, अतिरिक्त स्टॉक की बाध्यता समाप्त करना, उज्ज्वला योजना में पेनल्टी से राहत और सेल्स अधिकारियों के दबाव से राहत देने की मांग रखी।

## भोपाल के मसीही समाज ने शांति सद्भावना रैली निकाली

धर्मगुरुओं ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार को मसीही समाज द्वारा शांति सद्भावना रैली निकाली। इस मौके पर धर्मगुरुओं ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिया।

भारत माता चौराहे से आंबेडकर ग्राउंड तक आयोजित इस रैली में विभिन्न चर्चों के प्रतिनिधियों और मसीही समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही भोपाल शहर, प्रदेश, देश की खुशहाली व विश्व शांति के लिए प्रार्थना करते हुए आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर आर्चबिशप दुरईराज का सन्देश , पास्टर अभिषेक पगारे , आर्चडिकन अनिल मार्टिन, फादर ईश्वरदास मिंज, पास्टर एनोश और बिशप सी पी सिंह जैसे गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।




## *श्री नारायण मिशन का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू, 23 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री नारायण मिशन मां शारदा के दूसरा वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गोविंदपुरा स्थित श्री नारायण गुरु मंदिर परिसर में स्थित शारदा मंदिर में शनिवार से शुरू हो गया। तीन दिवसीय यह आयोजन 23 अप्रैल तक चलेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति और गुरु पूजा के साथ हुआ। सुबह शारदा पुष्पांजलि और झंडा उठाने के आयोजन हुए। तो शाम को नाट्य, संगीत और गीत आदि कार्यक्रम का आयोजन 23 अप्रैल तक किए जाएंगे। इस दौरान प्रतिष्ठा महोत्सव (पंचलोह प्रतिष्ठा) का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान गणपति होमम, गुरु पूजा, शारदा पुष्पांजलि, कलश पूजा, और देवी पूजा जैसे पवित्र अनुष्ठान राजेश तांत्रिकाल और संतोष शांतिकाल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे है।



## केवी-2 में आयोजित विद्या प्रवेश उत्सव, बच्चों का किया स्वागत

सकारात्मक सोच के साथ हर परिस्थिति में आगे बढ़ने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में नव प्रवेशित कक्षा बालवाटिका-3 एवं कक्षा पहली के बच्चों का विद्या प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर तथा स्वागत के विभिन्न तरीकों के माध्यम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, विभिन्न नृत्य प्रस्तुति देकर सन्देश दिया कि हमें हर परिस्थिति में सकारात्मक सोच रखकर आगे बढ़ना चाहिए। प्राथमिक विभाग की प्रधानाध्यापिका सुषमा गुप्ता ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, नवीन शिक्षण प्रणाली की पद्धतियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका से अवगत कराया। प्राचार्य पवन कुमार बेदुये ने बच्चों के अभिभावकों एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमों से अवगत कराया तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में केंद्रीय विद्यालय संगठन की पाठ्यचर्या की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। प्राचार्य ने बच्चों को उपहार स्वरूप कलर सेट, विद्या प्रवेश पुस्तिका, फ्रूटी और चॉकलेट आदि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।





## *'सर्ज लाइव 3.0' आज, मुंबई में होगा डेमोंस्ट्रेशन, राजधानी के सर्जन देखेंगे लाइव*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाली सर्जरीकल सोसाइटी द्वारा रविवार को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में 'सर्ज लाइव 3.0' कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। सर्जन्स कॉन्फ्रेंस में हार्निया सर्जरी, गालब्लेडर सर्जरी का लाइव डिमांसट्रेशन होगा। भोपाल सर्जरीकल सोसाइटी के मीडिया प्रभारी डॉ. आईके चुघ ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में लाइव डेमोंस्ट्रेशन का प्रसारण मुंबई स्थित जैन हॉस्पिटल से डॉ. राय पाटनकर द्वारा किया जाएगा। राजधानी के सर्जन्स इस लाइव डिमांसट्रेशन को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में देखेंगे।

डॉ चुघ ने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस मिनीमली इनवेसिव सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, अनुभवों और अनुसंधानों पर केंद्रित रहेगी। आयोजक के अध्यक्ष डॉ. रॉय पाटणकर हैं, जबकि भोपाल समन्वयक की जिम्मेदारी डॉ. राजीव शारदा निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'सर्ज लाइव 3.0' को देश के करीब चार हजार और भोपाल के 60 से अधिक सर्जनस डेमोंस्ट्रेशन देखेंगे। डॉ. राजीव शारदा ने बताया कि रविवार सुबह नौ बजे से शुरू होने वाले इस कॉन्फ्रेंस में देश के शीर्ष सर्जन लाइव सर्जरी, पैनल चर्चाएं और तकनीकी सत्र प्रस्तुत करेंगे। हर्निया सर्जरी, गाल ब्लैडर की बीमारियां और लेप्रोस्कोपिक कॉम्प्लीकेशन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। डॉ. एमके सक्सेना, डॉ. एसके निगम, डॉ. बीएम लोया, डॉ. शेखर श्रीवास्तव, डॉ. कृष्णानंद, डॉ योगीराज शर्मा आदि शामिल रहेंगे।

### कब्जेदारों पर सख्ती के लिए कराई जाएगी एफआईआर

## ननि अमले ने सड़क और फुटपाथ से हटाए 30 से ज्यादा अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह सड़क, फुटपाथ सहित जहां खाली जगह मिलती है वहां पर कब्जा कर कारोबार शुरू कर देते हैं। ऐसे ही अतिक्रमणकारियों की लोगों ने सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों से शिकायत दर्ज कराई, जिस पर नगर निगम के अधिकारियों को पता चली तो उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम के अमले ने शनिवार को गोविंदपुरा सहित 30 से अधिक क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की और सामान जब्त किया है। साथ ही कब्जाधारियों को समझाइश दी कि वह दोबारा से अतिक्रमण न करें नहीं तो अब उन पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

नगर निगम के अमले ने शनिवार को कटारा हिल्स गौरीशंकर परिसर, जिंसी चौराहा, ज्योति टाकीज, गोविंदपुरा, न्यू मार्केट टीटीनगर, नेहरू नगर, कोटरा, इकबाल मैदान, पीरगेट, मिलेट्री गेट शाहजहांनाबाद, भानपुर, बरखेड़ा पठानी, इंद्रपुरी डीमार्ट, रत्नागिरी से पटेल नगर तक, प्रभात चौराहा मंडी, आईएसबीटी, करोंद चौराहा, एमपी नगर, बोर्ड आफिस, कोलार डीमार्ट, 11 मील ब्रिज, अमलतास, लिंक रोड नंबर एक, दो और तीन सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व सार्वजनिक स्थलों पर कार्रवाई की। यहां पर अवैध रूप से बने छप्पर, दुकानें, चबूतरें, ठेले, गुमठी, गन्ने की चरखी, आईस्क्रीम, प्याज की गाड़ी व अन्य प्रकार की सामग्री का विक्रय करने वालों के अतिक्रमणों को हटाया।



## *अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के फेलो में एम्स के डॉ. भूषण का हुआ चयन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भूषण शाह को अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के फेलो के लिए चुना गया है। यह सम्मान हृदय रोग विज्ञान के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और विशेषज्ञता के लिए दिया गया है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी द्वारा डॉ. भूषण शाह को नव निर्वाचित फेलो के रूप में 28 से 30 मार्च 2026 को न्यू ऑरलियन्स, एलए में आयोजित वार्षिक वैज्ञानिक सत्र के प्रतिष्ठित दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा।



एफएसीसी (फेलो ऑफ अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी) की उपाधि को कार्डियोलॉजी करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है, जिसे हासिल करके डॉ. भूषण शाह ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. शाह इस उपलब्धि पर एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि डॉ. भूषण शाह की इस असाधारण उपलब्धि पर हमें गर्व है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के फेलो के रूप में उनका चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि एम्स भोपाल में हृदय रोग विभाग की उत्कृष्टता का भी संकेत है।

### अखित भारतीय ब्राह्मण समाज ने सार्वजनिक शौचालयों में लगाई अनुराग की फोटो

# फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की ब्राह्मणों को लेकर विवादित टिप्पणी पर समाज आक्रोशित

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्राह्मण समाज को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्राह्मण समाज को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से पूरे देश में ब्राह्मण समाज के बीच आक्रोश फैल गया है। उन्होंने कथित तौर पर पोस्ट किया, ब्राह्मणों पर मूत्र विसर्जन करूंगा, क्या कर लेंगे ब्राह्मण? इस टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से तीव्र विरोध जताया है। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि ब्राह्मण समाज पर की गई अपमानजनक टिप्पणी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शुक्रवार दोपहर मनोहर डेयरी के पास स्थित मूत्रालय में अनुराग कश्यप की तस्वीर लगाकर ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने विरोध स्वरूप उस पर प्रतीकात्मक मूत्र विसर्जन किया। प्रदेशभर में अलग-अलग स्थानों पर सार्वजनिक शौचालयों में अनुराग कश्यप की तस्वीरें लगाई जा रही हैं । साथ ही सभी ब्राह्मण बंधुओं से वहां पहुंचकर विरोध दर्ज करा रहे हैं।

### खास बातें

- समाज के पदाधिकारियों ने कहा-यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा
- मप्र में नहीं चलने देंगे अनुराग की फिल्म



### अनुराग कश्यप के भोपाल आने पर मुंह काला कर मूत्र विसर्जन करेंगे

*ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर कक्का ने कहा कि ब्राह्मण समाज अनुराग कश्यप के बयान की घोर निंदा करता है। कश्यप भोपाल आएंगे तो हम इनका मुँह काला करेंगे। साथ ही मुंह पर समाज के लोग मूत्र विसर्जन करेंगे। ब्राह्मण समाज प्रदेश में अनुराग के खिलाफ प्रदर्शन करेगा। साथ ही उसकी कोई भी फिल्म नहीं चलने दी जाएगी। इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।*

### फिल्म को प्रमोट करने के लिए निंदनीय बयान



*प्रगतिशील ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने कहा कि अनुराग कश्यप ने अपनी फिल्म फूले को हिट कराने के लिए ब्राह्मणों पर गलत टिप्पणी की है। यह बात बहुत ही निंदनीय है उसे याद रखना होगा कि ब्राह्मण के एक हाथ मे शास्त्र है तो एक हाथ में शस्त्र भी है। परशुराम के वंशज इसका जवाब देंगे। पूरे देश और प्रदेश में उसकी फिल्म नहीं चलने दी जाएगी।*

### एफआईआर की मांग और संभावित चक्काजाम

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र मिश्र का कहना है कि वे भोपाल पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर अनुराग कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करेंगे। उनका कहना है कि यदि इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा और जगह-जगह चक्काजाम किया जाएगा।



5 सड़क किनारे खड़े डंपर में घुसा ट्रक, क्लीनर की...



10 चार लफ़्ज़ों में कहें क्यूं कर फ़साना राम का, चांद...





**हरिभूमि से सफल प्रतियोगियों ने साझा किए अपने सफलता से जुड़े अनुभव**

### जेईई मेंस में रोहित वेदी बने सिटी टॉपर, वहीं मोहम्मद हमजा ने सिटी में पाया दूसरा स्थान

# मैथ्स रहा लेंदी सब्जेक्ट, लेकिन प्रॉब्लम सॉल्विंग पर हमेशा दिया ध्यान

*हरिभूमि न्यूजः भोपाल। शनिवार को जेईई मेंस का रिजल्ट घोषित हुआ। जेईई मेन परीक्षा में 300 में 300 अंक हासिल राजस्थान के कोटा से कोचिंग कर रहे ओमप्रकाश बेहरा ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। वहीं, एआईआर 351 और पर्सेंटाइल 99.98 लाकर भोपाल के रोहित वेदी सिटी टॉपर बने और दूसरे स्थान पर मोहम्मद हमजा रहे, जिनकी एआईआर 1579 रही और पर्सेंटाइल 99.90 रहा।*

#### समय पर रिवीजन जरूरी, नहीं तो पिछला पढ़ा सब भूल जाते हैं

नाम- रोहित वेदी
पर्सेंटाइल- 99.98
सिटी रैंक - 351



वही, भोपाल में नंबर वन रैंक लाने वाले रोहित वेद कहते हैं कि मैं 11वीं क्लास से ही जेईई मेंस की तैयारी कर रहा हूं और 8-9 घंटे मैंने सेल्फ स्टडी की है। उन्होंने कहा कि मेरी मां एक हाउसवाइफ हैं और पापा प्राइवेट कॉलेज में काम करते हैं, बड़ी बहन आईटी इंडस्ट्री में हैं। रोहित कहते हैं कि मैथ्स मेरे लिए काफी लेंदी सब्जेक्ट रहा तो इसके लिए मैंने प्राब्लम साल्विंग पर ध्यान दिया। वहीं क्लास को रेगुलरली अटेंड करता था और रिवीजन टेस्ट सीरीज को भी मैंने काफी अच्छे से किया है क्योंकि मुझे पता है कि आप पढ़ लेते हैं, लेकिन उसके बाद रिवीजन नहीं करते तो पिछला सब भूल जाते हैं।

#### एग्जाम से पहले हुआ डिहाइड्रेशन लेकिन पूरा फोकस रहा पढ़ाई पर

नाम- मोहम्मद हमजा
पर्सेंटाइल - 99.90
सिटी रैंक - 1579



मोहम्मद हमजा ने कहा कि वैसे तो मैं देहरादून से हूं और वहीं से जेईई की तैयारी करता था, लेकिन उस पढ़ाई से खुश नहीं था, इसलिए भोपाल आकर स्टडी की। मुझे यहां लगा कि यहां अच्छे से तैयारी हो जाएगी। रोजाना मैंने 6 से 8 घंटे पढ़ाई की है और क्लासेस भी अटेंड करता रहा हूं। केमिस्ट्री में मुझे इंप्रूवमेंट की ज्यादा जरूरत लगी और इसके लिए 2022 में मेरा 12वीं हुआ और फिर एक साल का ड्रॉप लेकर प्रिपरेशन की। उन्होंने बताया कि अभी मेरे जेईई मेंस के एग्जाम के कुछ दिन पहले मुझे फूड प्वाइजनिंग हो गया था और डिहाइड्रेशन की समस्या से मैं काफी परेशान था। लेकिन हमेशा से मेरा फोकस पढ़ाई पर रहा। इसलिए मैं ईद मनाने घर भी नहीं गया।

#### मेरी सफलता में माता-पिता दोनों का बहुत बड़ा योगदान

नाम- अन्वी बंसल
परसेंटाइल- 99.84
सिटी रैंक - 2565



वहीं, गर्ल्स में सिटी टॉपर संकल्प पब्लिक स्कूल की छात्रा अन्वी बंसल कहती हैं कि मैंने जेईई के लिए 11वीं क्लास से ही पढ़ाई शुरु की और रोजाना 4 से 5 घंटे पढ़ाई की है। इसके अलावा कोचिंग में अलग ऑवर्स होते थे। मेरे पापा इंजीनियर हैं और मेरी इस सफलता में माता-पिता दोनों का बहुत बड़ा योगदान है। वहीं मैथ्स को लेकर उन्होंने कहा कि मैं मैथ्स के क्वेश्चन हमेशा सॉल्व करती रहती थी, डाउट पूछती रहती थी।

#### फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल लाई, लेकिन केमिस्ट्री का आर्गेनिक पार्ट लगा मुश्किल

नाम- अंशिका धाकड़
पर्सेंटाइल- 98.7
सिटी रैंक - 20016



फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल लाने वाली अंशिका धाकड़ कहती हैं कि मेरे पापा सीआरपीएफ से रिटायर हैं और मेरा भाई भी आईआईटी बनारस में पढ़ाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्लासेस को मिलाकर मैंने रोजाना 12 से 13 घंटे पढ़ाई की। साथ ही सेल्फ स्टडी के लिए मैंने मॉक टेस्ट भी ज्यादा फोकस किया है और फिर हमारा 3 से 4 घंटा मॉक टेस्ट को एनालिसिस करने में जाता था इसके अलावा रिवीजन करने में। उन्होंने कहा कि मुझे केमिस्ट्री के ऑर्गेनिक पार्ट काफी मुश्किल लगा और इसके लिए मैंने ज्यादा ध्यान दिया।

### कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने धारा-163 के तहत जारी किए हैं प्रतिबंधात्मक आदेश

# पराली जलाने पर भोपाल में हुई पहली एफआईआर, चार पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गेहूं की डंठल को खत्म करने के लिए लगाई जाने वाली आग को लेकर अब जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिसके तहत शनिवार को कोलार क्षेत्र के अमरावद कलां में नंदकिशोर रायजादा के खेत में आग लगने पर राजस्व अमला मौके पर पहुंच गया। पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर एसडीएम कोलार रविशंकर राय ने कोलार थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके साथ चार अन्य किसानों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पराली जलाने को लेकर धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। बावजूद इसके किसान खेतों में पराली जला रहे हैं, जिससे आगजनी का खतरा होने के साथ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। दो दिन पहले भी कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खेतों के पंचनामे बनाकर एफआईआर और जुर्माना लगाने की हिदायत दी थी, जिसके बाद शनिवार को कोलार एसडीएम ने पहली एफआईआर कराई है।

■ कोलार क्षेत्र के अमरावद कलां में की कार्रवाई



#### निगम ने तीन किसानों से वसूला जुर्माना

*नगर निगम सीमा के तहत लहारपुर और अमरावत खुर्द में पराली जलाने के तीन मामले पकड़े, जिसके तहत 7 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूल किया। निगम के जोन 14 के अमले ने शनिवार को वार्ड 56 के अमरावत खुर्द और लहारपुर में पराली जलाने वाले अमरावत खुर्द के किसान जगन्नाथ पाल व नर्बदा प्रसाद और लहारपुर के सज्जन सिंह से 2500-2500 रुपए की राशि का जुर्माना वसूल किया।*

#### गांव पहुंचकर एसडीएम ने दी समझाइश

शनिवार को बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा ने गांवों में पहुंचकर किसानों को पराली नहीं जलाने की समझाइश दी। इसके पहले उन्होंने गूगल मीट से तहसील और जनपद पंचायत के कर्मचारियों को अपने-अपने ग्रामों में बैठक आयोजित करके जागरूक करने की बात कही।

**ढाई हजार से पंद्रह हजार तक जुर्माना**

*पराली या नरवाई जलाए जाने पर 2 एकड़ से कम वाले किसान पर ढाई हजार रुपए, 2 एकड़ से 5 एकड़ के बीच भूमि धारण करने वाले कृषक पर 5 हजार और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसान पर 15 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।*

*टीम ने एक दिन में देखीं 20 लोकेशन*

#### गार्बेज फ्री सिटी की हकीकत जानने पांच जोन में उतरी टीम

**आम लोगों से लिया कचरा उठाने का फीडबैक**

**भोपाल।** शहर की स्वच्छता को परखने के लिए दिल्ली से आईं टीमें शनिवार को पांच जोनों में उतरी और निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से सुझाव लिए और पूछा कि कचरा उठाने वाहन नियमित रूप से आते हैं या नहीं। कोलार के वार्ड 80 सहित जोन 11 के वार्ड 70 और जोन 19, छह के वार्डों में टीमों ने सर्वे किया। जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) टीम का फोकस अभी आमजन के सुझाव पर ही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए जीएफसी की टीमों ने सर्वे की शुरूआत भोपाल के बाहरी क्षेत्र से की है। यूएलबी (अर्बन लोकल बाडी) की साइट खुलते ही टीमें आनलाईन लोकेशनों पर पहुंच रही हैं। गौरतलब है कि इस बार भी नगर निगम भोपाल ने देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का दावा किया है। इन्हीं दावों को दिल्ली की टीमें परख रही हैं। शनिवार को टीमों ने 20 लोकेशन देखी। यूएलबी की साइट खुल चुकी है। इस साइट पर नगर निगम ने जो डाक्यमेंट्स भेजे हैं उन्हीं को टीमें परख रही हैं। यह टीमें अलग-अलग समूह बनाकर दावों की हकीकत देख रही हैं। शनिवार को जोन 18 के वार्ड 80 सहित जोन 11 के वार्ड 70, जोन छह और 19 के वार्डों में पहुंचीं।

### जर्मनी, स्वीडन की तर्ज पर होगा ट्रांसपोर्ट सिस्टम

# अब सीवेज के पानी से धुलेंगे वाहन, एसटीपी से होगा साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में खुले में बहने वाले सीवेज के नालों को कवर किया जाएगा, जिससे आम लोगों को बदबू के साथ गंदगी से राहत मिलेगी। इन सीवेज के आसपास सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाए जाने हैं, जिससे इनके पानी को साफ कर वॉशिंग सेंटरों पर सप्लाई किया जाएगा। ऐसे में वाहनों को सीवेज के साफ पानी से धोया जाएगा। इस पानी को साफ-सफाई, पौधों और फसलों की सिंचाई जैसे कामों में उपयोग लिया जाएगा।

■ खुले में नहीं बहेगा शहर का सीवेज, नाले होंगे कवर

दरअसल, विकसित मध्य प्रदेश 2047 के तहत प्रदेश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। इसी के तहत भोपाल को देश के चुनिंदा शहरों के साथ यूनिक सिटी के रूप में डेवलप किया जाएगा। जहां शहर के अंदर बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने तेज , सुलभ और स्वच्छ आवागमन के लिए सपोर्टिव पब्लिक ट्रांसपोर्ट बनाया जाएगा। यह ट्रांसपोर्ट जर्मनी, नार्वे व स्वीडन सहित अन्य यूरोपीय देशों की तरह सौर ऊर्जा से निर्मित बिजली, कचरे से प्राप्त ईंधन और हाइड्रोजन ऊर्जा से चलेगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि शहर के विजन के लिए स्कूल आफ प्लॉनिंग 2047 का प्लान तैयार कर रहा है, जिसे जरूरी मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा।

#### आदमपुर में कचरे से बनेगी ग्रीन सीएनजी

आदमपुर छावनी में कचरे से ग्रीन सीएनजी बनाने का प्लांट तैयार किया जा रहा है। शहर की सेहत सुधारने के लिए कचरे की रिसाइकिलिंग कर उसका पूरी तरह से उपयोग किया जाएगा। प्लास्टिक उत्पादों की जगह अन्य जैविक उत्पादों के उपयोग पर जोर दिया जाएगा। लोगों के पैदल चलने, हॉकर्स कॉर्नर, सडकों की सुरक्षित डिजाइन जैसे मानकों पर भी विशेष काम किए जाने की प्लानिंग है। इस व्यवस्था के तहत यातायात बिना बाधित हुए चलता रहेगा।

**स्कूल ऑफ प्लॉनिंग ने तैयार किया प्रोजेक्ट**

*विजन 2047 के तहत भौंरी स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट में 20 दिसंबर को एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में भोपाल को यूनिक सिटी के रूप में डेवलप करने के लिए एसपीए को प्लानिंग तैयार करने के निर्देश दिए गए थे।*

### रेलवे आय बढ़ाने के लिए जारी की ब्रांडिंग पॉलिसी

# अब स्टेशन के नाम के आगे या पीछे प्रतिष्ठित फर्म या कंपनी भी जुड़वा सकेंगी अपना नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगर आप चाहें तो अपनी कंपनी, फर्म आदि का नाम भोपाल, इटारसी व बीना आदि रेलवे स्टेशनों के नाम के आगे जुड़वा सकते हैं। इसको लेकर रेलवे की ओर से को ब्रांडिंग पॉलिसी जारी की गई है। जिसके तहत जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। दरअसल, रेलवे बोर्ड अब रेल किराया के अतिरिक्त अपनी आय और किस तरह से बढ़ा सकता है। इसको लेकर नए-नए प्रयोग कर रहा है। इसी के तहत अब रेलवे ने को-ब्रांडिंग पॉलिसी जारी की है।

जिसमें सरकारी व गैर सरकारी कंपनियां स्टेशन के आगे या पीछे वह नाम जुडवा सकेंगी। बस इसके लिए संबंधित नामी कंपनी या संस्था को रेलवे को भुगतान करना होगा। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इस तरह का कांट्रैक्ट रेलवे संबंधित प्रतिष्ठित फर्म या कंपनी के साथ एक से तीन साल तक के लिए करेगा।

इस तरह का करार होने के बाद संबंधित कंपनी रेलवे स्टेशन के नाम के आगे व पीछे अपने ब्रांड का नाम जोड़ सकेगी। ऐसे नाम रेलवे स्टेशन के साइन बोर्ड पर लिखे जाएंगे। हालाकि इसका चार्ज संबंधित संस्था को स्क्वायर फीट के हिसाब से देना होगा। इसके लिए पमरे जोन के प्रमुख स्टेशनों के लिए के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।




#### महापुरुष या लोकप्रिय हस्ती के नाम वाले स्टेशन लागू नहीं होगी पॉलिसी

*रेलवे की पॉलिसी के अनुसार ऐसे स्टेशन जिनके नाम महापुरुषों या फिर किसी लोकप्रिय हस्ती के नाम पर रखे गए हैं। उन स्टेशनों की को-ब्रांडिंग नहीं की जाएगी। रेलवे ने इस तरह का निर्णय इसलिए लिया है, जिससे किसी भी तरह की विवाद नहीं खड़ा हो सके। भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत विश्व स्तरीय रानी कमलापति स्टेशन की को ब्रांडिंग नहीं की जा सकेगी। इसके साथ ही धार्मिक,शराब या तम्बाकू बेचने वाली कंपनी के नाम से भी को ब्रांडिंग नहीं होगी। इतना ही नहीं राजनीति से जुडे व्यक्ति विशेष भी नहीं कर सकेगे। इस सब को प्रतिबंधित किया गया है, जिससे रेलवे की सार्वजनिक छवि धूमिल नहीं हो सके।*

#### रेलवे अनाउंसमेंट में मूल नाम की ही होगी घोषणा

रेलवे प्रशासन के अनुसार गैर किराया राजस्व बढ़ोत्तरी के लिए को-ब्रांडिंग नीति के तहत स्टेशन के साथ कंपनी व ब्रांड का नाम जोड़ा जाएगा। लेकिन रेलवे टिकट, पोर्टल अनाउंसमेंट के साथ रूट मैपों में स्टेशन का वास्तविक नाम ही रहेगा। कंपनी की ब्रांडिंग केवल रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर ही होगी। जहां-जहां स्टेशन का नाम लिखा होगा, वहां रेलवे स्टेशन के नाम के आगे या पीछे कंपनी का नाम लिखवा सकेंगे।

### अर्चना परिसर अयोध्या नगर का मामला

# बुजुर्ग महिला को कुत्ते ने काटा मालिक पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित अर्चना परिसर में एक बुजुर्ग महिला को कुत्ते ने काट लिया। महिला और उसके परिजन ने कुत्ते के मालिक को कुत्ता संभालकर रखने का कहा तो वह भड़क गया और विवाद करने लगा। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने कुत्ते के मालिक पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 61 साल की सुधा भावसार अर्चना परिसर अयोध्या नगर में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े 8 बजे वह पूजा करने के लिए कॉलोनी के मंदिर गई थी। इस दौरान कैंपस की पार्किंग में आनंद गुप्ता के कुत्ते ने उनके हाथ पर काट लिया। कुत्ते ने उनका हाथ मुंह में दबोच लिया था। उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने कुत्ते से उन्हें छुड़ाया। बुजुर्ग के परिजन कुत्ते के मालिक संजय गुप्ता को कुत्ते को घर में बांधकर रखने की बात कही तो वह भड़क गए।

### रसूखदारों को फायदा पहुंचाने अफसरों की मिलीभगत

# चंदनपुरा में बसी 60 कॉलोनियां, रसूखदारों की जमीन बचाने हटाया 'घना जंगल' शब्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से लगे बाघ भ्रमण क्षेत्र चंदनपुरा में बसी 60 से अधिक रहवासी कॉलोनियों और रसूखदारों की जमीन को बचाने के लिए राजस्व विभाग के खसरे से घने जंगल के शब्द को हटा दिया है। ऐसा करने से इसे सामान्य जंगल की श्रेणी में लाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे रसूखदारों को बताया जा सके। इधर, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि इस मामले को दिखवाया जा रहा है कि किस नियम के तहत ऐसा किया गया है। चंदनपुरा के खसरे वन राजस्व भूमि में 159.024 हेक्टेयर एरिया है, जिसको पहले घने जंगल के रूप में कहा जाता था, लेकिन अब इसमें से घना शब्द हटा दिया गया है। जिसको लेकर चंदनपुरा और उसके आसपास के जंगलों को बचाने के लिए एनजीटी में याचिका लगाई गई है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) विभाग को हर प्रोजेक्ट से पहले वन विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। इन क्षेत्रों में पहले ही 50 से 60 कालोनियां बस चुकी हैं।

#### मेंडोरा, चंदनपुरा वन संरक्षित क्षेत्र

*वन विभाग ने चंदनपुरा में 238.14 हेक्टेयर और मेंडोरा में 119.63 हेक्टेयर को संरक्षित वन घोषित किया है। अब चंदनपुरा की जमीन से घना जंगल शब्द को हटाने में प्रशासन और वन विभाग पर मिली भगत का आरोप लग रहा है क्योंकि यहां से जंगल को हटा दिया गया तो फिर रसूखदारों की जमीन बच जाएगी।*

### शासकीय होम्योपैथी औषधालय कबीटपुरा का मामला

**महिला को दो साल पुराने दर्द से मिली निजात**

# होम्योपैथी पद्धति के जरिए बिना सर्जरी किए हटाई दो किलो वजनी पस से भरी एवसेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय होम्योपैथी औषधालय कबीटपुरा में पदस्थ होम्योपैथी मेडिकल आफिसर डॉ अशोक पचोरी द्वारा बिना किसी सर्जरी की सहायता से होम्योपैथी औषधियों से तीन दिन में एक 32 वर्षीय महिला के पीठ से दो किलो ग्राम पस से भरी ऐवसेस सिस्ट को हटाने में सफलता हासिल की। 32 वर्षीय सवीना रशीद दो वर्षों से पीठ पर मौजूद पस से भरी दो किलो ग्राम की ऐवसेस के कारण दर्द से परेशान थी। एलोपैथी इलाज कराने के बाद भी महिला को को आराम नहीं मिला। परिजनों ने महिला को डॉ पचोरी को दिखाया। मवाद युक्त ऐवसेस सिस्ट का परीक्षण का डॉ पचोरी ने होम्योपैथी पद्धति से उपचार कर मात्र तीन दिवस में ही जड़ से खत्म कर दिया है। डॉ. पचोरी ने कहा कि होम्योपैथी के इस आश्चर्य जनक चिकित्सा से जन मानस में होम्योपैथी के इलाज के प्रति जागरूकता आ रही है।



पहले

#### प्राण योग हीलिंग मेडीटेशन भी करवाया



बाद में

*डॉ. अशोक पचोरी द्वारा बताया कि महिला एलोपैथिक इलाज से ठीक नहीं होने पर दर्द से दो साल से परेशान थी। दो किलो ग्राम मवाद से भरी ऐवसेस के कारण महिला को असहनीय दर्द, सूजन और बैचेनी की समस्या थी। मरीज की डब्लूबीसी काउंट 15 हजार, ईएसआर 40 और इनफलामेशन के चिन्ह दिखाई दे रहे थे। होम्योपैथी की मात्र तीन औषधि हिपर सलफ 30, मर्क साल 30, मेरेसटिका 30 और बैलाडोना 200 तीन दिवस तक दिया गया। वहीं होम्योपैथी औषधियों से मवाद को निकाल बाहर किया गया और उसको सुखा दिया गया। मरीज को निरोग करने में होम्योपैथी औषधि के साथ साथ प्राण योग हीलिंग मेडीटेशन भी करवाया गया। अब मरीज स्वस्थ रह कर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है।*

### 15 दिन से परेशान था युवक

# युवक के फेफड़े में फंसी 3 सेमी की पिन को निकाला

**भोपाल।** सागर मल्टीस्पेशिलटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक 25 वर्षीय युवक को नया जीवन दिया है। दरअसल, युवक के फेफड़े में तीन सेटीमीटर की पिन फंस गई थी। 15 दिन से युवक के फेफड़े में फंसी पिन के कारण उसकी जान को खतरा था। युवक को परिजनों ने कई अस्पतालों दिखाया। लेकिन कहीं सही उपचार नहीं मिला। हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजी सेवाओं के विशेषज्ञ डॉ. अंशुल जैन ने टीम के साथ ब्रोंकोस्कोप के उपयोग से फेफड़े में फंसी तीन सेमी पिन को निकालने में सफलता हासिल की।

#### नई शर्ट की पेकिंग मुंह से खोलने के दौरान अंदर चली गई थी पिन

डॉक्टरों की टीम को काउंसिलंग में पता चला कि 15 दिन पहले युवक ने नई शर्ट पेकिंग को खोलने के दौरान मुंह से पिन को निकाली थी। इस दौरान वह अंदर चली गई थी। सीटी स्कैन में पता लगा कि फेफडे में कोई वस्तु फंसी है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज गांधी सागर अभयारण्य में छोड़ेंगे 2 चीते

## मंदसौर में बनेगा चीतों का नया आशियाना

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रविवार 20 अप्रैल को मंदसौर जिले के गांधी सागर अभयारण्य में 2 चीतों को छोड़ेंगे। 'चीता प्रोजेक्ट' मध्यप्रदेश की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका उद्देश्य भारत में चीतों की संख्या बढ़ाना और उनकी प्रजाति को बचाना है। इस परियोजना के तहत मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क के साथ अब गांधी सागर अभयारण्य में चीतों का आशियाना बनाया जा रहा है।

यह अभयारण्य प्रदेश का दूसरा ऐसा स्थान होगा, जहां चीतों को बसाया जा रहा है। यह वन्य-जीव संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। साथ ही वन्य-जीव संरक्षण प्रेमियों और देशी-विदेशी पर्यटकों के लिये भी यह उत्साह का अवसर होगा।

### प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़ाने बोत्सवाना से 8 चीते लाने की योजना



प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़ाने के लक्ष्य के तहत दक्षिण अफ्रीका, केन्या और बोत्सवाना से चीते लाकर उन्हें मध्यप्रदेश के जंगलों में बसाया जा रहा है। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में वर्तमान में 26 चीते हैं। बोत्सवाना से 8 चीते लाने की योजना है। मई-2025 तक 4 चीते लाए जाएंगे। इसके बाद 4 चीते और लाए जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका और केन्या से भी चीते लाने की योजना प्रस्तावित है। अंतर्राज्यीय चीता संरक्षण परिसर की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। दोनों राज्य मिलकर अंतर्राज्यीय चीता संरक्षण परिसर बनाएंगे। चीता परियोजना पर 112 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं, जिसमें से 67 प्रतिशत राशि मध्यप्रदेश में चीता पुनर्वास पर व्यय हुई है।

### वर्ष 1984 में बनाया गया यह अभयारण्य

गांधी सागर पूर्वी मध्यप्रदेश में स्थित एक वन्य-जीव अभयारण्य है। यह अभयारण्य प्रदेश के मंदसौर और नीमच जिले में फैला हुआ है। इस अभयारण्य में सलाई, करधई, धौड़ा, तेंदू, पलाश जैसे पेड़ हैं। यह विश्व प्रसिद्ध चतुर्भुज नाला का हिस्सा है। रॉक सेंटर भी इसी अभयारण्य का हिस्सा है। इस अभयारण्य को वर्ष 1974 में अधिसूचित किया गया था और वर्ष 1984 में अभयारण्य बनाया गया। अभयारण्य में वन शैल चित्रकला स्थलों और चतुर्भुजनाथ मंदिर जैसे प्रसिद्ध मंदिरों के होने से इसका पुरातात्विक और धार्मिक महत्व है। अभयारण्य गांधी सागर के बैक वाटर के आसपास के क्षेत्र में फैला हुआ है, जो जंगली कुत्ते, चिंकारा, तेंदुआ, ऊदबिलाव, मगरमच्छ जैसे कुछ दुर्लभ प्रजातियों के लिए जाना जाता है। इसके अलावा यहां चित्तीदार हिरण, सांभर, ग्रे लंगूर जैसे जानवर भी पाये जाते हैं।

### डॉ. संजय ने की सीएम से भेंट



*भोपाल। 'सहकार से समृद्धि' विजन के अंतर्गत राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) एवं संबद्ध दुग्ध संघों के साथ महत्वपूर्ण सहकार्य अनुबंधों के निष्पादन के पश्चात एनडीडीबी द्वारा फेडरेशन का प्रबंधन दायित्व ग्रहण करने के बाद डॉ. संजय गोवानी ने मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की और एनडीडीबी की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने डॉ. गोवानी को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और राज्य में डेयरी विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सांची ब्रांड के माध्यम से दूध संकलन, प्रसंस्करण और विपणन को सशक्त बनाने की दिशा में की जा रही पहलों की समीक्षा की और इन प्रयासों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एनडीडीबी को सभी सहयोग देने का आश्वासन दिया।*

---

प्रदेश में होने वाले जनकल्याण कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों के लोकार्पण पर सीएम ने की चर्चा

# पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को पूरा करने करें प्रयास, 27 को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में 27 अप्रैल को आईटी कॉन्क्लेव में शामिल होंगे। इस अवसर पर म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 55 जिलों की जल संरचनाओं पर केंद्रित डिजिटल डाटाबेस प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश में निकट भविष्य में होने वाले जनकल्याण कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों के लोकार्पण के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरचनाओं में जल भराव की स्थिति के अनुसार दो भिन्न ऋतुओं (प्री एवं पोस्ट मानसून) की सैटेलाइट के माध्यम से डिजिटल मैपिंग करना संभव हुआ है। नदियों और प्राचीन जल संरचनाओं का वर्गीकरण भी आसान हुआ है। इससे जल संरचनाओं के नाम, उनकी जियो टैगिंग से कर लोकेशन सुनिश्चित करने का कार्य भी हो रहा है। निश्चित ही यह सराहनीय प्रयास है। इंदौर में 27 अप्रैल को कॉन्क्लेव के साथ राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के स्वप्न को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश में अनेक कार्य हो रहे हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्साहजनक वातावरण निर्मित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न स्पर्धाओं से जोड़ा जाए। उज्जैन स्थित साइंस सिटी, वैधशाला और प्लेनेटोरियम का भ्रमण करवाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए। बैठक में बताया गया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने प्रदेश के सात सौ से अधिक विद्यार्थियों को नई दिल्ली और चंडीगढ़ के प्रमुख संस्थानों के भ्रमण के लिए वंदे भारत ट्रेन से भेजने की व्यवस्था की है।

**खास बातें**

- मुरैना में आयोजित स्वास्थ्य शिविर आदर्श उदाहरण
- विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में जागरुकता बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न स्पर्धाओं से जोड़ा जाए



### भोपाल गौरव दिवस पर हो ड्रोन शो जैसे आयोजन

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भोपाल गौरव दिवस पर ड्रोन शो जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएं। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से जिलों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों के साथ दिव्यांगजन के हित में भी स्वास्थ्य परीक्षण और दिव्यांगजन के लिए उपयोगी उपकरणों के वितरण का कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में मुरैना में हुआ स्वास्थ्य शिविर एक आदर्श उदाहरण है, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों को लाभान्वित किया गया।

### आगामी तीन माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा

डॉ .यादव ने प्रदेश में आगामी तीन माह में हो रहे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर अधिकारियों से चर्चा की। सहकारिता और पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित गोपाल सम्मेलनों, डा. अम्बेडकर कामधेनु योजना, विद्यार्थियों को लेपटॉप और ई-स्कूटी प्रदाय करने, मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, पिछड़ी जनजाति वर्ग के सम्मेलनों, पेसा प्रतिनिधियों के सम्मेलन, प्रदेश में 70 बहुउद्देशीय केंद्रों के शुभारंभ, आवास योजना, श्रमिक कल्याण कार्यक्रम, मत्स्य कल्याण कार्यक्रमों में भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहभागिता करेंगे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिले पुरस्कृत होंगे

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चल रहे तीन माह के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण में नागरिकों की भागीदारी और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर अच्छे परिणाम सामने लाएं। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। डॉ. यादव शनिवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।*

---

भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक

# नए वक्फ संशोधन कानून को गांव-गांव तक पहुंचाएं मोर्चा कार्यकर्ताः विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नए वक्फ संशोधन कानून से आदिवासियों की संपत्तियां सुरक्षित हुई हैं। हमें अपने-अपने क्षेत्रों में इस कानून के प्रावधानों को जन-जन तक पहुंचाना है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके एवं मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने भी संबोधित किया।

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा कहा कि पहले वक्फ बोर्ड किसी की भी जमीन पर अपना दावा कर सकता था और यह साबित करना जमीन मालिक की जिम्मेदारी होती थी कि वह जमीन उसकी है। यदि वह ऐसा नहीं कर पाता था, तो जमीन पर वक्फ बोर्ड का कब्जा हो जाता था। अनेक आदिवासी भाईयों की जमीनों पर भी इसी तरह कब्जा किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लाकर इस पर रोक लगा दी है। इस बिल से संपत्ति पर अवैध कब्जे, वक्फ संपत्ति की बंदरबांट और दुरुपयोग पर रोक लगेगी। वक्फ की संपत्ति से होने वाली आय का उपयोग गरीब मुस्लिमों के कल्याण के लिए किया जा सकेगा।




### घबराहट उन्हीं लोगों को जो वक्फ की जमीन पर कब्जा करके बैठे हैंः हितानंद

*भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि वक्फ को कुछ तथाकथित लोगों ने घेर कर कब्जा कर रखा है इसलिए इसका लाभ गरीब मुसलमानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। मुस्लिम समाज के गरीब तबके को भी फायदा मिले इसलिए बिल को लाया गया है। वक्फ संशोधन बिल से सबसे ज्यादा घबराहट उन्हीं लोगों को हो रही है, जो वक्फ की जमीन पर कब्जा करके बैठे हैं। यही लोग जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।*

### आज से अजजा मोर्चा चलाएगा जनजागरण अभियानः गजेंद्र सिंह पटेल

*अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल के बारे में अजजा मोर्चा 20 अप्रैल से 05 मई तक जन जागरण अभियान चलाएगा। मध्यप्रदेश में आदिवासियों की 200 से अधिक संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा है। वक्फ संशोधन बिल में आदिवासियों की जमीनों की चिंता की गई है।*

### नया वक्फ कानून बोर्ड को मजबूर नहीं मजबूत बनाएगा : केंद्रीय मंत्री उइके

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि वक्फ बोर्ड का गठन ही गरीब, निर्धन, असहाय मुस्लिम समाज की मदद करने और उनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए किया गया था। कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं ने वक्फ बोर्ड को अपने हितों को साधने का जरिया बना लिया था, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वक्फ कानून की कमियों को दूर करने के लिए संशोधन किया है। अब नया वक्फ कानून वक्फ बोर्ड को मजबूर नहीं मजबूत बनाएगा।

---

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कल्याण ही भाजपा का मूल भाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शनिवार को बालाघाट में भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए जामवाल कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन का मूल भाव ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कल्याण करना है।

भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभानी है। देश के आजाद होने से पहले गुलामी के दौर में अंग्रेजों ने हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। अब परिस्थितियां अनुकूल हैं, उन अवस्थाओं को और अधिक ठीक करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेज गति वे विकास कर रहा है और आगे बढ़ रहा है। जनता के कल्याण के लिए भाजपा की सरकारें लगातार कार्य कर रही हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कल्याण ही भाजपा की सरकारों और संगठन का मूल भाव है। हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना होगा और सभी योजनाओं को पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने के लिए कार्य करना है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत तेज गति वे विकास कर रहा देश**

---

विहित-बजरंग दल ने किया आक्रोश प्रदर्शन

# बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार सहन नहीं किया जाएगा, लगे राष्ट्रपति शासन : पवार



*कोहेफिजा थाने के सामने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का जलाया पुतला*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा भोपाल के कोहेफिजा थाने के सामने आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर राष्ट्रपति शासन की मांग करते हुए भोपाल कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान विहिप मप्र-छग के क्षेत्रसंगठन मंत्री जितेंद्र पंवार ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से वक़्फ़ अधिनियम के बहाने से पश्चिम बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा और दंगों द्वारा हिंदुओं का उत्पीड़न बड़े स्तर पर चल रहा है। हजारों की संख्या में पीड़ति हिंदू परिवार अपने ही राज्य में निर्वासित होने पर विवश हुए हैं। राज्य सरकार की किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा निमित्त दृष्टिगत नहीं हुई है। स्पष्टतः इसके मूल में मुस्लिम तुष्टिकरण की दुर्भावना ही है। ऐसी पक्षपाती सरकार के रहते हिंदू परिवारों के जीवन, सम्मान और सम्पति की रक्षा संभव नहीं है। ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव है, विश्व हिंदू परिषद् की सुविचारित राय एवं मांग है। इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के कार्यक्रम में महंत अनिलनाद महाराज, प्रांत अध्यक्ष के एल शर्मा, प्रांत मंत्री राजेश जैन, कई सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत विभाग जिला प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# विस की कार्यवाही लाइव नहीं दिखाने को लेकर राज्य सरकार को नोटिस

भोपाल। मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने विधानसभा की कार्यवाही आम जनता को लाइव नहीं दिखाने को लेकर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार लगातार आवाज उठाते रहे हैं और विधानसभा की कार्यवाही लाइव करने को लेकर सदन से सड़क तक मुखर रहे हैं। दरअसल यह नोटिस कांग्रेस विधायक सचिन यादव की जनहित याचिका पर दिया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हर साल करोड़ों रुपए सिर्फ विधानसभा की कार्यवाही दिखाने को मिलते हैं, फिर भी सरकार आज तक एक ठोस कदम नहीं उठा पाई।




---

# चौधरी और पटवारी ने संगठन को पुनर्गठित करने का संकल्प दोहराया

**भोपाल।** प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर में हुए संगठन को पुनर्गठित करने एवं जमीनी कार्यकतार्ओं को निर्णायक भूमिका में लाने का संकल्प दोहराया। इस सम्मेलन में जिलेभर से हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान पटवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब वह समय आ गया है कि कांग्रेस को फिर से उसी ऊंचाई पर ले जाने के लिए जमीनी कार्यकतार्ओं को निर्णायक भूमिका में लाना होगा। बूथ, वार्ड और पंचायत स्तर पर जो साथी दिन-रात पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, वही हमारे असली नायक हैं। हमें सत्ता नहीं, समाज बदलने की लड़ाई लड़नी है। प्रदेश प्रभारी ने हरीश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस अब जनसंघर्ष और जनसंवाद के नए मॉडल पर काम कर रही है। प्रत्येक कार्यकर्ता को यह विश्वास दिलाया गया कि आने वाले चुनावों में टिकट से लेकर नीति निर्धारण तक, प्राथमिकता जमीनी कार्यकतार्ओं को दी जाएगी।

---

रायसेन जिले के प्रतापगढ़ में हुआ संविधान गौरव सम्मान का आयोजन

# नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है हमारा संविधान : राज्यपाल पटेल

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अम्बेडकर और संविधान सभा के सभी महानुभावों का पुण्य स्मरण और नमन करते हुए कहा कि उनकी अद्भुत दूरदृष्टि तथा प्रयासों ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जो सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है। इसके लिए हम सब उनके प्रति कृतज्ञ हैं।

राज्यपाल पटेल शनिवार को रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ में संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो और स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आदिवासी, गरीब, अति पिछड़े वर्ग के उत्थान और उन्नति के लिए काम करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया गया।



**हितग्राही के आवास पर किया भोजन**

सिलवानी जनपद के प्रतापगढ़ में आयोजित संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल मंगुभाई पटेल, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो और स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही अवधेश बारीवा के घर पहुंचे। उनके घर पर उनके साथ भोजन किया।

### आदिवासी, पिछड़ों, गरीबों के विकास में मदद करें

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि आदिवासी और अति पिछड़े समाज का उत्थान करने, उन्हें आगे लाने के लिए सभी को पूरी निष्ठा और लगन से प्रयास करना होगा। दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देकर विकास में मदद करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है, जिसमें भारिया, सहरिया, बैगा वर्ग शामिल हैं। जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य, पक्के आवास सहित अन्य सुविधाएं भी तेजी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। मोदी ने गरीब महिलाओं की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शुरू कर निःशुल्क गैस चूल्हा कनेक्शन प्रदान किए हैं।*



भेल क्षेत्र के कॅरियर कॉलेज, मस्जिद के पास और आईएसबीटी पर बाइक सवारों ने की झपटमारी

# राजधानी में बाइक सवार लुटेरे सक्रियः 300 मीटर के दायरे में हुईं दो लूट
# एक दिन पहले भी आईएसबीटी पर युवक के हाथ से झपटा था मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार लुटेरे सक्रिय हैं। लुटेरों ने शुक्रवार शाम एक घंटे के भीतर लूट की दो वारदात को अंजाम दिया। पहली वारदात कॅरियर कॉलेज दूसरी मस्जिद के पास तीन सौ मीटर के दायरे में की। एक दिन पूर्व बदमाशों ने आईएसबीटी पर झपटमारी की। पुलिस ने तीनों लूट की वारदात दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### आईएसबीटी पर लूट

पुलिस ने बताया कि एस-403, ईडन गार्डन मिसरोद निवासी जमालुद्दीन हुंडई कंपनी में नौकरी करते हैं। गुरुवार रात इंदौर से भोपाल लौटे। आईएसबीटी पर उतरने के बाद घर जाने के लिए कैब बुक कर रहे थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन बदमाश पहुंचे। एक बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही आरोपी कमलापति रेलवे स्टेशन की तरफ भाग निकले। झपटमारी की वारदात के बाद वे डर गए थे और शिकायत नहीं की। घर पहुंचने के बाद वे दो दिन बाद शनिवार को पुलिस थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र भी किया सक्रिय**



### कॅरियर कॉलेज के पास स्वास्थ्यकर्मी का मोबाइल झपटा

आईएसबीटी पर वारदात के बाद बदमाशों ने कॅरियर कॉलेज के पास बाइक सवार बदमाशों ने लोकेश जोगी (41) राजीव नगर कॉलोनी, अयोध्या नगर के साथ की। लोकेश स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करते हैं। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह एमपी नगर से अपने घर लौट रहे थे। गोविंदपुरा थाने से कुछ दूरी पर कॅरियर कॉलेज के पास उनके मोबाइल पर कॉल आया और वह साइड में बाइक खड़ी कर बातचीत करने लगे। इसी बीच बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनके हाथ से मेबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 16 हजार रुपए है। घटना की शिकायत उन्होंने गोविंदपुरा पुलिस थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया।

### बारहवीं के छात्र से मोबाइल झपटा

लोकेश जोगी से मोबाइल झपटने के एक घंटे पूर्व बाइक सवार बदमाशों ने देवराज मेसर से मोबाइल झपटा था। पुलिस ने बताया कि देवराज मेसोर पिता सोनू मेसोर (19) पुराना नगर, गोविंदपुरा में रहता है और बारहवीं कक्षा में पढ़ता है। शाम करीब 6 बजे वह मोबाइल पर बात करते हुए मस्जिद के सामने से निकल रहा था, तभी बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए है। पुलिस का कहना है कि झपटमारी के बाद घटनास्थल और जिस तरफ बदमाश भागे हैं वहां के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे है। इसके अलावा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया है। पुलिस को अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही झपटमारों को गिरफ्तार मोबाइल जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## चाचा ससुर ने 30 साल की बहू से किया दुष्कर्म शिकायत करने पर जान से मारने की दी धमकी

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र में विदिशा से आए चाचा ससुर ने 30 साल की बहू से दुष्कर्म किया। घटना करीब तीन महीने पुरानी है। घटना के बाद आरोपी ने उसे और पति को जान से खत्म करने की धमकी दी थी। लिहाजा डर के कारण वह शिकायत नहीं कर सकी। शुकवार को उसने पति को घटना की जानकारी दी। पति उसे थाने लेकर पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम विदिशा जाएगी। पुलिस के अनुसार हबीबगंज की एक बस्ती में रहने वाली 30 साल की महिला गृहणी हैं। उसकी रिश्तेदार मोहल्ले में रहते हैं। गत जनवरी 2025 में रिश्तेदार के घर कार्यक्रम था। चाचा ससुर विदिशा से भोपाल कार्यक्रम में शामिल होने आया था। वह वह अपने भतीजे के घर ही रुका था। 13 जनवरी की दोपहर महिला घर पर अकेली थी, तभी आरोपी ने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने जाने मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला का कहना है कि आरोपी ने उसे धमकी दी थी कि वह उसे और उसके पति को जान से मार देगा।

### खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत तामोट में हर तरफ फैली गंदगी

**तामोट।** ग्राम पंचायत तामोट में सफाई कार्य नहीं होने से हर तरफ गंदगी फैली हुई है। स्कूल के पास की नाली में भी गंदगी भरी है, जिसे देखने वाला कोई नहीं है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी ग्राम पंचायत सचिव ध्यान नहीं देते। वहीं नल जल योजना ठप पड़ी है। पीएचई के अधिकारी लापरवाही करते हैं। राजकुमार, बाबूलाल ने कहा कि तामोट को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी पंचायत की है उसे कार्य कारना चाहिए।

### भाजपा मंडल में पद पाने नेता लगा रहे जोर

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर परेशान हैं क्योंकि भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सफल होने से अब औबेदुल्लागंज के कई नेता मंडल में पद पाने के लिए नागर को घेरे रहते हैं। दूसरी तरफ माधव यादव की दुकान पर भाजपा नेताओं का जमघट लगता है। कुछ नेता मंडल में सचिव, उपाध्यक्ष, मंत्री बनने के लिए जोर लगा रहे हैं। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष के करीबी नेता अब डॉ. भूपेंद्र नागर के पास आकर अपना पक्ष रख रहे हैं।

### एआईसी सदस्य को लेकर कांग्रेसियों में असंतोष

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस में उथल-पुथल मची हुई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी लगातार एआईसी के सदस्य रहे हैं, जब पचौरी कांग्रेस में थे तब किसी भी बाहरी जिले के कांग्रेस नेता की हिम्मत नहीं होती थी, कि वह रायसेन जिले से एआईसी का सदस्य बन जाए, मगर जब से पचौरी भाजपा में गए हैं तब से भोजपुर क्षेत्र रायसेन जिले में कांग्रेस में उथल-पुथल मच गई। रायसेन जिला भोजपुर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं को पीछे धकेला जा रहा है और काला पीपल के बाहरी नेता कुणाल चौधरी को अचानक रातों-रात एआईसी का मेंबर चुपचाप बना दिया, इसीलिए कांग्रेस मे भारी असंतोष है।

### सुलेखा को जनपद अध्यक्ष बनाने सदस्य सक्रिय



**तामोट।** जनपद सदस्य सुलेखा चौहान को जनपद अध्यक्ष बनाने के लिए जनपद सदस्य सक्रिय हो गया है। विगत दिनों जनपद में जनपद सदस्यों की बैठक में सात जनपद सदस्यों ने सुलेखा चौहान को जनपद अध्यक्ष बनाने की पहल की है। ज्ञातव्य हो कि जनपद अध्यक्ष के पति बृजेश चौकसे कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। औबेदुल्लागंज जनपद में 19 जनपद सदस्य भाजपा के हैं। इसीलिए अब अविश्वास प्रस्ताव लाकर वे नए अध्यक्ष के लिए तैयारी में लगे हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 7038 | | |
| दिनः | 359 | 76 | 240 |
| रातः | 778 | 29 | 360 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 278 | 79 | 144 |
| रातः | 237 | 26 | 457 |

बिलखिरिया स्थित झागरिया पहाड़ी पर हादसा, सड़क पर फैला तेल, पीपे उठाकर ले गए लोग

# सड़क किनारे खड़े डंपर में घुसा ट्रक, क्लीनर की मौत, एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाला शव

◆ बूंदी, राजस्थान से नागपुर के लिए निकला था ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित झागरिया पहाड़ी बायपास पर शुक्रवार देर रात 16 चक्का ट्रक सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसा। इस हादसे में ट्रक क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर को गंभीर चोट आई है। हादसे के समय ट्रक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह चिपटकर पूरी तरह से टूट गया। डंपर और ट्रक के बीच फंसे क्लीनर के शव को एक घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकालना पड़ा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम चिलावत थाना जीरापुर राजगढ़ निवासी दिलीप पिता सत्यनारायण (35) सोलह चक्का ट्रक में क्लीनर था। कैलाश पुत्र सत्यनारायण निवासी अमानपुरा खिलचीपुर, ट्रक का ड्राइवर है। ड्रायवर और क्लीनर 1500 तेल के पीपे लेकर बूंदी, राजस्थान से नागपुर निकले थे। शुक्रवार देर रात बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित झागरिया पहाड़ी के पास ट्रक सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसा। हादसे में क्लीनर दिलीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर है।





### करीब 100 पीपे चोरी होने का अनुमान

ट्रक में तेल के 1500 पीपे लोड थे। लगभग 22 टन माल भरा हुआ था। हादसे के बाद करीब 700 पीपे सड़क पर बिखर गए। भीषण हादसा होने के कारण सड़क पर तेल के पीपे बिखरकर टूट गए थे। करीब आधे से अधिक पीपे ठीक थे और ट्रक के अंदर थे। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास रहने वाले ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तेल के पीपे उठाकर ले गए। इतना ही नहीं वहां से गुजर रहे कार के चालक भी पीपे भरकर ले गए है। करीब 100 पीपे चोरी होने का अनुमान है।

### अगला हिस्सा पूरी तरह से टूटा

हादसे के समय ट्रक रफ्तार में था। डंपर में घुसते ही उसके अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसा इतना भीषण था कि अगला हिस्सा टूटने के बाद ट्रक की पीछे की बॉडी नजर आ रही है। क्लीनर का शव दोनों वाहनों के बीच बुरी तरह फंसा हुआ था। क्रेन की मदद से ट्रक को डंपर से अलग कर शव बाहर निकाला गया।

### अंधेरे में खड़ा था डंपर

इधर सड़क पर खड़े डंपर के चालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, डंपर का टायर पंचर होने के कारण डंपर के चालक ने अपना डंपर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। अंधेरा होने के कारण डंपर के पीछे पार्किंग लाइट या इंडीकेटर कुछ भी स्टार्ट नहीं थे। लिहाजा ट्रक चालक स्पीड में आया और सीधे डंपर में जा घुसा।

### कंकाली मंदिर जा रहा बैट्री ऑटो पलटा, युवती की मौत, परिजन घायल

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कंकाली मंदिर के पास बैट्री ऑटो पलटने से 18 की युवती की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। बैट्री ऑटो में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। एक ही परिवार के लोग दर्शन करने कंकाली मंदिर जा रहे थे। तेज रफ्तार बैट्री ऑटो संतुलन बिगड़ने से पलट गया। युवती ऑटो के नीचे दबकर बुरी तरह घायल हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हरिपुरा बिलखिरिया निवासी सोनाली अहिरवार (18) पढ़ाई करती थी। गत 12 अप्रैल को सोनाली और परिवार के सभी सदस्य घर के बैट्री ऑटो से कंकाली मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। ऑटो में क्षमता से अधिक लोग, दाल-बाटी बनाने का सामान व बर्तन रखे थे। इस बीच रास्ते में कंकाली मंदिर से कुछ दूरी पर बिलखिरिया क्षेत्र में ऑटो पलट गया। पुलिस का कहना है कि ऑटो के नीचे दबने से सोनाली का पैर फ्रेक्चर हो गया था और कमर में भी गंभीर चोट आई थी। उसने पहले जेपी अस्पताल और बाद में पिपलानी क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान शुक्रवार रात सोनाली की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि हादसे में परिजन भी घायल हुए थे। ऑटो सोनाली का भाई चल रहा था।

सुबह सात बजे मासूम बेटे ने फंदे पर लटका देखा

## रात 3 बजे दोस्त की शादी से लौटे युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सेमरा में शनिवार तड़के एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन भी घटना को लेकर हैरान हैं। युवक का मोबाइल उसके कमरे में टूटा मिला है। आत्महत्या से पहले वह शादी से लौटकर आया था। पुलिस मृतक के मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है।

पुलिस के अनुसार सेमरा अशोका गार्डन निवासी प्रमोद विश्वकर्मा (32) प्राइवेट कंपनी में ड्राइवर था। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त की शादी में शामिल होने गया था। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे वह घर लौटा और ऊपर वाले कमरे में जाकर सो गया। सुबह करीब सात बजे प्रमोद का 9 साल का बेटा ऊपर वाले कमरे में पहुंचा तो उसे पिता फांसी के फंदे पर लटके नजर आए। परिजन प्रमोद को फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। परिजन ने पुलिस को प्रमोद का टूटा हुआ मोबाइल दिया है। मृतक के भाई का कहना है कि प्रमोद शादी में खुश था। उसे देखकर लगा नहीं कि वह अचानक यह कदम उठा लेगा। सभी परिजन घटना को लेकर हैरान और दुखी हैं।



### पचौरी ने किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट

**औबेदुल्लागंज।** देवेंद्र सिंह राजू ने बताया कि भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट किया। इस दौरान सम-सामयिक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर सुरेश पचौरी ने मुख्यमंत्री को हाथ से बना डॉ. मोहन यादव का चित्र भी भेंट किया।

अन्य स्कूलों में मोटी रकम चुकाकर बच्चों को पढ़ाना होगा

## आरटीई में अब तक शुरू नहीं हुई प्रवेश प्रक्रिया, अभिभावक चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में नए शिक्षण सत्र 2025-26 शुरू हुए आधा अप्रैल माह बीत चुका है, लेकिन अभी तक आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है, जिससे वंचित वर्ग के बच्चों के अभिभावकों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। कई पालकों को इस बात की भी जानकारी नहीं है कि उनके बच्चों को दाखिला स्कूलों में होगा भी या नहीं।

ऐसी स्थिति में उन्हें मन चाहा स्कूल नहीं मिल पाएगा और उन्हें अन्य स्कूलों में जाकर मोटी रकम चुकाकर बच्चों को पढ़ाना होगा। बावजूद इसके विभागीय स्तर पर अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया कब तक शुरू हो सकेगी।

### खाली रह सकती हैं निजी स्कूलों में सीटें

यदि आरटीई के तहत 25 फीसदी वंचित वर्ग के बच्चों को समय सीमा में प्रवेश नहीं मिल सका, तो वह अन्य निजी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए मजबूर हो जाएंगे, जिससे निजी स्कूलों में सीटें खाली रहने की आशंका बनी हुई है। जानकारी के अनुसार इस साल नवीन शिक्षण सत्र से पहले निजी स्कूलों की मान्यताओं को लेकर जटिल नियम लागू किए जाने से क्षेत्र के पांच निजी स्कूलों में ताला डल चुका है। ऐसी स्थिति में बच्चों को अन्य स्कूलों में प्रवेश लेना पड़ेगा।



## मुनादी के बाद भी नगर से नहीं हटाया अतिक्रमण, लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भीमबेटका पर्यटक स्थल पर आए पर्यटकों ने कहा कि औबेदुल्लागंज में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, 15 साल पहले जैसा था वैसा ही अब भी है। नगर में विकास कार्य नहीं होने, गंदगी और अतिक्रमण जगह-जगह होने से रोजाना जाम लगता है।

ज्ञातव्य हों की नगर परिषद ने नौ बार मुनादी कराई कि अतिक्रमण हटाना है, मगर नौ बार नगर परिषद की मुनादी झूठी साबित हुई। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव भी तीन बार व्यापारियों की बैठक करके अतिक्रमण हटाने की रूपरेखा बना चुके हैं, मगर कुछ नहीं हुआ। पेंशनर्स कर्मचारी कहते हैं कि औबेदुल्लागंज में कुछ नहीं हो सकता बस यहां के नेता अपना भला करने में लगे हैं। प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा ने फोन पर बताया कि मैं एसडीएम से अतिक्रमण के संबंध में चर्चा करूंगा।

अभाविप की तीन दिवसीय प्रांत समीक्षा बैठक आयोजित

## आगामी कार्ययोजनाओं और शैक्षणिक सत्र की रूपरेखा तय करने पर की चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के समीप भोजपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मध्यभारत प्रांत की तीन दिवसीय प्रांत समीक्षा-योजना बैठक का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रांत समीक्षा-योजना बैठक का शुभारंभ क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया, प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत तथा प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलन कर किया।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रम, सदस्यता अभियान और विभिन्न आयाम कार्य गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला संगठन मंत्री केशव सूर्यवंशी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं और शैक्षणिक सत्र के लिए संगठनात्मक योजनाओं की रूपरेखा तय करना था। पहले सत्र में बीते कार्यकाल के दौरान किए गए सदस्यता अभियान, कार्यक्रमों और आंदोलनों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों की समस्याओं, जैसे फीस वृद्धि विरोध, पारदर्शिता, रोजगार उन्मुख शिक्षा, और छात्रावास की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के दूसरे सत्र में आगामी शैक्षणिक सत्र के लि योजनाओं की रूपरेखा तय की गई। स्कूल स्तर पर विद्यार्थी नेतृत्व कार्यशाला आयोजित करने, कॉलेजों में जल, जंगल, जमीन, जानवर के संरक्षण के लिए अभियान चलाने का भी बैठक में निर्णय लिया गया है।

आरओबी के निर्माण कार्य में देरी को लेकर सारंग ने जताई नाराजगी

# मंत्री सारंग की अधिकारियों को दो टूकः कहा- 15 जून तक पूरा करें गुणवत्तापूर्ण ऐशबाग आरओबी का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को ऐशबाग आरओबी का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री विश्वास सारंग निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर अधिकारियों पर भड़क गए। सारंग ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि तय डेडलाइन में 15 जून तक आरओबी का काम पूरा हो जाना चाहिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न किया जाए, जिससे जनता को जल्दी लाभ मिल सके। सारंग ने बताया कि ऐशबाग आरओबी का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो अब अपने अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए 15 जून तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यातायात के बढ़ते दबाव से ट्रैफिक की बड़ी समस्या थी, वहीं अब ऐशबाग स्टेडियम के सामने आरओबी के निर्माण से महामाई बाग, पुष्पा नगर सहित स्टेशन क्षेत्र से जो लोग नये भोपाल की ओर जाते थे, उनके लिए यह बहुत बड़ी सौगात होगी। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग (सेतु), जिला प्रशासन, यातायात व नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।



### ऐशबाग स्टेडियम के समीप पार्किंग का किया जाएगा निर्माण

सारंग ने आरओबी के निरीक्षण के दौरान ऐशबाग स्टेडियम के समीप पार्किंग निर्माण के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम को रेनोवेट करने के साथ ही स्टेडियम कार्यालय के समक्ष स्थित पावर हाउस को दूसरी ओर शिफ्ट कर यहां व्यवस्थित पार्किंग स्थल बनाया जाए।

### नरेला बना फ्लाईओवर विधानसभा

मंत्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए 10-10 फ्लाईओवर की शुरुआत की गई है। यही कारण है कि नरेला विधानसभा को फ्लाईओवर विधानसभा के नाम से भी जाना जाता है।

## हाथों में क्रूस लेकर निकले ईसाई समाज के लोग, चर्च में की प्रार्थना



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर में ईसाई समुदाय द्वारा गुड फ्रेइडे पर रैली निकाली। सेंट फ्रांसिस चर्च में ईसाई समाज के लोगों ने प्रार्थना की। इस दौरान प्रभु यीशु की दी गई सात वाणियों का मनन किया गया।

चावरा विद्या भवन के प्राचार्य फादर साउंल ने बताया कि ईसाई धर्मानुसार ईसा मसीह परमेश्वर के पुत्र थे। ईसा मसीह को यीशु के नाम से भी पुकारा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन ही उन्हें क्रास पर लटकाया गया था। इसलिए उनका बलिदान दिवस गुड फ्राइडे के रूप में मनाया जाता है। समाज के लोग उन्हें याद कर बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं। रविवार को ईस्टर संडे मनाया जाएगा।

## राजगढ़: बेटों से अलग रहती थी बुजुर्ग, चोरों पर शक

# जज की नानी की घर में घुसकर हत्या झुमकियां के साथ कान भी काट ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ के सारंगपुर में बुजुर्ग महिला की गला घोंटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। चोरों ने घर में घुसकर सोने की झुमकियां के साथ एक कान भी काटकर ले गए। बुजुर्ग घर में अकेली थी। बुजुर्ग जावरा की सिविल जज



जूनियर डिवीजन शिवानी राठौर की नानी थीं। सूचना के बाद वे भी घटनास्थल पर पहुंचीं। घटना सारंगपुर के पछेटवाड़ी मोहल्ले में शुक्रवार रात 3 बजे की है। शनिवार सुबह पड़ोसियों को सावित्री बाई राठौर (75) की कोई आवाज नहीं आई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीआई ने बताया, प्रथम दृष्टया यह चोरी का मामला लगता है। चोर महिला को अकेला पाकर घर में घुसे और विरोध करने पर उनका गला घोंट दिया। जांच के लिए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट्स ने सैंपल कलेक्ट किए।

> जांच में यह भी पता चला है कि बुजुर्ग से मिलने दो दिन से कोई परिजन नहीं गया

### नकद और जेवरात मिले सुरक्षित

पुलिस के मुताबिक, मृतक महिला के कमरे में 50 हजार नकद और अन्य सोने चांदी की रकम सेफ रखी हुई मिली है। इससे चोरी की वजह से हत्या होने का शक कम होता जा रहा है। अंदेशा है की किसी नशेड़ी ने जल्दबाजी में कान के झुमके छुड़ाने के चक्कर में गला दबा दिया।

### जांच के बाद पता चला कि हत्या हुई

सावित्री बाई के तीन बेटे हैं। बड़े बेटे भवानी राठौर और मझले बेटे आनंदी राठौर उसी मकान में अलग-अलग रहते हैं। छोटा बेटा गोपाल राठौर मीडियाकर्मी है और अलग रहता है। सावित्री बाई अपने बेटों से अलग रहती थी। बुजुर्ग के बड़े बेटे भवानी शंकर राठौर ने बताया कि सुबह दूध वाला आया तो उसने बताया कि मां दूध लेने बाहर नहीं आ रही हैं। मैंने उससे दूध ले लिया। उसके आधे घंटे बाद सुबह 6.45 बजे जब मैं उन्हें दूध देने के लिए घर गया तो देखा मम्मी बिस्तर पर पड़ी थीं। पुलिस की जांच के बाद बताया कि पुलिस जब पहुंची, तब महिला के कान का खून सूख चुका था। पहले अंदेशा था कि सुबह 3 बजे के करीब की घटना है। अभी एक्सपर्ट टीम की जांच के बाद ऐसा लग रहा है कि महिला की हत्या हुए 24 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं।

## जेसीबी मशीन खाई में गिरने से दो की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के निकट एक जेसीबी मशीन के खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान पंजाब के रूपनगर जिले के निवासी सुखदेव सिंह राणा (31) और किन्नौर जिले के हरिनाम सिंह (30) के रूप में हुई है। घायलों में पंजाब के चरणजीत सिंह (26) और बिहार के नीरज कुमार (20) का शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में इलाज जारी है। यह दुर्घटना शुक्रवार को ज्वाला माता मंदिर के निकट हुई जब सुखदेव ने मशीन पर से नियंत्रण खो दिया और मशीन खाई में जा गिरी।

# विवादों के बीच 483 किलोमीटर का कॉरीडोर सालभर में, 83 किमी घटेगी दूरी, 7 घंटे में पहुंचेंगे विशाखापट्टनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

रायपुर विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरीडोर अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा विवादों की वजह से सुर्खियों में रहा। 20 हजार करोड़ की लागत से बनने वाला सिक्सलेन एक्सप्रेस वे सालभर के भीतर पूरा होने जा रहा है। इसके बाद 483 किलोमीटर के इस हाईवे में रायपुर से विशाखापट्टनम की दूरी महज 7 से 8 घंटे में पूरी होगी। इकोनॉमिक कॉरीडोर के निर्माण के बाद 83 किलोमीटर की बचत होगी। छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्रप्रदेश के बीच बनने वाले इस सड़क का निर्माण 50 फीसदी पूरा हो चुका है। तीनों राज्यों में 19 पैकेज में इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में रायपुर से विशाखापट्टनम पहुंचने में 12 से 14 घंटे तक लगते हैं।

1. छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्रप्रदेश में 19 पैकेज में हो रहा निर्माण
2. छत्तीसगढ़ के 124 किलोमीटर रास्ते में 60 फीसदी से अधिक काम
3. 20 हजार करोड़ की लागत से होगा इकोनॉमिक कॉरीडोर का निर्माण

### कांकेर में सुरंग कोरापुट में ट्वीन टनल

*रायपुर विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे में कांकेर जिले में केशकाल घाटी के नीचे चार किलोमीटर का सुरंग बनाया जा रहा है। इसी रास्ते में ओडिशा के कोरापुट में ट्वीन टनल यानी दोहरे सुरंग का भी*

### भेलवाडीह में एक्सप्रेस वे से होगा कनेक्ट

रायपुर विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे की शुरुआत अभनपुर के भेलवाडीह गांव से होगी। नेशनल हाईवे 30 में राहगीरों को भेलवाडीह से एक्सप्रेस वे में डायवर्ट होना होगा। एक्सप्रेस वे कुरुद, मगरलोड होते हुए कांकेर और कोंडागांव से ओडिशा की सीमा तक जाएगी। विशाखापट्टनम के सुब्बावरम में यह सड़क समाप्त होगी। छत्तीसगढ़ में तीन पैकेज में 124 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

## शाह ने कैसे घटाया वजन, सबके सामने शेयर की अपनी वेट लॉस जर्नी

# शरीर के लिए दो घंटे, दिमाग के लिए छह घंटे की नींद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने समुचित नींद, खान-पान पर ध्यान देकर तथा नियमित व्यायाम सुनिश्चित करके अपने स्वास्थ्य और कार्य करने की क्षमता में बहुत बड़ा बदलाव देखा है। उन्होंने अपनी डाइट बदली, नींद के घंटे बढ़ाए और रोजाना एक्सरसाइज की। इससे उन्हें बहुत फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि अब वे बिना किसी दवा और इंसुलिन के स्वस्थ हैं। शाह ने विश्व यकृत दिवस पर यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं से अच्छे स्वास्थ्य के लिए दो घंटे शारीरिक व्यायाम और छह घंटे की नींद लेने की अपील की।

### यकृत स्वास्थ्य के महत्व का करें प्रचार

*केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने औद्योगिक घरानों से यकृत स्वास्थ्य के महत्व का प्रचार करने तथा यकृत के उपचार और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने वाले संस्थानों को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया, 'फिट इंडिया' और पेयजल एवं शौचालय जैसी अन्य योजनाएं सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी हैं।*




### स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया

शाह ने कहा कि सरकार का स्वास्थ्य बजट 2014 में 37,000 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 1.27 लाख करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में स्वास्थ्य सेवा की समग्र प्रणाली बनाने के लिए काम किया है।

### स्वस्थ रहकर दे सकते हैं ज्यादा योगदान

अमित शाह ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहकर वे (युवा) देश के विकास में अधिक योगदान कर सकते हैं। उनका संदेश है कि हर कोई स्वस्थ जीवनशैली अपना सकता है।

### मोदी ने भी स्वस्थ भारत की पैरवी की

विश्व यकृत दिवस पर पीएम मोदी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रयासों की सराहना करते हुए तेल का सेवन कम करने और मोटापे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने जैसे छोटे कदम उठाने का आह्वान किया तथा फिट और स्वस्थ भारत के निर्माण पर बल दिया। यकृत स्वास्थ्य और बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है।

## पेज एक का शेष

### 100 पर्सेंटाइल...

पश्चिम बंगाल से 2, आंध्र प्रदेश 1, दिल्ली से 2, कर्नाटक से 1 और गुजरात से दो टॉपर हैं। इसके साथ ही परीक्षा की फाइनल आंसर की और जेईई एडवांस्ड के लिए कट-ऑफ भी जारी किए गए हैं। बता दें कि इस साल जेईई मेन 2025 जनवरी और अप्रैल दो राउंड में आयोजित किया गया। यदि कोई उम्मीदवार दोनों सेशन में उपस्थित हुआ है, तो फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार करते समय जेईई मेन में उम्मीदवार के सबसे अच्छे स्कोर पर विचार किया जाएगा। पहले सेशन में 14 स्टूडेंट्स को 100 पर्सेंटाइल मिले थे।

**जेईई मेन रिजल्ट की कटऑफ :** जेईई मेन रिजल्ट की कटऑफ के मुताबिक सामान्य श्रेणी के छात्रों को जेईई एडवांस्ड के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए 93.10 पर्सेंटाइल की आवश्यकता होगी। ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए कटऑफ 80.38, ओबीसी के लिए 79.43 तय की गई है। एससी के लिए कटऑफ 61.15 और एसटी के लिए 47.90 है।

### ओमप्रकाश बेहरा...

सफलता का एक मात्र मंत्र है कि जो हो चुका है उस पर ध्यान देने की जगह जो हो रहा है, उस पर ध्यान दें। उन्होने रोजाना कम से कम 8 से 9 घंटे सेल्फ स्टडी की सलाह दी।

### आईआईटी धनबाद...

पूर्ण शिक्षण शुल्क माफ (फुल ट्यूशन फीस वेवर) करने की घोषणा आईआईटी धनबाद ने की है। टॉपर छात्र-छात्राओं को आईआईटी धनबाद में नामांकन व आकर्षित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### रतलाम, गुना, सागर...

है। इससे पहले शुक्रवार को सीजन में पहली बार दिन का पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया था। खजुराहो, गुना और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 44 डिग्री या इससे अधिक रहा। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत 28 शहरों में भी दिन और रात की गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि शनिवार को 28 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। ऐसा सीजन में पहली बार हुआ, जब इतने अधिक शहरों में भीषण गर्मी पड़ी हो। हालांकि तीन दिन के बाद पारे में हल्की गिरावट हो सकती है, लेकिन इससे पहले भीषण गर्मी रहेगी।

### शादी से पहले ही...

मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। जब भीड़ नहीं संभली तो पुलिस को आंसू गैस के गोले दागना पड़े। आसपास के अन्य थाने की पुलिस पहुंच गई और सनोधा कस्बा पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि लड़की की शादी होने वाली थी। शादी से पहले ही आरोपी जबरियां युवती को भगा ले गया। हालांकि बताया ये भी जा रहा है कि दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। मौके पर थाने से एक सहायक उप निरीक्षक और प्रधान आरक्षक मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझाइश दी, लेकिन आक्रोशित लोग लड़की को खोज निकालने और आरोपी और उसके परिजनों पर सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। लड़की को भगा ले जाने वाले लड़के की गांव में स्थित दुकान को आग लगा दी गई है। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को हवाई फायर भी करना पड़ा है। सूचना के बाद मौके पर सागर पुलिस अधीक्षक सहित आस-पास के थाना बल को बुलाया गया है। मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची। दुकान की आग को बुझाया गया। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

### मरने वालों की...

सब कुछ धूल से ढक गया। रयान ने बताया कि हमें लगा कि शायद हमारे घर पर कोई चीज गिर गई है, लेकिन जब हमने बाहर देखा तो हमारे बगल की पूरी इमारत मलबे में तब्दील हो चुकी थी।
इस हादसे में सेहजाद अहमद ने अपने दो भतीजों दानिश और नावेद को खो दिया, जो अपने माता-पिता अहमद की बहन और बहनोई के साथ तीसरी मंजिल के घर में रहते थे। उन्होंने कहा कि मेरे दोनों भतीजे परिवार के कमाने वाले थे। वे पूरे घर को चलाते थे। अब वे चले गए हैं। उनकी बहन और बहनोई की हालत गंभीर है।

### जम्मू कश्मीर से...

पर थी। भूकंप से फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। भूकंप के झटके दोपहर 12.17 पर महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर खुली जगह में आ गए। भूकंप का खौफ लोगों के चेहरे पर नजर आने लगा। अफगानिस्तान और पाकिस्तान से लेकर जम्मू-कश्मीर तक की धरती भूकंप के तेज झटके से हिल उठी है। पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बता दें कि इससे पहले भी इन इलाकों में बड़े भूकंप आ चुके हैं जिससे जानमाल का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था। इससे पहले 12 अप्रैल को भी जम्मू कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। शनिवार दोपहर करीब एक बजे मध्यम तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र पाकिस्तान में था। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई थी।

### कनाडा में पंजाब...

में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि एक काली मर्सिडीज एसयूवी में सवार यात्री ने एक सफेद सेडान में बैठे लोगों पर गोलियां चलाईं और लड़की बीच में आ गई। उन्होंने कहा कि गोलीबारी के बाद दोनों कारें तुरंत घटनास्थल से भाग गईं। पुलिस ने अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। गोलीबारी ने स्थानीय समुदाय और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के बीच सार्वजनिक सुरक्षा और हिंसा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। टोरंटो में भारत के दूतावास ने कहा कि भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं। वर्तमान में हत्या की जांच चल रही है। हम उसके परिवार के साथ निकट संपर्क में हैं और सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।

### ईस्टर के मौक...

के मौके इस युद्धविराम में सहयोग करेगा। हालांकि पुतिन ने सेना को यूक्रेन की तरफ से किसी भी हमले के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। पुतिन ने रूस के सैन्य प्रमुख वालेरी गेरासिमोव को आदेश दिया है कि वे रूसी सैनिकों को यूक्रेन द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन को रोकने के लिए तैयार रखें। क्रेमलिन मीडिया ने पुतिन के हवाले से बताया कि रूस मानवीय विचारों से प्रेरित होकर रविवार से सोमवार तक ईस्टर युद्धविराम की घोषणा करता है। मैं आदेश देता हूं कि इस अवधि के लिए सभी सैन्य कार्रवाइयां रोक दी जाएं। पुतिन ने आगे कहा कि हम आशा करते हैं कि यूक्रेनी पक्ष हमारे उदाहरण का अनुसरण करेगा। साथ ही, हमारे सैनिकों को युद्धविराम के संभावित उल्लंघन और दुश्मन की ओर से किसी भी तरह के उकसावे या आक्रमण को रोकने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### 4 दमकलों ने ...

*रातभर अपने घर और उनमें रखे सामान बचाने की जद्दोजहद में लगे रहे। शनिवार सुबह तक आग धधकती रही। करीब 13 घंटे बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार शाम को किसी ने नरवाई में आग लगा दी। तेज हवा के कारण आग एक खेत से दूसरे खेत में फैलती गई। आग की चपेट में आने से बिजली के तार भी जल गए और बिजली सप्लाई बंद हो गई। फायर ब्रिगेड के ड्राइवर निरंजन सिंह भदोरिया ने बताया- शुक्रवार शाम को 7 बजे के लगभग आग लगने की जानकारी मिली थी। फायर ब्रिगेड तत्काल मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया था। रात को 10 बजे के करीब आग को बुझा दिया गया था। उसके बाद फिर दोबारा से आग भड़क गई थी। रात को विदिशा की तीनों फायर बिग्रेड, एक सांची की गाड़ी आग बुझाने में गई थी। आग में एक भैंस जिंदा जल गई और 10 बकरियां लापता हैं।*

### शादी में दूषित...

शादी में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए थे। खाना खाने के कुछ देर बाद ही मेहमानों की तबीयत बिगड़ने लगी। पहले तो कई लोगों ने गांव में ही स्थानीय स्तर पर इलाज करवाया, लेकिन बरात के नाहरगढ़ पहुंचते ही वहां भी लोगों को उल्टी-दस्त और बेचैनी की शिकायत होने लगी। बताया जा रहा है कि दूषित दूध से बनी रसमलाई खाने के बाद ही अधिकांश लोगों की तबीयत बिगड़ी। यह दूध दलौदा स्थित श्रीराम डेयरी से मंगवाया गया था।बरात लौटने के बाद शुक्रवार रात कुछ लोगों की हालत ज्यादा गंभीर हो गई, जिसके बाद उन्हें दलौदा और मंदसौर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। शनिवार सुबह मरीजों की संख्या अचानक बढ़ने पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की और स्वास्थ्य विभाग की टीम को फतेहगढ़ भेजा। गांव की धाकड़ समाज धर्मशाला और स्कूल को इलाज केंद्र बनाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का प्राथमिक उपचार शुरू किया।

### फिल्म निर्देशक अनुराग...

कि मैंने जो कहा, उसे वापस नहीं लूंगा। मुझे जितना गाली देना है दे लो। मेरे परिवार ने कुछ नहीं कहा। माफी चाहिए तो ये लो। ब्राह्मणों, महिलाओं को छोड़ दो। ये मूल्य हमारे शास्त्रों में भी हैं, मनुवाद को छोड़कर। तय करो कि तुम कौन से ब्राह्मण हो। बाकी, ये मेरी माफी है।

### पलासिया थाने मे...

की। वहीं, इंदौर के नीरज याग्निक ने मशहूर फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ पलासिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अनुराग कश्यप की एक टिप्पणी को याग्निक ने ब्राह्मण समाज के खिलाफ निम्न स्तरीय और आपत्तिजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी देशद्रोह, राष्ट्रद्रोह और धर्मद्रोह की श्रेणी में आती है।

### फिल्म 'फुले'...

से समाज में वर्षों पुरानी बातों को नए रूप में पेश कर गलतफहमियां या दंगे भड़काने की कोशिश की जाती है, तो इस फिल्म को मध्यप्रदेश में रिलीज होने से रोका जाना चाहिए।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5842



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5841 का हल



## सूडोकु नवताल - 5852

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5851 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## कलाकृति से सजे धजे मटके और सुराही उपभोक्ताओं को लुभा रहे

# गर्मी में देसी फ्रिज 'मटके' की बढ़ी डिमांड 100 से 300 रुपए तक के मटके बाजार में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के कई क्षेत्र जैसे बरखेड़ा, पिपलानी, बिट्ठन मार्केट, आजाद मार्केट, मंगलवारा, कोटरा, बागसेवानियां, करोंद, कोलार, हाट बाजार सहित सड़क किनारे फुटपाथ पर मटकों की बिक्री हो रही है। जिन लोगों को मिट्टी के मटकों का फायदा पता है, वे लोगों मटकों की खरीदारी कर रहे हैं। विक्रेताओं द्वारा विभिन कलाकृतियों के साथ साथ पानी निकालने में कोई दिक्कत न हो नल की टोंटी लगे मटक और बिना टोंटी वाले मटों के साथ गोल मटका और सुराही आदि डिजाइन के मिट्टी के बर्तन विक्रय किए जा रहे हैं। दुकानों में काली मिट्टी और बालूरेती से बने मटकों के अलावा गुजराती मटके भी नजर आए हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि फ्रिज के पानी की तुलना में मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। जिसके चलते इस भीषण गर्मी में लोग प्राकृतिक रूप से पानी को ठंडा रखने के लिए मटकों की खरीदी कर रहे हैं। गौरतलब है कि तेज गर्मी के कारण गांव की माटी से बने घड़े की बिक्री जोरों पर है। बढ़ते तापमान के साथ लोगों का रूख मटके की ओर है। बाजार में मटका 100 रुपए से लेकर 300 रुपए तक बिक रहा है। बढ़ते बिक्री देख कुम्हारों के चेहरे भी खिल रहे हैं। कुम्हारों का कहना है कि इस वर्ष घड़ा की मांग बाजारों में ज्यादा है।



### आसमान छू रहे मटके और गगरी के दाम

गर्मी का असर बढने से गरीबों का फ्रिज, मटकों की मांग में इजाफा होना शुरू हो गया है,लेकिन मांग के साथ-साथ मिट्टी के बने बर्तनों की दामों में भी इजाफा है। मटका, गगरी, सुराही के दामों में 20 से 30 फीसदी महंगे है। दुकानों पर 100 रुपए से लेकर 300 रुपए कीमत तक के मटके मौजूद हैं।

### मिट्टी के बने कैंपर भी

*बरखेड़ा बाजार में मटका बेच रहे कुम्हार रामजीवन के अनुसार 100 से 300 रुपए तक में हम मटका बेच रहे हैं। वहीं मिट्टी के आकर्षक केंपर भी तैयार करके बेच रहे हैं। मिट्टी के केंपर 350 से 450 रुपए के दाम पर है। सबसे ज्यादा लोग मटके खरीद रहे हैं। क्योंकि मटके में रखा पानी ठंडा रहता है। इसके पानी से ही असली प्यास बुझती है।*

### मटके का पानी पीने से सर्दी-गर्मी की शिकायत नहीं

मध्यम वर्गीय एवं गरीब तबके के लोग भीषण गर्मी से बचने के लिए सुराही तथा मिट्टी के बर्तन का ही प्रयोग करते हैं। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि फ्रिज के पानी के मुकाबले मटके के पानी की तासीर ज्यादा ठंडी होती है। साथ ही मटके के पानी का अलग ही स्वाद होता है। मटके का पानी पीने से सर्दी-गर्मी की भी शिकायत नहीं होती है।

अर्जुन पटेल, समाज सेवी

### मिट्टी के मटके का पानी फायदेमंद

मटके का पानी प्राकृतिक तौर पर ठंडा होता है, जबकि फ्रिज का पानी इलेक्ट्रीसिटी की मदद से। मिट्टी के मटके का पानी पीना सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। पाचन की क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। शरीर में टेस्टोस्टेरॉन का स्तर भी बढ़ता है। शरीर को विषैले तत्वों से मुक्त कर प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने में यह पानी फायदेमंद होता है।

डॉ.जीआर अड़लक, डायरेक्टर गायत्री हॉस्पीटल एंड ट्रामा सेंटर

### कब्ज और गला खराब नहीं होता

फ्रीज के पानी की अपेक्षा यह अधिक फ ायदेमंद है, क्योंकि इसे पीने से कब्ज और गला खराब होने जैसी समस्याएं नहीं होती। इसके अलावा यह सही मायने में शरीर को ठंडक देता है। इस पानी का पीएच संतुलन सही होता है। मिट्टी के क्षारीय तत्व और पानी के तत्व मिलकर उचित पीएच बैलेंस बनाते हैं जो शरीर को किसी भी तरह की हानि से बचाते हैं और संतुलन बिगडने नहीं देते।

डॉ.रावीश राय, मेडिकल डायरेक्टर

## देश के 100 पर्सेंटाइल वाले 24 छात्रों में से एलन के सर्वाधिक 11 विद्यार्थी

कोटा कोचिंग की बदौलत राजस्थान रिजल्ट में टॉप पर

# एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 परफेक्ट स्कोर के साथ आल इंडिया रैंक-1 टॉप किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित जेईई-मेन अप्रैल रिजल्ट और आल इंडिया रैंक में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। अब तक देखे गए परिणामों में टॉप-100 में एलन के 31 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इनमें आल इंडिया रैंक-1 पर कोटा क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने प्राप्त की है। एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एनटीए की ओर से जारी परिणामों में 24 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया है। इसमें से 11 स्टूडेंट्स एलन से हैं। ऐसे में हर दूसरा स्टूडेंट एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से है। इसके साथ ही सबसे अधिक 7 स्टूडेंट्स राजस्थान से हैं, इन 7 में से 6 एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट्स हैं। इन स्टूडेंट्स में ओमप्रकाश बेहरा को आल इंडिया रैंक-1, सक्षम जिंदल ने एआईआर-10, अर्नव सिंह ने एआईआर-11, राजित गुप्ता ने एआईआर-16, मोहम्मद अनस ने एआईआर-17, लक्ष्य शर्मा- एआईआर-22 हासिल की है। इसके साथ टॉप-100 पर्सेंटाइल के 24 स्टूडेंट्स में पश्चिम बंगाल के 2, महाराष्ट्र के 3, कर्नाटक का 1, तेलंगाना के 3, गुजरात के 2, दिल्ली के 2, उत्तर प्रदेश के 3, आंध्र प्रदेश के 1 स्टूडेंट ने जगह बनाई। अब तक देखे गए परिणामों में टॉप-100 में 31 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। इनमें ओमप्रकाश के साथ देवदत्ता माझी ने भी आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है, देवत्ता एलन से ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से जुड़ी हैं।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल को 3.67 करोड़ का जीएसटी नोटिस




**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा है कि जीएसटी आयुक्त (अपील) ने करीब 3.67 करोड़ रुपए की कर मांग को बरकरार रखने का आदेश दिया है। मुंबई में केंद्रीय माल और सेवा कर (सीजीएसटी) अधिकारियों ने दो जुलाई, 2024 को इस संबंध में एक आदेश पारित किया था। आदेश में सेवा कर क्रेडिट का हिस्सा देने से इनकार कर दिया गया, जिसे कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-2018 में जीएसटी शुरू होने पर इस व्यवस्था में स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद, कंपनी ने आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की थी। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क (अपील), मुंबई के आयुक्त से कर मांग को बरकरार रखने का आदेश मिला है। इस आदेश में 1.83 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी देनदारी और इतनी ही राशि का जुर्माना शामिल है।

## तुअर दाल का 10 लाख टन बफर स्टॉक

# केंद्र सरकार ने 3.40 लाख टन तुअर दाल खरीदी

### फायदा सीधे तौर पर देश के किसानों को मिल रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देशभर की ज्यादातर मंडियों में अरहर दाल के रेट 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल यानी 150 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव को छू रहे हैं। ऐसे समय में केंद्र सरकार ने किसानों से 3.40 लाख टन अरहर यानी तुअर दाल की खरीद कर डाली है। कृषि मंत्रालय ने आंकड़े जारी कर बताया कि सरकार ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत इस साल अब तक 3,40,000 टन तुअर (अरहर) की खरीद की है। योजना के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर तुअर की खरीद की जा रही है, जिसका फायदा सीधे तौर पर देश के किसानों को मिल रहा है। मंत्रालय ने बताया कि उसने 9 राज्यों से 13.22 लाख टन तुअर की खरीद को मंजूरी दी है। सरकार ने न सिर्फ 13 लाख टन से ज्यादा की तुअर खरीद को मंजूरी दी है, बल्कि उसका लक्ष्य 10 लाख टन अरहर दाल का स्टॉक तैयार करना भी है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार ने 13 अप्रैल तक तुअर की खरीद 3,40,000 टन तक पहुंचा दी है। इस दौरान कर्नाटक से सर्वाधिक 1,30,000 टन की खरीद की, जहां किसानों को 7,550 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी के ऊपर 450 रुपए प्रति क्विंटल का राज्य 'बोनस' भी दिया जा रहा है।

### चना खरीदी धीमी बनी हुई है

सरकार ने तेलंगाना और मध्य प्रदेश से 17,000 टन चना भी खरीदा है। हालांकि, 27 लाख टन चना खरीद की मंजूरी के बावजूद इसकी खरीद धीमी बनी हुई है, क्योंकि 10 प्रतिशत आयात मूल शुल्क लगाए जाने के बाद घरेलू कीमतें 5,650 रुपए प्रति क्विंटल के एमएसपी से अधिक हो गई हैं। मसूर की खरीद 13 अप्रैल तक 28,700 टन और मूंग की खरीद 3,000 टन तक पहुंच गई है।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**भोपाल।** लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में तकनीक और सततता में उभरते रुझान- व्यापार, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी के दृष्टिकोण विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे के नेतृत्व में आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य नवाचार, सततता और अंतर्विषयक सहयोग के संगम की खोज करना था। इस संगोष्ठी में देशभर से प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिससे विचारोत्तेजक चर्चाओं और गहन दृष्टिकोणों के लिए एक सशक्त मंच तैयार हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य गणेश वंदना से हुई, जिसके पश्चात पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह और सरस्वती वंदना आयोजित की गई। सभी गणमान्य अतिथियों को सम्मान स्वरूप पौधे भेंट किए गए, जिससे संगोष्ठी की सततता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई। मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्षदीपक शर्मा ने उद्बोधन दिया, जिसमें उन्होंने पारिस्थितिक चेतना के साथ औद्योगिक नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। प्रारंभिक सत्र में प्रो. (डॉ.) अरविंद सिंह, निदेशक, प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय, एलएनसीटी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। जिसमें संगोष्ठी के उद्देश्यों और दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया। पहले तकनीकी सत्र का विषय था व्यवसाय, तकनीक और सततता, जिसमें प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। प्रदीप करंबेलकर, निदेशक, विज़न इन्वेस्ट टेक प्रा. लिमिटेड एवं अध्यक्ष, फिक्की सीएमएसएमई प्रो. सत्यजीत मजूमदार, प्रबंध निदेशक, टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन दोनों वक्ताओं ने तकनीक के साथ सतत व्यावसायिक प्रथाओं और समावेशी विकास के एकीकरण पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन समापन सत्र के साथ हुआ, जिसमें एआईएमए प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया और आयोजकों द्वारा सभी वक्ताओं, गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों और उत्साही छात्र प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जिन्होंने इस संगोष्ठी को सफल बनाने में योगदान दिया।

### स्कोडा ऑटो ने नई स्कोडा कोडिएक को पेश किया



**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज के सफल लांच के बाद अब अपनी लग्ज़री 4x4 एसयूवी कोडिएक की नई जनरेशन लांच करने की घोषणा की है। यह कोडिएक की दूसरी जनरेशन है, जो भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पेश की जा रही है। भारत में यह कार लग्जरी लुक, बेहतर आराम, ऑफ-रोड चलने की ताकत, शानदार रोड परफॉर्मेंस और सात सीटों की सुविधा के साथ आ रही है। पेट्र जैनेबा, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहाकि मार्च में, काइलैक की लॉन्चिंग और कुशाक व स्लाविया के सपोर्ट से हमने भारत में अपनी सबसे बड़ी मासिक बिक्री हासिल की। यह इस साल हमारे कई नए रिकॉर्ड्स में से एक है। हमारी प्रोडक्ट रणनीति के तहत, नई कोडिएक का लांच हमारे प्रोडक्ट रेंज के दूसरे पहलू को दिखाता है, जिसमें स्कोडा की लग्ज़री और टेक्नोलॉजी की ताकत झलकती है। कोडिएक अब हमारे लिए ऑक्टैविया और सुपर्ब की तरह एक खास और महत्वपूर्ण नाम बन गया है। यह एसयूवी शहर की सड़कों पर शानदार लग्जरी और बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव देती है, और इसमें हर तरह के रास्तों पर चलने की शानदार क्षमता भी है।

### वार्डविजर्ड ने की जॉय ई-बाईक मॉडलों की कीमत में कटौती

**वड़ोदरा।** भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया मॉडलों की रेंज पर कीमतों में कमी की घोषणा की है। देशभर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सुलभ बनाना और ईवी अडॉप्शन को बढ़ावा देना इस कदम का मुख्य उद्देश्य है। कंपनी ने मार्केट में अपनी मौजूदगी बढ़ाने तथा अधिक से अधिक ईवी उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए चुनिंदा मॉडलों की कीमत में रु 13,000 तक की कमी की है। ये नई कीमतें वोल्फ 31एएच, जेन नेक्स्ट 31एएच, जेन नेक्स्ट नानू प्लस, वोल्फ प्लस, जेन नेक्स्ट नानू ईको और वोल्फ इको सहित मॉडलों पर लागू होंगी।इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों के बढ़ते पोर्टफोलियो और उपभोक्ता-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ईवी उद्योग में अपनी स्थिति को सशक्त बनाने के प्रयास निरंतर जारी रखे हुए है।

### इंडकल टेक्नोलॉजीज ने दो स्मार्टफोन लांच किए

**नई दिल्ली।** इंडकल टेक्नोलॉजीज ने भारत में एसर इंक. के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत एसर ब्रांड के दो स्मार्टफोन लांच किए हैं। इस टेक्नोलॉजी स्टार्टअप को अपने नए और शानदार इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है। कंपनी ने एक वर्चुअल इवेंट के जरिए सुपर जेडएक्स सीरीज के दो शानदार मॉडल पेश किए हैं। ये फोन प्रीमियम डिजाइन और आधुनिक फीचर्स के साथ आते हैं। एसर सुपर जेडएक्स और एसर सुपरजेड एक्स प्रो की कीमतें बेहद प्रतिस्पर्धी हैं और इन्हें प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एसर सुपर जेडएक्स शानदार फीचर्स के साथ आता है। सुपर जेडएक्स स्मार्टफोन में शानदार चिपसेट और कैमरा परफॉर्मेंस है, जो इस सेगमेंट में सबसे बेहतर है। इसका स्लिम डिजाइन और 6.78 इंच का एफएचडी प्लस 120एचडेड डिस्प्ले इसे खास बनाता है, जो इस सेगमेंट का पहला एफएचडी+ डिस्प्ले है। इसके बैक में ट्रिपल-कैमरा सेटअप है, जो 15,000 रुपए से कम कीमत वाले फोन्स में अनोखा है।

### सेल्विन ट्रेडर्स ने शुरू किया 'माजघर' नाम से आउटलेट

**अहमदाबाद ।** सेल्विन ट्रेडर्स लिमिटेड ने एसडीएफ के सहयोग से, अहमदाबाद के सोला रोड के पास सत्ताधर चार रास्ता के नजदीक मेमनगर में 'माजघर' ब्रांड नाम से अपना पहला आउटलेट लांच किया है। इतना ही नहीं, उनका दृष्टिकोण भी बहुत फ्युचरिस्टिक है। वे अगले 12 महीनों के भीतर भारत के शीर्ष शहरों में 12 माजघर आउटलेट ओपन करने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए उन्होंने 15 करोड़ रुपए तक का स्ट्रेटेजिक ईन्वेस्टमेन्ट करने की योजना बनाई है और 23.5 करोड़ रुपए का रेवन्यु जनरेट करने का लक्ष्य रखा है। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि लोग वर्तमान में अधिक गुणवत्ता की मांग कर रहे हैं, इसलिए वे प्रीमियम गुणवत्ता की आपूर्ति करने में सक्षम होने की दृष्टि से बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। इस आउटलेट में चावल, कठोल, फ्रीज-ड्राई व्यंजन, ग्लूटेन-फ्री प्रोडक्ट्स, मसाले, पापड़, चाय मसाला, मुखवास और जामुन शहद जैसी स्वादिष्ट प्रीमियम वस्तुओं का अनूठा संग्रह है।

# भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स ने राष्ट्रपति के नाम 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समर्थन पर भेजा प्रस्ताव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राजधानी के व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन में राष्ट्रपति के नाम समर्थन प्रस्ताव भेजा। भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यती ने विस्तृत रूप से अपना पक्ष चेंबर कार्यालय पहुंच कर रखा। इस मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तेजपालकुल सिंह पाली ,अजय देवनानी, प्रवीण प्रेमचंद, मुकेश सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। एक राष्ट्र-एक चुनाव भारत के लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह विचार न केवल हमारे देश की राजनीतिक प्रणाली को सरल बनाता है, बल्कि यह संसाधनों की बचत, प्रशासनिक दक्षता और विकास की गति को तीव्र करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। एक राष्ट्र, एक चुनाव' ऐसा कदम है, जो चुनाव प्रणाली में सुधार कर न सिर्फ लोकतंत्र में लोगों के भरोसे को बढ़ाएगा, बल्कि मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित कर समय, संसाधन और चुनाव खर्च में कटौती के साथ आर्थिक विकास को गति देगा और राजनीतिक दलों को सकारात्मक राजनीति के लिए प्रेरित करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने इस साहसिक कदम को उठाया है, ताकि हमारा देश व्यर्थ खर्च, बार-बार की अस्थिरता और नीतिगत रुकावटों से मुक्त हो सके। यह सिर्फ एक नीति नहीं, बल्कि सुशासन की प्रतिबद्धता और जनता की भावनाओं का सम्मान है। अतः इस एक नेक पहल में अपनी सहभागिता निभाएं और इसे अपना समर्थन दें, ताकि हमारा भारत सशक्त,समृद्ध और विकसित बन सके।

# गेहूं की सरकारी खरीदी 92 प्रतिशत बढ़कर 83.58 लाख टन पर पहुंची

## मध्यप्रदेश में 40.08 लाख टन हुई गेहूं की खरीदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पूल में गेहूं का सर्वाधिक योगदान देने वाले पांच शीर्ष राज्यों- पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में इस महत्वपूर्ण खाद्यान्न की जोरदार खरीदी हो रही है। कुछ राज्यों में मार्च में ही खरीद की प्रक्रिया आरंभ हो गई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) तथा उसकी सहयोगी प्रांतीय एजेंसियों द्वारा चालू रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान अब तक करीब 83.58 लाख टन गेहूं खरीदा गया, जो पिछले साल की समान अवधि की खरीद 43.46 लाख टन से 92.3 प्रतिशत अधिक है।

केन्द्रीय खाद्य मंत्रालय ने इस वर्ष कुल 312.70 लाख टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है और उसे यह लक्ष्य आसानी से हासिल हो जाने का भरोसा है। पिछले तीन सीजन से गेहूं की वास्तविक खरीद नियत लक्ष्य से कम हो रही थी। भारतीय खाद्य निगम के नीवनतम आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल की तुलना में चालू वर्ष के दौरान गेहूं की सरकारी खरीद मध्य प्रदेश में 21.67 लाख टन से उछलकर 40.08 लाख टन पर पहुंच गई। ज्ञात हो कि वहां 15 मार्च से ही इसकी खरीदी शुरू हो गई थी और राज्य सरकार ने किसानों को केन्द्र द्वारा निर्धारित गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल से ऊपर 175 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने की घोषण भी की है। इसी तरह राजस्थान में किसानों को गेहूं पर 150 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस देने का निर्णय लिया गया है। राजस्थान में



गेहूं की गुणवत्ता मानकों में भी कुछ राहत-रियायत दी गई है। राजस्थान में गेहूं की सरकारी खरीद की मात्रा बढ़कर 4.80 लाख टन पर पहुंच गई है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में वहां 97 हजार टन से भी कम गेहूं खरीदा गया था । इसी तरह गेहूं की सरकारी खरीद उत्तर प्रदेश में 2.20 लाख टन से बढ़कर 3.42 लाख टन पर पहुंची। गुजरात में 1920 टन गेहूं खरीदा गया, जबकि पिछले साल वहां इस समय तक गेहूं की कोई खरीद नहीं हो पाई थी।

उपरोक्त चारों प्रांतों में इस बार खरीद की प्रक्रिया जल्दी शुरू हो गई थी। गत वर्ष की तुलना में इस बार पंजाब में गेहूं की खरीद 74 हजार टन से उछलकर 5.29 लाख टन तथा हरियाणा में 17.86 लाख टन से 67 प्रतिशत ब?कर 29.89 लाख टन पर पहुंच गई है। पंजाब में अक्सर बैसाखी पर्व के बाद ही गेहूं की खरीद जोर पकड़ती है। बिहार में भी गेहूं की सरकारी खरीद 2 हजार टन से बढ़कर 7 हजार टन पर पहुंचने की सूचना है।

# भारत में 1.62 लाख से अधिक सक्रिय कंपनियों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में सक्रिय कंपनियों की संख्या में 1.62 लाख से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के कारण हुई है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 की अवधि में 1,41,675 नई कंपनियों का पंजीकरण हुआ, जिनकी कुल पेड-अप कैपिटल 3.36 लाख करोड़ के करीब रही। इसमें से 82 फीसदी से अधिक पूंजी निवेश औद्योगिक क्षेत्र में हुआ, जिसमें विनिर्माण, वस्त्र, खनन, धातु और रसायन जैसे उद्योग शामिल हैं। 31 जनवरी 2025 तक देश में कुल 28,05,354 कंपनियां पंजीकृत थीं, जिनमें से 18,17,222 कंपनियां सक्रिय थीं- यह दिसंबर 2024 की तुलना में 0.14फीसदी की वृद्धि है। भारत में 5,216 विदेशी कंपनियां भी पंजीकृत हैं, जिनमें से 63फीसदी यानी 3,281 कंपनियां सक्रिय हैं। डेटा के अनुसार, निजी लिमिटेड कंपनियां कुल कंपनियों का 96 फीसदी हैं।

## दो हजार से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर नहीं लगेगा जीएसटी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा।

जीएसटी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे कुछ खास शुल्कों पर लगाया जाता है। सरकार के 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने पर विचार करने की खबरों पर वित्त मंत्रालय ने कहा, यह पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार है। फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। देश के सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की भर्तियों में 2025 की पहली छमाही में 7-10 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली ई–निविदा सूचना
दिनांकः 17.04.2025

वरिष्ठ मंडल अभियंता / सम. / पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई–टेंन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 25-26-C-03-07, **Date:** 17.04.25, **Name of work including Location:** भोपाल मंडल– वरि. मंडल अभियंता / मध्य / भोपाल के अधीन बरेठ – भोपाल –नर्मदापुरम सेक्शन मे मेटल क्रॅश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग तथा बाउन्ड्रीवॉल का प्रावधान। **Published cost of tender Rs.:** 687902783, **Earnest Money:** 3589500, **Completion Period:** 18 माह, **Last date for submitting tender:** 13.05.2025.

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**साईनाथ कॉलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड**

सी.आई.एनः U45200MP2008PTC020268
टेलीफोनः +91 9425302747, ईमेल आईडीः mcs_bhopal@rediffmail.com
पंजीकृत कार्यालय पताः 183, रत्नागिरी रायसेन रोड,, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462023

सीपी/5 (एमपी) 2024

चन्द्र शेखर बजाज (मेसर्स साईनाथ कॉलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड)
बनाम
कंपनी रजिस्ट्रार, ग्वालियर के संबंध में

कंपनी सीपी/5 (एमपी) 2024 के मामले में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 252 (3) के तहत कंपनी का नाम बहाल करने के संबंध में।

इसके द्वारा नोटिस जारी किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, इंदौर बेंच ने सीपी/5 (एमपी) 2024 में पारित आदेश दिनांक 09.04.2025 के माध्यम से रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, में पंजीकृत कंपनी साईनाथ कॉलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बहाल करने का निर्देश दिया है। साईनाथ कॉलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय 183, रत्नागिरी रायसेन रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462023 पर है। माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, इंदौर पीठ के उक्त आदेश के अनुसार, कंपनी का नाम साईनाथ कॉलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को कंपनी रजिस्ट्रार, मध्य प्रदेश, ग्वालियर के कार्यालय में बनाए गए कंपनियों के रजिस्टर में बहाल कर दिया गया है।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 20.04.2025

चन्द्र शेखर बजाज, निदेशक
डी. आई. एनः 02015764
आवेदक/अपीलार्थी

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur-482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961

RC/491/2024 03-04-2025

PUNJAB NATIONAL BANK
Versus
BARELAL AHIRWAR AHIRWAR

To
**(CD 1) Barelal Ahirwar Ahirwar Munsheelal Ahirwar**
H N 1677, A Typ, E Sector, Barkheda, Bhopal (M.P.) - 462001
**(CD 2) Rajendra Kumar Sharma**
199/89, Sai Baba Nagar, E-6, Arera Colony, Bhopal (M.P.) - 462001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/638/2022** an amount of **Rs 2682832.52 (Rupees Twenty Six Lakhs Eighty Two Thousands Eight Hundred Thirty Two And Paise Fifty Two Only)** along with pendentellite and future interest @ 12% Simple Interest Yearly w.e.f. 21/05/2022 till realization and costs of **Rs 29000 (Rupees Twenty Nine Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **03/06/2025** at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this **date: 03/04/2025**

SEAL

Ms Priti Desai
Recovery Officer-II
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

**वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा ममता सरकार पर सवाल खड़े करती है। पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार का संवैधानिक दायित्व है। दुर्भाग्य यह दिखा कि जब मुर्शिदाबाद दंगे की आग में जल रहा था, हिंदुओं को जान बचाने के लिए मालदा भागना पड़ रहा था, उस दौरान खुद ममता बनर्जी भाजपा व केंद्रीय एजेंसियों पर साजिश के आरोप मढ़ने में व्यस्त थीं। संसद में पास वक्फ संशोधित कानून का आम गरीब हिंदुओं से क्या वास्ता है, जो मुस्लिमों के जुल्म के शिकार हो रहे हैं, हिंदू अपने राज्य में ही शरणार्थी बनने को क्यों मजबूर हो रहे हैं। आखिर कौन लोग हैं जो हिंदुओं के घर जला रहे हैं, उनके खिलाफ हिंसा कर रहे हैं? और इन सबमें ममता सरकार कहां खड़ी है? नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। राज्यपाल सीवी आनंद बोस और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्यों ने प्रभावित क्षेत्र का दौरान किया है, इसमें स्थिति चिंताजनक बताई है। क्या सत्ता, राजनीति व वोट बैंक की अंधी दौड़ में एक महिला मुख्यमंत्री ने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी को भी ताक पर रख दी है? क्या ममता को सत्ता में बने रहने का नैतिक हक है? मुर्शिदाबाद प्रकरण के विश्लेषण पर केंद्रित आजकल का यह अंक...**

# नागरिकों की सुरक्षा ममता का दायित्व



विश्लेषण
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक

**बंगाल में हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बीजेपी हमलावर है, वहीं राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर बंगाल सरकार सवालों के घेरे में हैं। इतना ही नहीं, हिंसा के पीछे बांग्लादेशी उपद्रवियों की संलिप्तता और स्थानीय राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। ये सवाल केवल प्रशासनिक चूक की ओर इशारा नहीं करते, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि केंद्र सरकार राज्य की भूमिका पर सीधे तौर पर उंगली उठा रही है। बड़ा सवाल ये कि मुर्शिदाबाद की हिंसा अचानक भड़की या राजनीतिक फायदे के लिए ये एक सोची समझी रणनीति है? बहरहाल, हिंसा का सबसे गंभीर प्रभाव स्थानीय हिंदू समुदाय पर पड़ा है।**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा राज्य की राजनीति पर कई सवाल खड़े कर रही है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। बंगाल में हिंसा की बढ़ती घटना को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बीजेपी हमलावर है, वहीं राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर बंगाल सरकार सवालों के घेरे में हैं। इतना ही नहीं, हिंसा के पीछे बांग्लादेशी उपद्रवियों की संलिप्तता और स्थानीय राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। ये सवाल केवल प्रशासनिक चूक की ओर इशारा नहीं करते, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि पूरे मामले में राज्य की भूमिका दायित्व निभाने में विफल रही है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये कि मुर्शिदाबाद की हिंसा अचानक भड़की या राजनीतिक फायदे के लिए ये एक सोची समझी रणनीति है? बहरहाल, हिंसा का सबसे गंभीर प्रभाव स्थानीय हिंदू समुदाय पर पड़ा, जिन्हें जान बचाकर मालदा की ओर पलायन करना पड़ा। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह सीमा पार से योजनाबद्ध घुसपैठ और धर्म आधारित हमलों की नई श्रृंखला की शुरुआत है? या पश्चिम बंगाल में वोटबैंक के लिए राजनीतिक लड़ाई है?

## विस चुनाव पर असर डालेगी हिंसा

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुर्शिदाबाद की हिंसा आने वाले विधानसभा चुनाव पर असर डाल सकती है। बीजेपी इसे 'कानून व्यवस्था' और 'संवैधानिक अधिकारों' का मुद्दा बनाकर जनता को लामबंद करने की कोशिश कर रही है, वहीं टीएमसी इसे बीजेपी की 'ध्रुवीकरण की साजिश' बता रही है। इन घटनाओं का असर बंगाल ही नहीं, बल्कि झारखंड, बिहार और असम जैसे पड़ोसी राज्यों की राजनीति पर भी पड़ सकता है। मुर्शिदाबाद की घटना केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संतुलन, राजनीतिक जिम्मेदारी और संवैधानिक अधिकारों की भी परीक्षा है। प्रशासन ने हालात को काबू में बताया है, लेकिन स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। अब यह देखना अहम होगा कि क्या यह मामला राजनीतिक हथियार बनकर रह जाएगा या इसे सुलझाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

## मुस्लिम वोट बैंक को साधने की कोशिश

इस हिंसा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व पर सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि देश के कई हिस्सों में वक्फ संशोधन के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन हुए हैं, लेकिन कहीं भी स्थिति मुर्शिदाबाद जितनी हिंसक नहीं हुई। हालांकि, ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि राज्य में नया वक्फ कानून लागू नहीं किया जाएगा जिस पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर आरोप लगाया कि बंगाल में 'हिंदू सुरक्षित नहीं हैं, स्थिति बहुत गंभीर, नाजुक है। राज्य में अगले साल मार्च-अप्रैल तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुस्लिम समुदाय को साधने के लिए मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक कर वक्फ संपत्तियों की रक्षा करने का आश्वासन दिया और कहा कि जब तक ममता सरकार है राज्य में इस कानून को लागू नहीं होने देगी। दीदी का यह रुख उनके 30 फीसदी मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।





## राजनीतिक अवसर के रूप में देख रही भाजपा

वहीं, बीजेपी राज्य में काफी ताकत लगा रही है। अगले साल होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए बीजेपी राज्य में ममता सरकार की खामियों को उजागर करने की कोशिश कर रही है। बीजेपी इस पूरे घटनाक्रम को एक राजनीतिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी को लगता है कि यदि हिंदू मतदाता इस घटना को लेकर एकजुट होते हैं, तो टीएमसी के लिए राजनीतिक नुकसान का कारण बन सकता है। विशेषकर सीमावर्ती जिलों में जहां सुरक्षा और पहचान का मुद्दा संवेदनशील है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि इसे बीजेपी या टीएमसी कितना चुनावी लाभ में बदल पाती है। पश्चिम बंगाल की कुल आबादी में मुस्लिम समुदाय की अनुमानित भागीदारी 30 फीसदी है। ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा था कि सूबे में 33 फीसदी मुस्लिम हैं। मुस्लिमों का वोटिंग पैटर्न देखें तो इस वर्ग के बीच टीएमसी की पकड़ चुनाव दर चुनाव मजबूत हुई है। सेंटर फॉर स्टडीज ऑफ सोशल डेवलपमेंट (सीएसडीएस) के मुताबिक 2011 के चुनाव में 35 और 2014 के आम चुनाव में 40 फीसदी मुस्लिमों ने टीएमसी को वोट किया। 2016 के विधानसभा चुनाव में 55, आम चुनाव 2019 में 70 और 2021 के विधानसभा चुनाव में 75 फीसदी मुस्लिमों का समर्थन ममता बनर्जी की पार्टी को मिला था।

## हिंदू वोटर्स के बीच कमजोर हुई टीएमसी

2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के मजबूत उभार का असर प बंगाल की सियासत पर भी पड़ा है। आंकड़ों पर गौर करें तो टीएमसी की पैठ मुस्लिम समुदाय के बीच मजबूत हुई है तो उसके हिंदू वोट में गिरावट आई है। बीजेपी हिंदू वोटबैंक में बड़ी सेंध लगाने में सफल रही है। सूबे के दो विधानसभा चुनावों के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। 2016 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी को 43 फीसदी हिंदू वोट मिले थे। पिछले विधानसभा चुनाव में तस्वीर उलट गई। 2021 के चुनाव में बीजेपी को हिंदू मतदाताओं में से 50 फीसदी का समर्थन मिला तो वहीं टीएमसी का समर्थन 43 फीसदी से घटकर 39 फीसदी पर आ गया। बहरहाल, मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ भड़की हिंसा ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। जहां एक ओर सरकार अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वासन देने में लगी है, वहीं विपक्ष इसे कानून-व्यवस्था की विफलता और तुष्टीकरण की राजनीति के रूप में देख रहा है। आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सरकार और विपक्ष इस मुद्दे को कैसे संभालते हैं और राज्य में शांति और स्थिरता कैसे बहाल होती है। राज्य में शांति जरूरी है।

# पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो



मुर्शिदाबाद
अर्चना कुमारी
स्वतंत्र पत्रकार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर फैले तनाव ने राजनीतिक भूचाल ला दिया है। अर्धसैनिक बलों की तैनाती, हिंसा और पलायन की खबरों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ऐतिहासिक रूप से संवेदनशील यह जिला अब वोट बैंक, प्रशासनिक विफलता और सांप्रदायिक संतुलन की सियासत का केंद्र बन गया है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच अधिकार क्षेत्र की लड़ाई में तब्दील हो गया है। शांति के नाम पर की गई कार्रवाई अब राजनीतिक जमीन की खींचतान का अखाड़ा बन चुकी है। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो यह घटना तृणमूल कांग्रेस की सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। एक ओर वह मुस्लिम बहुल जिलों में अपनी पकड़ बनाए रखना चाहती है, वहीं दूसरी ओर हिंदू बहुल क्षेत्रों में बीजेपी के बढ़ते प्रभाव से भी जूझ रही है। ऐसे में एक धार्मिक समूह के भीतर से ही सरकार के खिलाफ प्रतिरोध की भावना उभर आना उसकी रणनीति के लिए खतरनाक संकेत है।

2021 के बंगाल चुनाव में मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी बीजेपी इस बार अधिक आक्रामक रणनीति के साथ उतरने के संकेत दे चुकी है। ऐसे में वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा ने पश्चिम बंगाल की सियासी फिजां में और गर्माहट ला दी है। शिक्षक भर्ती घोटाला और बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर आक्रामक बीजेपी को मुर्शिदाबाद हिंसा ने ममता बनर्जी की सरकार को तुष्टिकरण को लेकर कठघरे में खड़ा करने का मौका दे दिया है। बीजेपी ने इस घटना को तुरन्त लपक कर एक 'कानून-व्यवस्था की विफलता' का उदाहरण बताया और उसकी राष्ट्रीय राजनीति में 'अराजक बंगाल' की छवि को पुष्ट किया। ममता बनर्जी वक्फ को एक मुद्दा बनाना चाहती हैं और तृणमूल कांग्रेस लोगों में संदेश देना चाहती है कि केवल ममता दीदी ही उनकी रक्षा कर सकती हैं। वहीं, बीजेपी ने इसे लेकर ममता बनर्जी पर हमला बोलना शुरू कर दिया है और 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण की कोशिश की जा रही है।

## बंगाल में हिंदू आबादी घटी

2011 की जनगणना के अनुसार, पूरे देश में हिंदू आबादी में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। पश्चिम बंगाल में हिंदू आबादी में 1.94 फीसदी गिरावट आई है। वहीं, मुस्लिम आबादी में 1.77 फीसदी की वृद्धि हो गई है, जो अच्छी खासी बढ़ोतरी है। ये आंकड़े 2011 की जनगणना के मुकाबले हैं। बंगाल में 2001 में मुस्लिम आबादी 25 फीसदी थी, जो 2011 में बढ़कर 27 फीसदी के पार जा चुकी थी। आज बंगाल की 9.5 करोड़ की आबादी में करीब 2.5 करोड़ मुसलमान हैं।

## क्यों बना सियासी अखाड़ा

मुर्शिदाबाद की 70 फीसदी से अधिक आबादी मुस्लिम है और 30 प्रतिशत हिंदू जनसंख्या है। यह सांख्यिकी हर राजनीतिक दल के लिए रणनीति का अहम हिस्सा बन जाती है। वक्फ अधिनियम को लेकर उपजे विवाद में भी यह तथ्य केंद्र में है।

यह सिर्फ धार्मिक या सामाजिक विवाद नहीं, बल्कि एक बड़े वोट बैंक की लड़ाई भी बन चुकी है। शिक्षा में इस जिले की साक्षरता दर केवल 65 फीसदी है और महिलाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है। राजनीतिक बहसें चाहे जितनी तीखी हों, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे यहां की जनता की असल चिंता हैं, जो अक्सर इन वाद-विवादों के शोर में दब जाते हैं। आज जब मुर्शिदाबाद की आबादी 90 लाख के करीब है। तो यह सवाल और भी अहम हो जाता है कि क्या यह जिला अपनी ऐतिहासिक विरासत को पुनः जागृत कर सकता है, या फिर यह लगातार सियासी प्रयोगशाला बना रहेगा? वक्फ विवाद ने एक बार फिर यह दिखाया कि विकास की राह तब तक साफ नहीं हो सकती जब तक प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक संवाद का संतुलन न बने। यह भी ध्यान देने योग्य है कि हिंसा की घटनाएं अक्सर उन इलाकों में केंद्रित होती हैं जहां आर्थिक हताशा और बेरोजगारी अधिक होती है। मुर्शिदाबाद की अर्थव्यवस्था परंपरागत शिल्प, बुनकरी और कृषि पर आधारित है जो पिछले एक दशक से लगातार संकट में है। जब आजीविका के स्रोत क्षीण हो जाते हैं और शासन व्यवस्था अपने ही नागरिकों की आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील नहीं रहती तो आक्रोश के लिए कोई भी बहाना पर्याप्त हो सकता है। हिंसा का यह सामाजिक आधार, राजनीतिक उपेक्षा और सांस्कृतिक अस्थिरता तीनों एक साथ मिलकर एक विस्फोटक परिस्थिति तैयार करते हैं। खैर, मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर हर कोई चिंतित है। आम आदमी चाहता है कि शांति बनी रहे और जो लोग बेघर हो गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द मदद मिले।

# शासन शून्यता के शिकार हो रहे गरीब हिंदू



दो टूक
विकेश कुमार बडोला
वरिष्ठ स्तंभकार

यह प्रथम अवसर नहीं है जब तुच्छ राजनीतिक स्थापना के लिए मुस्लिमों को भड़काकर शासनगत सभ्यता को कुचला गया गया और राष्ट्रव्यापी अराजकतापूर्ण दुर्भावना का असुरक्षित वातावरण बनाया गया। इस बार यह अनुपयोगी खटकर्म पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद तथा समीपस्थ क्षेत्रों में हुआ। तथाकथित वक्फ संशोधन के विरोध में देश के अभाजपाई प्रदेशों में मुस्लिमों की आड़ में जो हिंसा, तोड़फोड़ और हिंदू विरोधी घटनाएं हुई हैं, मुर्शिदाबाद उन घटनाओं का केंद्र स्थल बन गया। यहां गरीब हिंदुओं के निवास-स्थानों पर भीड़ ने ईंट, पत्थर, पेट्रोल बम, अस्त्र-शस्त्रों से हमला किया। हिंदुओं के घरों को तोड़ा गया। कुछ हिंदुओं की वीभत्स तरीके से हत्या की। ऐसी अराजकता एक-दो दिनों तक ही सीमित नहीं रही थी। यह हफ्तों तक होती रही। प्रदेश शासन और मुख्यमंत्री ने इस पर दिखावटी रोष भी प्रकट नहीं किया। ऐसी शासन शून्यता एवं अराजकता के भयंकर वातावरण में मुख्यमंत्री जिह्वा सील कर अदृश्य होकर बैठी हुई थी।

## मुख्यमंत्री ने हिंसा पर साधी चुप्पी

जब प्रदेश की मुख्यमंत्री ने ही ऐसी घटनाओं पर अप्रत्याशित चुप्पी साध ली तो फिर भला प्रांतीय मानवाधिकार संगठन, न्यायालय, मीडिया या अन्य हिंदू हितैषी इकाइयां क्या प्रतिरोध करतीं। हिंदू तो इस अराजक घटना में ही नहीं बल्कि विगत दो हजार वर्षों में उसके विरुद्ध हुई असंख्य अराजक घटनाओं में भी सत्ता या शासन का शक्तिशाली समर्थन कभी प्राप्त ही नहीं कर पाया। इसके बाद भी हिंदूजन धार्मिक रूप में स्वावलंबी नहीं बन सका है। वह अभी भी धर्म की भीरुता में जकड़ा हुआ है। वह अभी भी हिंदू धर्म की अस्त्र-शस्त्र युक्त जीवनशैली अपनाकर आत्मरक्षा हेतु कटिबद्ध नहीं हो पाया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदुओं की सबसे बड़ी राजनीतिक प्रतिनिधि समझी जाने वाली भाजपा ने भी इस विषय पर हिंदू भावनाओं के अनुरूप राष्ट्रव्यापी या राज्यव्यापी विरोध नहीं किया। सर्वोच्च न्यायालय के मुस्लिम हितैषी अधिवक्ताओं एवं न्यायाधीशों की दशा-दिशा ये है कि वे हिंदू मंदिरों की समितियों में भी मुस्लिम सदस्य न होने के संबंध में चिंतातुर हैं। यहां दुःख इस बात का नहीं है कि हिंदू विरोधियों ने पलायन करने को विवश मुर्शिदाबाद के हिंदुओं का कुछ भी समर्थन नहीं किया। वे तो मुस्लिमों के वोट पर आश्रित हैं ही और इसीलिए मुस्लिमों द्वारा हिंदू दमन की पराकाष्ठा होने तक भी हिंदुओं का राजनीतिक समर्थन-संरक्षण नहीं करेंगे। बल्कि पीड़ा इस बात की है कि हिंदुओं के मताधिकारों द्वारा गत दस वर्षों से केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा ने 2019 में पूर्ण बहुमत के साथ सत्तारूढ़ होने के बाद भी वक्फ इत्यादि, हिंदुओं के लिए निरर्थक विषयों पर तब ही आरपार के राजनीतिक, संविधानिक निर्णय क्यों नहीं ले लिए। अब यदि वक्फ पर संशोधन के संसदीय निर्णय के बाद अभाजपायी प्रांत पश्चिम बंगाल में विरोध उमड़ रहा है अथवा भारत में बैठे व बांग्लादेश-पाकिस्तान के षड्यंत्रकारियों द्वारा मुर्शिदाबाद को इस सीमा तक अस्थिर किया जा रहा है कि हिंदू वहां से पलायन करने को विवश हैं, तो इसमें भाजपा के केंद्रीय शासन का शासकीय कर्तव्य, विरोध, प्रतिरोध और हिंदुओं के रक्षण-



संरक्षण की उनकी प्रतिक्रिया का क्या! अगस्त 2024 से लेकर अभी तक चाहे बांग्लादेश में तख्तापलट की समयावधि में वहां के हिंदुओं पर हुए मुस्लिमों के हमले हों अथवा वक्फ संशोधन के विरोध की आड़ में पश्चिम बंगाल स्थित मुर्शिदाबाद व समीपस्थ क्षेत्रों में हिंदुओं पर हुए अवैध घुसपैठियों के हमले, दोनों ही अवसरों पर केंद्र के भाजपा शासन ने हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान नहीं किया।

## अराजक गतिविधियां जारी

मुस्लिमों की धृष्टता अब किसी एक प्रांत तक सीमित नहीं रही। पाकिस्तान व बांग्लादेश स्थित भारत विरोधी आतंकियों के साथ मिलकर भाजपायी हो अथवा अभाजपायी दोनों ही प्रकार के शासन से युक्त भारतीय प्रांतों में रह-रह कर अराजक गतिविधियां होती रही हैं। चाहे 2019 में ट्रंप के भारत आगमन पर राजधानी दिल्ली में आप पार्टी के मुस्लिम विधायकों के नेतृत्व में हुआ दंगा हो अथवा हरियाणा स्थित नूंह-नल्लड़ में हिंदू शोभायात्रा पर हमला, हर बार हिंदुओं को ही पीड़ित होने के बाद भी न्याय के लिए तरसना पड़ता है। चाहे चैंपियन ट्राफी में मध्य प्रदेश में भारत की विजय पर हो रहे प्रसन्नता-प्रदर्शन में मुस्लिमों द्वारा हिंदुओं पर घात लगाकर किया गया आक्रमण हो अथवा छावा फिल्म के प्रदर्शन के उपरांत हिंदू भावना को प्राप्त धर्मबल को कुचलने के षड्यंत्र से नागपुर में हिंदू कॉलोनी में किया गया हमला हो, हर स्थान पर हिंदूजन ही पीड़ित, दमित और विचलित दिखाई देता है।

## हिंदुओं के संरक्षण का अभाव

ऐसी परिस्थितियों में, हिंदुओं की धार्मिक आस्था के माध्यम से, चाहे राम मंदिर हो अथवा महाकुंभ का माहभर से अधिक चला मेला, दोनों उपक्रमों के आधार पर, राजस्व अर्जन कर रही केंद्र व राज्य सरकारें हिंदुओं का ही परिरक्षण, संरक्षण कर पाने में असमर्थ हैं तो क्यों! अभाजपायी प्रांतीय सत्ताओं से तो हिंदुओं को पहले भी कभी कोई आशा नहीं थी कि वे उनके लिए कुछ करेंगी, किंतु भाजपायी केंद्रीय व प्रांतीय शासकों को अब स्वयं में एक नवदृष्टि विकसित करनी होगी कि वे हिंदुओं की नागरिक सभ्यता, करदाता के रूप में उसके समर्पित दायित्व और सर्वोपरि जीने व जीवन के उसके मौलिक अधिकार की हर स्थिति में रक्षा-सुरक्षा करे। यदि भाजपा के नेतृत्व में ऐसा अभ्यास नहीं होता है, तो आगामी चुनावों में क्रुद्ध हिंदू के पास 'नोटा' के विकल्प के अतिरिक्त कोई अन्य मार्ग शेष नहीं होगा। इस बीच एक हतोत्साहित करने वाला समाचार देखा कि भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश में क्रिकेट खेलने जाएगी। बांग्लादेश के कारण गत सात-आठ माह से भारत के विभिन्न हितों की कितनी हानि हुई है! इस संदर्भ को सम्मुख रखकर यदि विचार किया जाए तो बांग्लादेश से तो हर प्रकार का संबंध विच्छेद कर उस पर सैन्य हमला कर देना चाहिए, किंतु दुर्भाग्य देखिए कि शासन को भारतीयता तथा हिंदू अस्मिता से अधिक प्रिय क्रिकेट का कारोबार दिखाई दे रहा है।

दुर्भाग्य इतने तक ही सीमित नहीं है। जब मुर्शिदाबाद में गरीब, असहाय और निरुपाय हिंदुओं पर प्राणघाती हमला हो रहा था और जीवनरक्षा के लिए वे पलायन कर रहे थे, तो महानगरीय भारतीय लोगों के लिए इससे महत्वपूर्ण आईपीएल के क्रिकेट मैच बने हुए थे। हिंदुओं की भावनाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। कभी राम मंदिर बनवाकर तथा कभी महाकुंभ का आयोजन करके हिंदुओं की धार्मिक आस्था के बल पर अर्थव्यवस्था में वृद्धि करके तो अब भारतीय युवा पीढ़ी को एक माह तक आईपीएल में 3 करोड़ जीतने के लालच में झोंककर। इन सभी गतिविधियों में हिंदुओं के माध्यम से शासकीय धनार्जन हो रहा है, पर तरह-तरह की सहायिकी उनको दी जा रही है जो हिंदुओं के पूर्ण दमन का संकल्प उठाये हुए हैं। स्थिति सोचनीय है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा के कुछ अनुत्तरित सवाल



वक्फ विरोध
चेतनादित्य आलोक
वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद के धुलियान कस्बे में वैसे तो वक्फ कानून का विरोध 08 अप्रैल से चल रहा था, लेकिन शुक्रवार 11 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद इलाके में माहौल अचानक तब बिगड़ गया, जब लगभग 150 लोगों ने मोहल्ले के निहत्थे और मासूम निवासियों पर जोरदार हमला कर दिया। जब 51 साल की बेबस और लाचार महिला जानकी मंडल ने फूट-फूट कर रोते हुए अपनी आंखों के सामने घटी घटना का टीवी पर वर्णन किया तो सचमुच बहुत दुःख हुआ। वह बता रही थीं कि बेकाबू भीड़ ने हिंदुओं के घरों और दुकानों में आग लगा दी। पुरुषों को मारा-पीटा और सबकी आंखों के सामने ही उनकी बेटी-बहुओं और माताओं का मान लूटने की कोशिश की।

## अपने ही देश में शरणार्थी बने

उग्र भीड़ में शामिल आतताइयों ने मोहल्ले वालों को धमकी दी कि भाग जाओ, वरना मारे जाओगे और लाचार मोहल्ले वाले चुपचाप यह सब देखते-सुनते रहे। फिलहाल, अपने ही देश में मालदा के वैष्णव नगर स्थित एक स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहीं जानकी मंडल ने यह भी बताया कि कैसे वह अपनी इज्जत और जान बचाकर बच्चों के साथ वहां से भागी थीं। बता दें कि यह पीड़ा केवल जानकी मंडल की नहीं, बल्कि वैष्णव नगर के स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहे लगभग चार दर्जन हिंदू परिवारों की भी है, लेकिन ऐसा सोचना मूर्खता होगी कि मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के सबसे अधिक पीड़ित और दुखी धुलियान कस्बे के लोग ही हैं। और ऐसा सोचने की भूल तो कदापि नहीं करनी चाहिए कि इस भयावह पीड़ा और संत्रास वाली निर्मम घटनाओं की चौहद्दी धुलियान कस्बे तक ही सीमित है, बल्कि सच तो यह है कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों से आने वाली इस पीड़ा और संत्रास की चीखें दूर-दूर तक किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए हृदय विदारक रही हैं। जाहिर है कि दुःख-दर्द, निराशा, हताशा, बेबसी, लाचारी और आक्रोश से भरी बिल्कुल धुलियान के लोगों जैसी ही कहानियां कई अन्य इलाकों की भी है। टीवी चैनलों की भीड़ में एक चैनल पर शमशेरगंज इलाके के प्रसेनजीत दास ने भी रोते-कलपते हुए अपनी आपबीती तथा आंखों देखी घटनाएं बताई। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद हिंसा के मृतकों में से दो लोग प्रसेनजीत दास के परिवार से ही थे। मृतकों में एक उनका चचेरा भाई हरगोविंद दास और दूसरा भतीजा चंदन था। प्रसेनजीत के अनुसार 10 अप्रैल की रात में लगभग 400 लोगों की भीड़ तलवार और छुरियां लहराते हुए मोहल्ले में घुसी। भीड़ में शामिल आतताइयों ने 25 से 30 घरों, होटलों, दुकानों आदि में तोड़-फोड़ की और उन्हें आग के हवाले कर दिया। आंखों में भय भरकर प्रसेनजीत ने बताया कि भीड़ बहुत उग्र थी, इसलिए हमलोग उनसे भिड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए और जो कुछ वे करते रहे हमलोग चुपचाप देखते रहे। उक्त घटना के संबंध में एक अन्य बेहद खौफजदा व्यक्ति ने बताया कि भीड़ की उग्रता और आतंक इतना था कि कोई कुछ भी करने में असमर्थ महसूस कर रहा था। इसलिए सभी अपनी-अपनी जान बचाकर भागने में ही



लगे रहे। जाहिर है कि ये सभी आपबीती तथा आंखो देखी पीड़ा-व्यथाएं बिल्कुल सच्ची हैं। इनके अलावा, एक और सच, जिसे अब पूरी दुनिया जान और समझ चुकी है, वह यह कि इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी बंगाल सरकार की मुखिया ममता बनर्जी की 'ममता' अब तक नहीं जाग पाई है। जरा सोचिए, कि बंगाल के मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियान, शमशेरगंज और जंगीपुर इलाकों में हुई हिंसा में कम से कम 03 लोगों की जान चली गई, 15 पुलिसकर्मी घायल हुए और सैकड़ों लोग बेघर हो गए। हालांकि, इस मामले में अब तक 300 से भी ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं, कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 1600 जवान भी तैनात किए जा चुके हैं।

## बीएसएफ व सीआरपीएफ तैनात

हिंसा प्रभावित शमशेरगंज के एक निवासी हबीबउर रहमान ने न्यूज एजेंसी को बताया कि बीएसएफ और सीआरपीएफ की तैनाती के बाद इलाके में माहौल शांत है। वैसे, खबरें यह भी आ रही हैं कि प्रशासन ने लोगों से दुकानें खोलने और अनुशासन बनाए रखने की बात कही है। वहीं, पीड़ित हिंदू परिवारों ने बीएसएफ की स्थायी तैनाती की मांग की है।

## चुनावी रणनीति में बिजी ममता

उनके भीतर उस उग्र भीड़ का ऐसा खौफ समाया है कि उन्हें लगता है कि यदि बीएसएफ हटी तो फिर से स्थितियां खराब हो सकती हैं। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत होता है कि ममता बनर्जी मृतकों और घायलों से मिलने व उनके आंसू पोंछने के बजाए लगभग एक वर्ष के बाद होने वाले बंगाल चुनाव की गोटियां बिछाने में लगी हैं। जाहिर है कि यदि ऐसा नहीं होता तो वह कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचकर इमामों से मिलने के बजाए मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के पीड़ित-प्रताड़ित, खौफजदा, बेबस और लाचार भुक्तभोगी परिवारों से मिलने, उनको मदद पहुंचाने और उनका दुःख-दर्द बांटने जातीं। यदि यह भी मान लें कि उनकी कोई राजनीतिक मजबूरी रही होगी, तो कम-से-कम पीड़ितों को सांत्वना देने के लिए वह अपना एक प्रतिनिधि ही भेज देतीं, लेकिन अब तक उन्होंने ऐसा भी नहीं किया है। हां, मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा उन्होंने अवश्य की है। बहरहाल, उक्त घटना के गर्भ से कुछ बेहद गंभीर सवाल उठे हैं, जो सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों को कठघरे में खड़े करने की ताकत रखते हैं। जरा सोचिए, कि कहां तो हम बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता करते नहीं अघाते थे, लेकिन हम तो अपने ही घर बंगाल के हिंदुओं की रक्षा कर पाने में असमर्थ साबित होने लगे हैं। और तो और, अब जांच एजेंसियां बता रही हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा की योजना तुर्की में बनाई गई थी, जिसे बांग्लादेश के रास्ते बंगाल तक पहुंचाया गया।

## खुफिया एजेंसियों पर सवाल

इसके लिए बाकायदा 2 महीने पहले ही ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें पुलिस से बचकर दंगा भड़काने और स्थानीय मदरसों से मदद लेने की भी बातें शामिल हैं। इस पर दो बेहद गंभीर सवाल बनते हैं। पहला, हालात ये हैं कि बांगलादेश में हिंदू प्रताड़ित हो रहे हैं और यूनुस सरकार चुप बैठी है। इधर, हिंदू पश्चिम बंगाल में भी सुरक्षित नहीं हैं। ममता सरकार अपना संवैधानिक दायित्व नहीं निभा रही है। दूसरा सवाल, यह कि राज्य और केंद्र की हमारी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं कि तुर्की में बनी और बांग्लादेश के रास्ते मुर्शिदाबाद तक पहुंची योजना को हम विफल नहीं कर पाए। जब हिंसा के दौरान बांग्लादेश से भारत में 71-150 कॉल किए गए, तब हमने उन्हें इंटरसेप्ट क्यों नहीं किया। वास्तव में ये कुछ सवाल हैं, जिनके उत्तर मिलना अभी शेष हैं।

24 माह की अवधि के भीतर क्षेत्र के लोगों को मिलेगी बड़ी सौगात

# मुख्यमंत्री आज 295.69 करोड़ की नीमच सिंगोली सड़क निर्माण का करेंगे भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 अप्रैल को जावद में आयोजित कार्यक्रम में 295.69 करोड़ की नीमच-सिंगोली सड़क परियोजना के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन करेंगे। इस सड़क की लंबाई 85.52 कि.मी. है। एमपीआरडीसी के जिला प्रबंधक ने बताया, कि इस मार्ग की चौड़ाई 10 मीटर तथा 1-1 मीटर दोनों तरफ शोल्डर होंगे, कुल 85.52 कि.मी. लम्बाई में से 75.39 कि.मी. में डामरीकृत तथा 10.13 किमी पी.क्यू.सी. (पेवमेन्ट क्वालिटी कांक्रीट) सड़क का निर्माण एवं 133 पुल-पुलियाओं का चौड़ीकरण-पुनर्निर्माण कराया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त कार्य 24 माह अवधि में पूर्ण किया जाएगा। उक्त मार्ग बनने से व्यवसायिक तथा घरेलू वाहनों को सुगम मार्ग मिलेगा तथा किसानों को उपज बेचने हेतु विभिन्न मंडियों में आने-जाने में सुविधा होगी तथा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा।



### रामपुरा में करेंगे रोड-शो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मनासा विधानसभा क्षेत्र के नगर रामपुरा में कॉलेज से कार्यक्रम स्थाल तक रोड-शो करेंगे तथा मेला ग्राउण्ड रामपुरा पर आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोसधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रामपुरा में लगभग 400 करोड़ की लागत से अधिक के विभिन्न। विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमि-पूजन एवं लोकापर्ण भी करेंगे। साथ ही विभिन्नस हितग्राहीमूलक योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रामपुरा के कार्यक्रम के बाद खिमला में चीता प्रोजेक्ट के तहत निर्मित गांधी सागर अभयारण के बाड़े में चीते छोड़कर गांधी सागर अभयारण प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने एथलीट हिमांशु जाखड़ को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सऊदी अरब में अंडर-18 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करने पर हरियाणा निवासी देश के प्रतिभावान एथलीट हिमांशु जाखड़ को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एथलीट हिमांशु जाखड़ ने स्वर्ण पदक जीतकर पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एथलीट जाखड़ की यह जीत कड़ी मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है, उन्होंने अद्भुत खेल प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हिमांशु जाखड़ को स्वर्णिम सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है।

### जावद में आज सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को नीमच जिले के जावद में महर्षि सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। सर्वसुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वर्ष 2022-23 में सीएम राइज विद्यालय की स्थापना की है, जो अब महर्षि सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाने जा रहे हैं। प्रथम चरण में नीमच जिले में 4 सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ हुए, जिसमें से 2 जावद विधानसभा क्षेत्र जावद तथा सिंगोली में प्रारंभ हुए हैं। द्वितीय चरण में 8 सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ हुए जिसमें से 5 जावद विधानसभा क्षेत्र के है। सांदीपनि विद्यालय जावद का भवन 37.11 करोड़ रूपये की लागत से बनकर तैयार है।

पांच दिवसीय प्रकृति मीडिया शाला कार्यशाला का शुभारंभ

# पर्यावरणीय संरक्षण के लिए हमें आगे आकर एकजुट होना होगा: डॉ. तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हम पर्यावरण के संसाधनों को जिस प्रकार दोहन कर रहे हैं तो जल्दी ही हमें दो पृथ्वी की आवश्यकता होगी। अतः अब समय रहते हमे पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आकर एकजूट होना होगा। यह विचार सेम ग्लोवल विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. एन. के. तिवारी ने पांच दिवसीय प्रकृति मीडिया शाला कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार द्वारा आयोजित यह कार्यकम साइंस सेन्टर, ग्वालियर म.प्र. द्वारा सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित किया जा रहा है। साइन्स सेंटर मप्र की सचिव संध्या वर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में जल, मिट्टी, जैवविविधता, पृथ्वी एवं वायुमण्डल तथा खगोल शास्त्र पर आधारित 50 से भी अधिक गतिविधियाँ सिखाई जा रही है तथा कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ विज्ञान संचारक डॉ. सैलेश जैन डीन फारमेसी सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय, डॉ. एस. के. सिन्हा गुजरात, डॉ.एस. के. सिंह उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। समन्वयन निमाह क्षेत्र की विज्ञान संचारिका हेमलता पालीवाल ने किया।



### 10 प्रदेशों के प्रतिभागी हो रहे शामिल

इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, छत्तीसगढ़, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, उड़ीसा, नागालैण्ड एवं दिल्ली के 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर के स्त्रौत वैज्ञानिक डॉ. सुनील दुबे पारिस्थितिकी वैज्ञानिक राजस्थान, डॉ. शेखर सरभाई मृदा वैज्ञानिक नई दिल्ली, डॉ. श्रीपर्णा सक्सेन पर्यावरणविद भोपाल, डॉ. कनकलता सिन्हा कृषि वैज्ञानिक गुजरात, डॉ. विपिन व्यास पर्यावरणविद् भोपाल, वीएल मलैया होशंगाबाद आदि प्रशिक्षित कर रहे हैं।

**शिकायतों के चलते हुई कार्रवाई**

# परिवहन उपनिरीक्षक सहित 2 महिला आरक्षक पर गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परिवहन चेक पॉइंट गाइडलाइन का उल्लंघन करते पाए जाने पर उपनिरीक्षक सहित सहित तीन कर्मचारियों को हटाकर उन्हें मुख्यालय अटैच कर दिया गया है। अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई से एक दिन पहले ही परिवहन आयुक्त ने सभी चेक पॉइंट को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। दरअसल, आयुक्त को उत्तरप्रदेश सीमा पर झांसी-सागर में चेक पॉइंट पर संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वॉड की प्रभारी उप निरीक्षक मीनाक्षी गोखले, परिवहन आरक्षक संध्या अहिरवार व रितु शुक्ला के खिलाफ शिकायत मिली थी।

उनके द्वारा वाहन चालकों के साथ अभद्रता करने करने की बात भी सामने आ रही थी। जिसकी शिकायत लगातार परिवहन आयुक्त के पास पहुंच रही थी। हाल ही में परिवहन चेक पॉइंट के लिए जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि बिना किसी को प्रताड़ति किए पारदर्शी तरीके से चेकिंग की जाए। स्क्वॉड के साथ संबद्ध ड्राइवर के अलावा कोई भी प्राइवेट व्यक्ति चेकिंग में शामिल नहीं होना चाहिए।

चालान केवल पीओएस मशीन के माध्यम से होना चाहिए। वहीं बॉडी वार्म कैमरा से चेकिंग करते समय दो कैमरे चालू हालत में हों। इसमें एक कैमरा लाइव मोड में रहे। प्रत्येक कैमरे को अधिकारी-कर्मचारी को आवंटित किया जाए और संबंधित उसी कैमरे का उपयोग करे।

यदि कोई प्राइवेट कर्मचारी संपर्क में आता है तो उसकी रिकॉर्डिंग भी करें। ड्राइवर और अन्य किसी से विवाद होता है तो उसकी बॉडी वार्म कैमरे से रिकार्डिंग होना अनिवार्य है।

आचार्य नरेंद्र देव नगर के बिहारी मोहल्ले की घटना

# आरोपियों की धरपकड़ करने पहुंची पुलिस टीम से झूमाझटकी, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित आचार्य नरेंद्र देव नगर बिहारी मोहल्ला में शुक्रवार दोपहर आरोपियों की धरपकड़ करने पहुंची अशोका गार्डन पुलिस की टीम से झूमाझटकी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुलिस पार्टी के साथ मारपीट करते हुए अपने परिचित को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने का प्रयास भी किया। हालांकि वह सफल नहीं हो सके और मौके से भाग निकले। अशोका गार्डन थाने के एसआई कि शिकायत पर ऐशबाग पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ झूमाझटकी और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार अशोका गार्डन पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया था। उसे रिमांड पर लिया गया तो उसने चोरी में साथ देने वाले अपने साथियों के नाम बताए। पुलिस आरोपी को लेकर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने शुक्रवार दोपहर बिहारी मोहल्ला ऐशबाग पहुंची। इस दौरान अशोका गार्डन से एसआई अजय दुबे और तीन महिला कांस्टेबल समेत दो कांस्टेबल पहुंचे। पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश दी तो भगदड़ मच गई। भागने के प्रयास में एक आरोपी टीनशेड पर चढ़ गया और दो महिला समेत उनके साथ मौजूद युवक ने पुलिस से झूमाझटकी और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान महिला आरोपियों ने महिला कांस्टेबल के साथ भी मारपीट की। एसआई अजय दुबे ने बताया कि पुलिस कस्टडी में जिस आरोपी को वह लेकर पहुंची थी आरोपियों ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया था, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। पुलिस ने टीनशेड पर चढ़े युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो वह टीनशेड से नीचे गिर गया और उसके पैर में चोट आई है। पुलिस ने उक्त मामले में रुकसाना उर्फ रूकमणि, जोया उर्फ रानी, अरशद उर्फ अशद सहित निक्की के खिलाफ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। अरशद और एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

जहांगीराबाद पुलिस ने आरोपियों को दबोचा, निकाला जुलूस

# हॉर्न बजाने का विरोध करने पर युवक को चाकू मारने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जहांगीराबाद पुलिस ने शुक्रवार दोपहर बाइक सवार युवक के साथ गाली-गलौज कर चाकू से हमला करने वाले दोनों बदमाशों को चौबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। बाइक सवार ने हार्न बजाने का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सार्वजनिक स्थानों से जुलूस निकाला। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी अलग-अलग थानों में प्रकरण दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक जहांगीराबाद निवासी सोहेल सिद्दीकी (34) शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे पीपल वाली गली मदीना डेयरी के पास मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी पीछे से आए एक्टिवा सवार दो युवक बेवजह हार्न बजाने लगे। सोहेल ने बिना वजह हार्न बजाने से मना किया तो दोनों लडके गाली-गलौज करने लगे और पीठ पर छुरी मारकर भाग निकले। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारदार हथियार से हमला करने का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इस दौरान नीली स्कूटर पर मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया गया। पहचान होने पर पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

आरोपियों के नाम सेफ उल्लाह उर्फ खबड़ा (23) निवासी अहीर मोहल्ला जहांगीराबाद और अनस खान (22) निवासी बड़वाली मस्जिद के पास जहांगीराबाद बताए गए हैं। आरोपी सेफ के खिलाफ सात व आरोपी अनस के खिलाफ तीन प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# वाहन चैकिंग कर रहे प्रधान आरक्षक और आरक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप

- महिला थाना पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण, अवधपुरी में महिला के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

अवधपुरी थाना क्षेत्र में वाहन चैकिंग के नाम पर महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना गत 17 अप्रैल की शाम की है। महिला ने घटना की शिकायत महिला थाने पहुंचकर की है। इधर, महिला के खिलाफ अवधपुरी पुलिस ने झूमाझटकी और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज किया है।

महिला थाना पुलिस ने बताया कि 33 साल की महिला अवधपुरी इलाके में रहती हैं। उसने पुलिस को महिला थाना पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 17 अप्रैल को वह घर से सामान खरीदने परिचित के साथ मार्केट गई थी। इस दौरान अवधपुरी पुलिस का थाने से कुछ दूरी पर चैकिंग पॉइंट लगा था। चैकिंग पॉइंट पर प्रधान आरक्षक अतुल चौकसे और आरक्षक जितेंद्र थे। अतुल ने पीड़िता की गाड़ी रोकी और पूछताछ करने लगा। इस दौरान अतुल चौकसे ने अभद्रता की। विरोध करने पर चार-पांच थप्पड़ भी मारे। उसके साथ अभद्रता और मारपीट होती देख आरक्षक जितेंद्र मूकदर्शक बना रहा। प्रधान आरक्षक अतुल कहने लगा-इसका वीडियो बनाओ। वह कहने लगा तेरी गाड़ी अब कोर्ट से ही छूटेगी।

### झूमाझटकी और मोबाइल तोड़ने का आरोप

इधर, प्रधान आरक्षक अतुल चौकसे ने चैकिंग पॉइंट से लौटकर थाने में रोजनामचा में रिपोर्ट डाली थी। इस आधार पर अवधपुरी पुलिस ने महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। अतुल चौकसे का आरोप है कि महिला के साथ मौजूद परिचित का वाहन रोका गया था। हेलमेट नहीं होने के कारण चालानी कार्रवाई की जा रही थी। इसी बीच महिला ने विरोध किया कि कोई चालान नहीं दिया जाएगा। वह अभद्रता कर रही थी। लिहाजा उसका वीडियो बनाना चाहा, लेकिन उसने हाथ से मोबाइल छीनकर पटक दिया और झूमाझटकी भी की।

# लापता युवक की भदभदा डैम में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

रातीबढ़ थाना क्षेत्र स्थित भदभदा डैम में शुक्रवार शाम एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक दो दिन से लापता था। अनुमान है कि उसने डैम में कूदकर आत्महत्या की है। पुलिस के अनुसार शेखर राठौर पिता दरबार राठौर (21) कलखेड़ा, रातीबड़ में रहता था। वह शराब पीने का आदी था। मृतक की मां ने बताया कि वह अक्सर शराब के नशे में हंगामा करता था। 16 अप्रैल को वह घर से बिना बताए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। शुक्रवार शाम पुलिस ने उसकी लाश डैम से बरामद की है। पुलिस ने लाश पीएम के लिए भेज दी है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

संबलपुर में भारतीय प्रबंधन संस्थान दीक्षांत समारोह, बोले प्रधान सचिव

# 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य केवल जीडीपी का आंकड़ा नहीं, बल्कि यह लाखों लोगों को गरीबी से उबारने के बारे में है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा का कहना है कि 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य केवल जीडीपी का आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह लाखों लोगों को गरीबी से उबारने, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, सुरक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण के बारे में है। संबलपुर में भारतीय प्रबंधन संस्थान के 9वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान शनिवार कोस्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. मिश्रा ने दोहराया की प्रधानमंत्री चाहते हैं कि हम सभी सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की प्रक्रिया के माध्यम से देश को अगले स्तर पर ले जाएं। इस प्रयास में हम सभी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि भारत 2047 तक एक विकसित देश बन जाए।

### महत्वपूर्ण मोड़ पर है वैश्विक अर्थव्यवस्था



उन्होने वर्तमान भू-राजनीतिक और आर्थिक संदर्भ में अवसर और चुनौतियां विषय पर भी व्याख्यान दिया और कहा कि हम एक दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण समय में रह रहे हैं क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, संरक्षणवादी नीतियों, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और बदलते वैश्विक व्यापार पैटर्न सहित जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जहां हम अभूतपूर्व गति से तकनीकी सफलताएं देख रहे हैं; वहीं आपूर्ति श्रृंखलाओं की फिर से कल्पना की जा रही है और व्यापार संबंधों को फिर से परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु और स्थिरता हर बातचीत के केंद्र में हैं और इस मंथन के बीच, एक बात स्पष्ट है - भविष्य सिर्फ विरासत में नहीं मिलेगा, बल्कि इसे बनाया जाएगा।

डॉ. मिश्रा ने भारत की सुदृढ़ता पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत की वैश्विक स्थिति सकारात्मक है क्योंकि यह आंतरिक परिवर्तन के साथ-साथ वैश्विक गतिशीलता में भी बदलाव ला रहा है।

**स्थानीय खेल समाचार**

# सौम्या तिवारी का एनसीए कैम्प बैंगलोर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अरेरा अकादमी की शिष्या सौम्या तिवारी का 22 अप्रैल से 15 मई तक के बैंगलोर कैम्प के लिए बीसीसीआई द्वारा गठित ऑल इंडिया विमेंस चयन समिति द्वारा चयनित किया गया है। यह सब सौम्या के लगातार हाई परफॉर्मेंस दिए जाने के कारण संभव हो सका है। पिछले दो राष्ट्रीय सत्रों में एक दिवसीय और टी 20 फार्मेट में सौम्या ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वर्तमान सत्र में सौम्या ने टी 20 में एक शतक के साथ तीन अर्द्ध शतकीय पारी खेल कर कुल 425 रन बनाए। एक दिवसीय प्रतियोगिता में 6 अर्द्धशतक और 01 शतक लगा कर कुल 668 रन बनाए। अभी हाल ही में इंटर डिविजन स्टेट टूर्नामेंट में रीवा के खिलाफ नाबाद 136, शहडोल के खिलाफ 100 और चंबल डिविजन के खिलाफ 59 रनों की पारी भी खेली है। उल्लेखनीय है कि सौम्या ने 2023 में विनिंग शॉट लगा कर पहली बार इंडिया को वर्ल्ड कप चैंपियन बनाया और उप कप्तानी से एशिया अंडर 23 इमर्जिंग क्रिकेट कप जिताया।

### बीडीसीए अध्यक्ष सिंह समेत पदाधिकारियों ने दी बधाई

सौम्या के चयन पर बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, बीडीसीए पदाधिकारीगण सहित अरेरा अकादमी के मुख्य कोच सुरेश चैनानी, सचिव हेमंत कपूर, सहायक कोच अब्दुल जमील, ज्योतिरादित्य सिंह, मुस्सवर हुसैन, अंकित ग्रोवर, सोनू अहिरवार उपाध्यक्ष अविनाश बुरबुरे, मानसिंह, मुकेश भटनागर एवं शांतनु शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए सौम्या के उज्ज्वल भविष्य के शुभकामनाएं दी।

ऑल इंडिया रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का परिणाम

# भोपाल के अनिकेत और नैतिक ने ऑल इंडिया टेनिस में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





राजधानी के उभरते टेनिस खिलाड़ी अनिकेत चौबे और नैतिक जैन ने आल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। अनिकेत ने दिल्ली में और नैतिक ने इंदौर में यह सफलता प्राप्त की है। दोनों खिलाड़ी सलैया स्थित ऐस टेनिस अकादमी में कोच आदित्य सूर और सुजोय सुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

कोच आदित्य सूर ने बताया कि दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के अंडर 18 बालक वर्ग के डबल्स में मप्र के अनिकेत ने मप्र के ही ध्रुव सोनी के साथ जोड़ी बनाकर फाइनल में दिल्ली के ज्ञान मनचंदा और अहान खन्ना की जोड़ी को 6-2,6-4 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं अनिकेत चौबे ने सिंगल्स में रजत पदक जीता। अनिकेत को फाइनल में दिल्ली के अर्श कथूरिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। वहीं इंदौर में आयोजित आल इंडिया रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के बालक वर्ग के अंडर 12 के डबल्स में मप्र के नैतिक जैन और महाराष्ट्र के अरिंजय के साथ जोड़ी बनाकर खिताब जीता। इस जोड़ी ने महाराष्ट्र के आदित्य और कबीर की जोड़ी को 6-0, 6-2 से हरकार खिताब पर कब्जा जमाया।

इंदौर के उद्योगपति विनोद अग्रवाल का मिला सहयोग

# कुक स्ट्रेट स्विमिंग अभियान के लिए पद्मश्री सतेंद्र सिंह जाएंगे न्यूजीलैंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।


मध्य प्रदेश के गौरव, अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग तैराक एवं पद्मश्री सम्मानित सतेंद्र सिंह लोहिया आगामी न्यूजीलैंड कुक स्ट्रेट ओपन वॉटर स्विमिंग अभियान के लिए दिसंबर में भाग लेने न्यूजीलैंड जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक अभियान की तैयारी के सिलसिले में बीते इंदौर के प्रसिद्ध उद्योगपति विनोद अग्रवाल ने उनके इस टूर के लिए विशेष सहयोग दिया है। अग्रवाल ने अपने कार्यालय में आमंत्रित कर न केवल सम्मानित किया, बल्कि इस अभियान के लिए अपना सहयोग भी प्रदान किया।

इस विशेष अवसर पर सतेंद्र सिंह लोहिया ने उद्योगपति विनोद अग्रवाल के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, वे मेरे लिए किसी दिव्य मार्गदर्शक से कम नहीं हैं। उनकी दयालुता और विनम्रता मेरे दिल को गहराई से छूती है। वह वास्तव में एक महान और प्रेरक व्यक्तित्व हैं। उनसे मिलकर मुझे आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली है।



### सतेंद्र के नाम ये उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज

उल्लेखनीय है कि सतेंद्र सिंह लोहिया अब तक कई अंतरराष्ट्रीय समुद्री जल तैराकी अभियानों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और उनके नाम इंग्लिश चैनल, कैटलीना चैनल, नॉर्थ चैनल जैसे विश्वविख्यात अभियानों में सफलता दर्ज है।



# चार लफ़्ज़ों में कहें क्यूं कर फ़साना राम का, चांद तारे कर रहे, जश्न की तैयारियां

## शेर-ओ-अदब में मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर आधारित ग़ज़ल प्रस्तुति, रक़्से सूफ़ियाना एवं क़व्वाली

हरिभूमि न्यूज ⏩भोपाल

सारे आलम में मिसाली है घराना राम का, चार लफ़्ज़ों में कहें क्यूं कर फसाना राम का, चांद तारे कर रहे हैं, जश्न की तैयारियां, हैं गुलो बुलबुल के लब पर भी तराना राम का..... मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर आधारित वेद पंड्या की ग़ज़ल की सांगीतिक प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौका था मप्र उर्दू अकादमी द्वारा सूफ़ी सम्मेलन के अंतर्गत उर्दू शेर-ओ-अदब में मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर आधारित ग़ज़ल प्रस्तुति, दास्तान गोई, रक़्से सूफ़ियाना एवं क़व्वाली के आयोजन का।



**जन्म लेता है नूरानी पैकर**

रवीन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर कहा कि जब कोई सूफ़ी राम के गुणों को अपनाता है और जब राम के चरित्र में उसको सूफ़ी परंपरा की रौशनी दिखाई देने लगती है तो एक नूरानी पैकर जन्म लेता है। जिसे हम मर्द-ए-कामिल कहते हैं। ऐसा इंसान जो ईश्वर का प्रिय हो और सृष्टि के लिए रहमत।





### बिफरे हुए थे लक्ष्मण

इसके बाद प्रख्यात प्रथम महिला दास्तान गो फ़ौज़िया ख़ान एवं फ़ीरोज़ ख़ान ने दास्तान गोई के तहत दास्ताने राम प्रस्तुत की।

दास्ताने राम की चंद पंक्तियों में लक्ष्मण बिफरे हुए थे मालिके दौरां के सामने, ठंडा किया लखन को इशारे से राम ने, फिर पहुंचे धनुष को हाथ में तिनका सा थामने और पलक झपकते ही लचाके कमान को दो टुकड़े कर दिया राम ने।

### सूफ़ी नृत्य ने बांधा समां

दास्तान गोई के पश्चात प्रख्यात सूफ़ी नृत्यांगना रानी ख़ानम ने अपने दल के साथ मनमोहक सूफ़ी नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में राम पर आधारित महफ़िले क़व्वाली में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क़व्वाल मुकर्रम वारसी एवं साथियों ने क़व्वाली पेश कर समा बांधा। उन्होंने जो व्वालियां प्रस्तुत की उनमें तोरी सूरत के बल्हारी, हमने ही लहू ले देके गुलशन को सवारा है, छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाइ के, नमी-दानम चे मंज़िल बूद शब जाए कि मन बूदम और मरीज़े मोहब्बत उन्हीं का फ़साना सुनाता रहा दम निकलते निकलते शामिल हैं।

---

# पीआरएसआई आज करेगी महिला पत्रकारों का सम्मान

**भोपाल।** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर द्वारा रविवार, 20 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक संजय कुमार जैन को लोक संपर्क सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान रवीन्द्र भवन भोपाल के गौरांजनी सभागार में प्रातः साढ़े दस बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही पत्रकारिता मीडिया, टीवी मीडिया और कार्पोरेट मीडिया में कार्यरत महिला पत्रकारों, टीवी एंकरों और जनसंपर्क प्रोफेशनल्स को अचला और उदिता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि भोपाल के वाइस चांसलर विजय मनोहर तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर, वरिष्ठ फिल्म संपादक रेखा खान, जवाहरलाल नेहरू विवि की प्रोफेसर डॉ. अर्चना कुमारी एवं पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट एसपी सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में 'रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः रोल ऑफ पब्लिक रिलेशंस' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा।



■ जनसंपर्क अधिकारी संजय जैन को मिलेगा लोक संपर्क

---

**प्रत्येक छात्र पांच दिन गांवों में जाकर रहता है ताकि वास्तविक ग्रामीण समस्याओं से हो सके अवगत**

# भावी नेता तैयार करने वाली देश की एकमात्र यूनिवर्सिटी 'एमआईटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी'

पुणे से लौटकर मधुरिमा राजपाल ⏩भोपाल

प्रत्येक वर्ष संचालित होती भारतीय छात्र संसद, जिसमें शामिल होते हैं अलग-अलग पार्टी के नेता

भारत में जनप्रतिनिधियों के लिए भी शिक्षा के मानक निर्धारण की बात की जाती रही है ताकि एक शिक्षित जनप्रतिनिधि वास्तव में जनता की आवश्यकता को समझकर निर्धारित कदम उठाए और सही दिशा में देश के विकास में योगदान दे और इसके लिए नेताओं को शिक्षित होना आवश्यक है। ऐसे ही शिक्षित भावी नेताओं को तैयार करने का काम कर रही है 1983 से संचालित पुणे में स्थित एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी। जिसमें भविष्य के नेताओं को विकसित करने के उद्देश्य से रामचरण स्कूल ऑफ लीडरशिप, जैसे कोर्सेस शामिल है। यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे एमआईटी ने 2005 में अपना स्कूल ऑफ गवर्नमेंट स्थापित किया, जो राजनीतिक नेतृत्व और सरकार में मास्टर प्रोग्राम प्रदान करता है। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी द्वारा ग्रामों की स्थिति दिखाने और वास्तविक ग्रामीण समस्याओं से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रत्येक छात्र को अपने पाठयक्रम के दौरान पांच दिन गांवों में रहकर वहां की स्थिति, परेशानी और शासन द्वारा संचालित योजनाओं की ग्राउंड रिपोर्ट भी तैयार करनी होती है, जिससे छात्र भारत के ग्रामीण जनसंख्या की समस्याओं को समझें।




### भारतीय राजनीति में विचारधाराओं के महत्व पर बल देना उद्देश्य

राहुल ने बताया कि इस संसद की खासियत रही कि इसमें पार्टी के विचारों से परे एक अच्छे नेता बनने के गुण कैसे विकसित किए जाएं इससे छात्रों को अवगत कराया गया साथ ही वाम, दक्षिणपंथी या अन्य किसी राजनीतिक दृष्टि से परे, इस ससंद में भारतीय राजनीति में विचारधाराओं के योगदान पर बल दिया।



### रूरल इमरजिंग प्रोग्राम से समस्याएं समझते हैं छात्र

वहीं डीन अकेडमिक डॉ अक्षय मल्होत्रा ने कहा कि एमआईटी-डब्ल्यूपीयू बच्चों को वास्तव में ग्रामीण समस्याओं से अवगत कराने रूरल इमरजिंग प्रोग्राम भी आयोजित किए जाते हैं जिसके अंतर्गत यूनिवर्सिटी के प्रत्येक छात्र को अपने सत्र के दौरान पांच दिन गांवों में जाकर रुकना पड़ता है जहां छात्र ग्रामीण जनता की समस्याओं को समझते हैं, उनके समाधान तलाशते है। साथ ही शासन द्वारा ग्रामीणों के लिए संचालित योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन को भी समझा जाता है।

### रेवड़ी कल्चर पर खुलकर बोलते हैं यहां के छात्र

राहुल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शासन और राजनीतिक व्यवस्था में भविष्य के नेताओं को तैयार करना है, जिसमें राजनीतिक रणनीति, विश्लेषण, चुनावी प्रक्रिया और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसके साथ ही छात्र डिबेट भी आयोजित की जाती है जिसमें छात्र रेबड़ी कल्चर भी खुलकर चर्चा करते हैं।

### 14वीं भारतीय छात्र संसद में शामिल हुए कई दिग्गज



एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग ट्रस्टी और यूनिवर्सिटी के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल वी कराड ने हरिभूमि से कहा कि छात्रों को इंटर्नशिप प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में राजनेताओं के साथ काम करने का प्रत्यक्ष अनुभव भी मिलता है। राहुल ने कहा कि एक अच्छा भावी नेता बनाने हम 2011 से भारतीय छात्र संसद (बीसीएस) का आयोजन करते आए हैं। इस साल फरवरी में 14वीं बीसीएस का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस संसद में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी और बोट लाइफस्टाइल के सीएमओ अमन गुप्ता सहित कई दिग्गज शामिल हुए, जिनकी भागीदारी ने नेतृत्व की पीढ़ियों को जोड़ने में बीसीएसके महत्व को उजागर किया।

---

## ब्रह्मांडीय नर्तक भगवान नटराज को समर्पित रही 'नटेश कौतुकम' की प्रस्तुति



# अयप्पा मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 'नृत्यर्पण' की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏩भोपाल

नटेश कौतुकम ब्रह्मांडीय नर्तक भगवान नटराज को समर्पित एक जीवंत रचना है। उनका दिव्य नृत्य, आनंद तांडव, सृजन, संरक्षण और विनाश का प्रतीक माना जाता है, वहीं आदि शंकराचार्य द्वारा रचित भवानी अष्टक की प्रस्तुति मां भवानी को समर्पित रही। राग भैरवी और आदि ताल में निबद्ध ह्दय स्पर्शी इन प्रस्तुतियों का संयोजन देखने को मिला शनिवार को अयप्पा मंदिर में संचालित प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत नृत्यर्पण में। नृत्य संरचना सुप्रसिद्ध वरिष्ठ भरतनाट्यम नृत्यांगना एवं गुरू डॉ. मंजू मणि हतवलने द्वारा किया गया। प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी के 30 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम के पूर्वार्ध में पारंपरिक भरतनाट्यम प्रस्तुतियां जैसे पुष्पांजलि, लारिप्पु, कीर्तन आदि हुई।



### गोधूलि की देवी को प्रणाम करती 'संध्या वंदनम'

प्रस्तुति की शुरुआत नृत्यांगनाओं ने पुष्पांजलि से की इसके बाद देवताओं के लिए एक आह्वान के रुप में अलारिप्पु की प्रस्तुति खास रही। पूर्णतः लय पर आधारित इस प्रस्तुति में तिश्रं, चतुरस्त्रम, खंडम, मिश्रं और संकीर्ण जैसी पांच जथियों में विभाजित किया। अगली कड़ी में महा गणपतिम की प्रस्तुति देखने को मिली वहीं गोधूलि की देवी को प्रणाम करती संध्या वंदनम की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बंटौरी।

---

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम के साथ मनाया विद्या प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏩भोपाल

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में नव प्रवेशित कक्षा बालवाटिका-3 एवं कक्षा पहली के बच्चों का विद्या प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम, उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसमें जियो तो हर पल ऐसे जियो... गाने पर बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी।



# सुर माला में बिखरेंगे आज संगीत के सुर

**भोपाल।** राजधानी का चर्चित म्यूजिकल ग्रुप सुरमाला के सुर कल रविवार को प्रदेशभर के सिंगर बिखेरने जा रहे हैं। बावड़िया कलां के डीके देवस्थली के वेरेंडा रेस्टॉरेंट में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 50 से अधिक सिंगर अपनी आवाज का जादू बिखरेंगे। ग्रुप संयोजक सुरंगमा सक्सेना (मोना) एवं मनीष सक्सेना ने बताया कि रविवार दोपहर 2 से रात 8 बजे तक होने वाले इस कार्यक्रम में जनसंपर्क अधिकारी एवं सिंगर अशोक मनवाणी, जबलपुर से पुलिस अधिकारी विक्रम सिंह, इंदौर से इंजीनियर संतोष सक्सेना, भोपाल के मोहन बेलानी, चारुदत्त, अजय खंगन, सुमन, शक्ति समेत अनेक सिंगर अपने सुर बिखेरते नजर आएंगे। यहां बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों के एकत्रित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# मृगनयनी जीटीबी में चंदेरी उत्सव आज से

*चंदेरी के बुनकर आंगतुकों को कराएंगे बारीकियों से अवगत*

हरिभूमि न्यूज ⏩भोपाल

मृगनयनी जीटीबी में मप्र हस्त शिल्प एवं हाथ करघा विकास निगम द्वारा 20 से 28 अप्रैल तक चंदेरी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन शनिवार शाम पांच बजे वरिष्ठ शिल्पी की उपस्थिति में कर दिया गया। इस उत्सव में मृगनयनी मप्र हस्त शिल्प एवं हाथ करघा विकास निगम के नवीन डिजाइनों में स्थापत्य कला के डिजाइन चंदेरी की बुनाई में चंदेरी के ऐतिहासिक बादल महल के डिजाइन की प्रतिकृति एवं अशर्फी जुगनु बुटी तथा सोने चांदी के मिश्रण से बनी जरी को बुनाई के माध्यम से दर्शाया गया है जिसमें डिब्या चेक बुनाई खास है। साथ ही इस उत्सव में चंदेरी के बुनकर मो. सगीर, मो. असद खान एवं मुज्जफर खान चंदेरी से आए हैं जो चंदेरी की बुनाई की बारीकियों से आगन्तुकों को अवगत कराएंगे। उत्सव रोजाना रोजाना समय 11 बजे से रात 8 बजे तक होगा।



---

# प्रतिभागी सीखेंगे अभिव्यक्ति और शारीरिक गति

**भोपाल।** गोविंद गार्डन, गोविंदपुरा, भोपाल में बच्चों के लिए एक माह की नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 5 मई से आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को एकाग्रता, इम्प्रोवाइजेशन, अभिव्यक्ति, शारीरिक गति, दृश्य निर्माण, शरीर और आवाज का प्रशिक्षण, माइम तथा अनुकरण जैसी रंगमंचीय विधाओं का अभ्यास कराया जाएगा।

इन विविध विषयों को सिखाने हेतु माइम, बॉडी मूवमेंट आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ आमंत्रित किए जाएंगे। कार्यशाला प्रतिदिन शाम 6 बजे से 8 बजे तक संचालित होगी। जिसमें आयु सीमा 15 वर्ष से ऊपर है। इस नाट्य कार्यशाला के निर्देशक आदर्श ठस्सू रहेंगे।

**गीत-संगीत की दुनिया के नामचीन गायकों से सजी सिनेमा की संगीत यात्रा**

# सिनेमा की संगीत यात्रा में उमड़ा संगीत प्रेमियों का सैलाब, सुनाए नए-पुराने गीत

हरिभूमि न्यूज ⏩भोपाल

शहर के संगीत प्रेमियों के लिए हाल ही में मण्डप संस्था द्वारा रवीन्द्र भवन में गीत-संगीत की दुनिया के नामचीन गायकों अमरनाथ बैनर्जी और सुहास फड़नीस की स्मृति में सिनेमा की संगीत यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में शहर के गायकों ने भाग लिया। भोपाल में पहली बार फिल्मी गीतों का ऐसा कार्यक्रम हुआ जिसमें पुराने और नये गाने शहर के वरिष्ठ और युवा गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक भोपाल सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक चन्द्रशेखर शर्मा एवं स्टेट बैंक महिला क्लब की अध्यक्ष गीतू शर्मा ने अंजलि बैनर्जी एवं मेघा फड़नीस को मण्डप की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किये कार्यक्रम के विशेष अतिथि वरेण्यम मोटर्स से मनोज जोहरी एवं विशाल जोहरी व आकाशवाणी के निदेशक राजेश भट्ट थे।



**मेरे मेहबूब कयामत होगी...**

वहीं नलिन शर्मा ने मेरे मेहबूब कयामत होगी गीत से किशोर कुमार को याद किया। हाल ही में दिवंगत हुए सिने जगत के प्रसिद्ध अभिनेता व निर्माता निर्देशक मनोज कुमार को श्रद्धांजलि देने के लिए उन पर फिल्माए अमानत फिल्म के रफी साहब द्वारा गये गीत दूर रहकर न करो जैसे ही अशोक सिंह ने शुरू किया।

### ऐ मालिक तेरे बंदे हम... से संगीत यात्रा का शुभारंभ

संगीत की इस यात्रा का आरम्भ भोपाल के विख्यात संगीतज्ञ डॉ. अश्विना रांगणेकर एवं अशोक सिंह ने ऐ मालिक तेरे बंदे हम के साथ किया जिसमें पूरे समूह ने साथ दिया। इसके बाद बाद 1950 के दशक से मधुर गीतों का जो सिलसिला शुरू हुआ तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। जिसमें डॉ अश्विना रांगणेकर ने 1954 में आई नागिन फिल्म के लता द्वारा गाये सुपरहिट गीत मेरा दिल ये पुकारे आजा से की। ये रात भीगी भीगी ये मस्त फिजाएं युगल गीत ने श्रोताओं की खूब तालियां बंटोंरी।

## नूंह में 15 लाख मुस्लिम लेंगे भाग, 21 एकड़ में लगा पंडाल

# तब्लीगी जमात का विशेष जलसा शुरू, अमीर व साद भी करेंगे शिरकत

### 3 दिनी जलसे को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर बैठकों का दौर जारी

एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में 19 से 21 अप्रैल तक तीन दिवसीय तब्लीगी जमात का विशेष जलसा शुरू हो गया है। इस आयोजन में तब्लीगी जमात के अमीर, मौलाना साद साहब खुद शिरकत करेंगे। देशभर से करीब 15 लाख मुसलमानों के इस जलसे में शामिल होने की उम्मीद है। जलसे को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर बैठकों का दौर जारी है। लोगों से भी सहयोग की अपील की जा रही है। जलसे की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। करीब 21 एकड़ भूमि पर विशाल पंडाल तैयार किया गया है, जबकि 100 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र को लोगों के बैठने के लिए आरक्षित किया गया है।



**20-20 एकड़ की पार्किंग बनी**

यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। शहर की चारों दिशाओं में 20-20 एकड़ की पार्किंग बनाई गई है, जिससे किसी प्रकार की भीड़भाड़ न हो। कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कें पैदल यात्रियों के लिए खुली रहेंगी, जबकि वाहन यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। पंडाल के बाहर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा और अंदर की सारी व्यवस्थाएं जमात से जुड़े वालंटियर्स संभालेंगे।

**मेवात की साझा संस्कृति**

#### एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया

इस बड़े धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर तैयारी चल रही है। इससे पहले जलसा राजस्थान के मेवात क्षेत्र में किया गया था। मीडिया कोऑर्डिनेटर रफीक मास्टर ने बताया कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित कई राज्यों में मेवात के नाम से ही इस जलसे की पहचान बनी हुई है। यह सिर्फ एक धार्मिक जलसा नहीं, बल्कि मेवात की साझा संस्कृति, एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जिसमें लाखों लोग दूर-दूर से आकर शामिल होते हैं।



**विदेशी फंडिंग की शिकायत**

#### अजमेर दरगाह में आय-व्यय की जांच करेगी कैग की टीम

**अजमेर।** यहां की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में सीएजी आमदनी-चढ़ावे और खर्च की जांच करेगी। दरगाह के खादिमों की दोनों अंजुमनों की जांच अब सीएजी करेगी। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया ने हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने की जानकारी दी। दिल्ली हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट और अंजुमनों के अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह को जानकारी दी और आर्डर कॉपी दिखाई।

**खादिमों की दो अंजुमन संस्थाएं**

दरगाह पर खादिमों की दो अंजुमन यानी संस्थाएं हैं। दरगाह में दान पात्र में चढ़ावे की रकम सरकार की देखरेख में संचालित होने वाली दरगाह कमेटी को मिलती है। जायरीनों यानी श्रद्धालुओं को दरगाह में दर्शन का काम खादिम करते हैं।

---

**खबर संक्षेप**

#### नाबालिग से गैंगरेप डेंटिस्ट-व्यापारी पर केस



**चंडीगढ़।** सेक्टर 19 थाना पुलिस ने एक डेंटिस्ट और मुल्लांपुर के एक कपड़ा व्यापारी पर गैंगरेप का केस दर्ज किया है। दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख की रंगदारी मांगने के आरोप में डेंटिस्ट की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सामूहिक दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कर मुल्लांपुर थाने को भेजी है।

#### मंदिर की छत गिरी 3 भाई-बहन की मौत



**औरैया।** जिले में बिधूना कोतवाली क्षेत्र के गांव मढा माझी झील में बहुत बड़ा हादसा हो गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर मंदिर के पिलर से टकरा गया। इससे मंदिर की छत टूटकर नीचे गिर गई, जो एक परिवार पर गिर गई। हादसे में 4 लोग गंभीर घायल हो गए। डॉक्टर ने भाई-बहन को मृत घोषित कर दिया, जबकि पिता-पुत्री की हालत गंभीर है।

#### मलयालम एक्टर शाइन टॉम चाको गिरफ्तार



**कोच्चि।** केरल के मशहूर मलयालम अभिनेता शाइन टॉम चाको को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शाइन पर ड्रग्स लेने और नशीले पदार्थों का सेवन करने का आरोप है। केरल के एर्नाकुलम टाउन के नॉर्थ पुलिस स्टेशन में चार घंटे तक उनसे पूछताछ की गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

#### 14वीं मंजिल से कूदकर आर्किटेक्ट ने दी जान



**जयपुर।** यहां एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां 42 वर्षीय आर्किटेक्ट ने हाईराइज बिल्डिंग की 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान भरत कुमारके रूप में हुई है। भरत ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा। उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और उनके पति को जिम्मेदार ठहराया है।

---

## शाहजहांपुर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

# ममता सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा, राष्ट्रपति शासन लगाएं

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

यहां विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता शनिवार को खिरनीबाग स्थित जीआईसी मैदान में एकत्र हुए। कार्यकर्ता वहां से जुलूस की शक्ल में कलक्ट्रेट पहुंचे। कलक्ट्रेट गेट पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पश्चिम बंगाल की ममता बेनर्जी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। कलक्ट्रेट गेट पर ज्ञापन देने से पूर्व प्रांत मंत्री अनुज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल की ममता सरकार भारत के संघीय ढांचे को ध्वस्त कर अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में आ चुकी है। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को निर्बाध रूप से आने दिया जा रहा है। उनके आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। विहिप ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने, हिंसा की जांच एनआईए से कराने और दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की।

### हिंसा की जांच एनआईए से कराने और दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की

**बंगाल सरकार ने संघीय ढांचे को ध्वस्त किया**




**घुसपैठियों की पहचान कर उनको देश से निष्कासित करें**

इसके अलावा पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में देने, घुसपैठियों की पहचान कर उनको देश से निष्कासित करने और पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश की सीमा पर तार लगाने का काम करने का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन देने वालों में महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह, अभिनव ओमर, सुमित खन्ना, श्रीओम गुप्ता, नवनीत त्रिपाठी आदि थे।

**राज्यपाल ने फोन नंबर दिया और बोले- शांति चाहते हैं लोग, केंद्र को भेजेंगे रिपोर्ट**

राज्यपाल ने मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। बोस ने कहा कि केंद्र सरकार को प्रदेश की कानून-व्यवस्था से जुड़ी रिपोर्ट भी भेजेंगे। बोस ने कहा कि पीड़ित सुरक्षित महसूस करना चाहते हैं। पीड़ितों ने जो भी सुझाव या मांग की हैं, उन पर विचार किया जाएगा। मैं इस बारे में केंद्र सरकार को सूचित करूंगा। मैंने लोगों को अपना फोन नंबर दिया है और उन्हें जरूरत पड़ने पर फोन करने को कहा है। हम संपर्क में बने रहेंगे।

#### महिलाओं ने पकड़े पैर, हमारा क्या अपराध है, हमें बचाइए

राज्यपाल को देखकर महिलाओं को थोड़ी तसल्ली जरूरी हुई। वे कहने लगीं हिंदू होना हमारा क्या अपराध है, हमें बचाइए। व्यथित महिलाओं ने राज्यपाल के पैर पकड़ लिए और उनसे बचाने की गुजारिश की। राज्यपाल भी खुद को नहीं रोक पाए। उन्होंने पीड़ित महिलाओं और परिवारों से कहा कि मुझे शांति बनाए रखने के लिए जो भी करना होगा, करूंगा।

**बीएसएफ कैंप को अपनी जमीन देने कोयहां लोग तैयार**

धुलियान के निवासी कह रहे हैं, अगर जरूरत पड़ी तो हम अपने घर बीएसएफ कैंप को दे देंगे।

**मुर्शिदाबाद में पीड़ितों से बिना मिले जा रहे थे राज्यपाल**



#### लोगों की गुजारिश- हम परेशान हो रहे, बंगाल में हिंदू होना अपराध...?

**धुलियान।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान में शनिवार को राज्यपाल को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। राज्यपाल धुलियान के वार्ड-16 के बेदवाना गांव में ग्रामीणों से मिले बिना जा रहे थे, जिस पर ग्रामीण भड़क गए और जमकर हंगामा किया। विरोध को देखते हुए राज्यपाल ग्रामीणों से मिले और उनकी बात को सुना। शनिवार को इस इलाके में जमकर तोड़फोड़ हुई। उपद्रवियों ने मंदिरों को भी निशाना बनाया।

#### मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

राज्यपाल बोस ने मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए एक दो लोगों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हरगोविंद दास और चंदन दास के शव शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में उनके घर में पाए गए थे और शरीर पर चाकू से वार के कई निशान थे। राज्यपाल ने परिवार के सदस्यों से बात की और उन्हें सहायता का आश्वासन दिया। परिजनों ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की है।

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी पहुंचा**



#### महिलाएं फूट-फूट कर रोने लगीं

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं महिला आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुर्शिदाबाद पहुंच कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके सामने हिंसा की कहानी बताते हुए महिलाएं फूट-फूट कर रोने लगीं और घटना के संबंध में उन्हे विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर वे भावुक हो गई।

**महिला आयोग के सदस्यों ने बधाया ढांढस**

राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख विजया रहाटकर के नेतृत्व में एक टीम ने धुलियान में हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए केंद्र दृढ़ है।

---

**रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा**



#### नेहरू भी मानते थे औरंगजेब को क्रूर और कट्टरपंथी शासक

**संभाजी नगर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज को राष्ट्रीय नायक बताया। औरंगजेब को आदर्श मानने वालों को नसीहत देते हुए सिंह ने कहा कि जिन लोगों को लगता है कि औरंगजेब एक नायक था उन्हें भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की किताब पढ़ना चाहिए, जिन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि मुगल बादशाह औरंगजेब एक क्रूर और कट्टरपंथी शासक था। संभाजी नगर में मेवाड़ शासक महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप अतुल्यनीय साहस और देश भक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने स्वाभिमान और अपनी धरती की रक्षा के लिए मुगल सम्राट अकबर को चुनौती दी थी। सिंह ने दावा किया कि वामपंथी इतिहासकारों ने महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी दोनों को ही उचित श्रेय नहीं दिया, बल्कि औरंगजेब जैसे क्रूर शासकों का महिमामंडन किया।

**तब मुस्लिम युवक छत्रपति का अंगरक्षक था**

राजनाथ ने कहा कि अपनी वीरता के अलावा महाराणा प्रताप ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया था। उनकी सेना में आदिवासी और मुसलमान सभी शामिल थे। हकीम खान सूरी ने हल्दीघाटी में मुगलों से राणा प्रताप के लिए लड़ते हुए अपने जीवन की आहूति दी थी, वहीं एक मुस्लिम युवक छत्रपति शिवाजी महाराज का अंगरक्षक था।

---

## विधेयकों की समय सीमा और वक्फ पर भाजपा सांसद दुबे बोले

# अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाएगा तो संसद को बंद कर देना चाहिए

### कोर्ट की भूमिका पर किए सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति को विधेयकों पर समय से फैसला लेने के निर्देश के बाद बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट की भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। दुबे की यह टिप्पणी वक्फ (संशोधन)



अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और राष्ट्रपति को विधेयकों पर समय से फैसला लेने के कोर्ट के निर्देश के बाद आई है।

#### उपराष्ट्रपति ने जाहिर की थी चिंता

सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और 'सुपर संसद' के रूप में काम करेंगे। उपराष्ट्रपति ने उस आदेश का जिक्र किया, जिसमें राष्ट्रपति को 3 माह में विधेयक पर फैसला लेने की अवधि तय की गई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है।

---

### सेना ने सियाचिन और लद्दाख क्षेत्र में स्थापित की भरोसेमंद हाई स्पीड मोबाइल कनेक्टिविटी

# अब सियाचिन ग्लेशियर से भी गूंजेगी सैनिकों के घरों में फोन की घंटी...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी...जी हां हिंदी फिल्मों का ये गीत अपनी दुर्गम ऊंचाई और विषम भौगोलिक परिस्थितियों से वजह से बाकी देश से अलग-थलग दिखाई पड़ने वाले सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी के इलाकों पर बिलकुल सटीक बैठता हुआ नजर आ रहा है। क्योंकि अब यह दोनों इलाके सेना द्वारा स्थापित की गई भरोसेमंद हाईस्पीड मोबाइल कनेक्टिविटी से जुड़ गए हैं और उसी के साथ तकनीकी विकास की अपनी नई कहानी लिखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मोबाइल कनेक्टिविटी की वजह से यहां तैनात सेना के जवान अपने परिवारों के साथ लगातार संपर्क में बने रहेंगे। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यहां बता दें कि पहले सियाचिन या लेह-लद्दाख के अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में सेना द्वारा अत्यधिक आवश्यकता पड़ने पर सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल चलन में रहा है। जबकि मोबाइल के साथ नेटवर्क की समस्या बनी रहती थी।

**अहम परिवर्तनकारी कदम**

सेना इसे एक बेहद महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी कदम मानती है। जिसमें उसने सुदूर इलाकों और देश के बाकी भागों में रहने वाले लोगों के बीच बनी हुई डिजिटल खाई को पाटने का काम किया है। सेना के इस प्रयास से समुद्रतल से अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित लद्दाख, पूर्वी लद्दाख के फारवर्ड इलाकों, पश्चिम लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर को उक्त मोबाइल कनेक्टिविटी से खासा लाभ होगा। मोबाइल कनेक्टिविटी स्थापित होने पर डीबीओ, गलवान, डेमचौक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर जैसे इलाकों में तैनात सैन्य बलों को संचार के क्षेत्र में काफी फायदा पहुंचेगा। ये 4जी और 5जी मोबाइल कनेक्टिविटी का प्रयोग कर सकेंगे।



**ग्लेशियर में लगाया गया मोबाइल टावर**

उन्होंने बताया कि इस कदम के तहत ऐतिहासिक रूप से सियाचिन ग्लेशियर पर सफलतापूर्वक 5जी मोबाइल टावर स्थापित किया गया है। जिसे हम दुनिया के सबसे ऊंचे रणक्षेत्र के रूप में जानते हैं। भारत की तकनीक क्षमता को मजबूती से प्रदर्शित करने की प्रतिबद्धता इससे जाहिर होती है। स्थानीय जनता ने भी सेना के इस प्रयास की सराहना की है। मोबाइल कनेक्टिविटी केवल संचार की सुविधा नहीं देती है।

---

## महाराष्ट्र की राजनीति में धुरी रहे ठाकरे परिवार में एकता होगी!

# राज-उद्धव ने दिए साथ आने के संकेत, बस एक कदम दूर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति की दशकों तक धुरी रहे ठाकरे परिवार में एकता के संकेत हैं। राज और उद्धव ठाकरे ने मराठी भाषा और महाराष्ट्र की अस्मिता के नाम पर जैसा रुख दिखाया है, उससे ऐसी ही चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

यही नहीं शनिवार को दोनों ने ही अलग-अलग जगहों पर कहा कि महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित में वे अपने मतभेद भुलाकर साथ भी आ सकते हैं। राज का एक पॉडकास्ट रिलीज हुआ। इसमें उनसे महेश मांजरेकर ने बात की है, जो मूल रूप से मराठी फिल्ममेकर हैं। इसमें कहा गया कि वे छोटे-मोटे मतभेदों को भुलाने के लिए तैयार हैं और वे उद्धव के साथ काम कर सकते हैं।

**महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित में वे अपने मतभेद भुलाकर एक होंगे**



**राज केवल एक वादा पूरा करें**

इस पर उद्धव ने शिवसेना की ट्रेड यूनियन भारतीय कामगार सेना के एक आयोजन में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह मराठी और महाराष्ट्र के हित में सारे मतभेद भुलाने के लिए तैयार हैं। लेकिन उद्धव ने एक शर्त भी रख दी कि राज को वादा करना होगा कि वे ऐसे दलों के साथ नहीं जाएंगे, जो महाराष्ट्र विरोधी हैं या फिर ऐसे दलों के साथ काम करते हैं।

**राउत ने बताई उद्धव की वह शर्त**



शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि राज ने कहा है कि अगर दोनों भाइयों के बीच कोई शिकायत है, तो मैं अपना अहंकार अलग रखूंगा और महाराष्ट्र के हितों के लिए शिकायत दूर करूंगा। आप शिवसेना के दुश्मन को घर में जगह नहीं देंगे। आप सहमत हों तो बात करेंगे।

**संभावना पर बोला शिंदे गुट**

#### महायुति मजबूत, इस पर बाद में कमेंट करेंगे



शिंदे गुट वाली शिवसेना के नेता कृष्णा हेगड़े ने कहा कि राज और उद्धव दोनों साथ में आ रहे हैं। ये बातें पहले भी आ चुकी हैं, लेकिन दोनों भाई आए नहीं। महायुति काफी मजबूत सरकार है। महाराष्ट्र में और हम महाराष्ट्र की जनता और मराठियों के हित में काम कर रहे हैं। जब यह दोनों भाई साथ में आ जाएंगे, उसके बाद हम इसके ऊपर कोई कमेंट करेंगे लेकिन यह सिर्फ अभी एक स्पेक्यूलेशन जैसी बातें हैं।

---

### जमीन आवंटन में मंजूरी और घपला का केस

# कच्छ के पूर्व कलेक्टर शर्मा को 5 साल की जेल, 10 हजार जुर्माना भी लगाया

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

कच्छ जिले के पूर्व कलेक्टर प्रदीप शर्मा को 5 वर्ष की सजा सुनाई गई है और उन पर 10 हजार का जुर्माना भी लगा है। आरोपियों के नाम प्रदीप कुमार निरंकरणनाथ शर्मा, नटुभाई मोतीभाई देसाई, नरेश पोपटलाल पटेल और अतिसिंह महिपतसिंह झाला है। फरियादी कंपनी श्री सोल पाइप्स लिमिटेड द्वारा मोसमाघोघा, तालुका जेतपुर की सीमा में स्थित सरकारी जमीन को औद्योगिक उपयोग के लिए आवंटित करवाने हेतु आवेदन किया गया था। कलेक्टर ने 15,00,000 रुपए की कीमत तक की जमीन को मंजूरी देने की अनुमति दी थी।

**अनावश्यक आवंटन किया गया**



शर्मा ने फाइल में दर्शाई गई मांग के विरुद्ध, 47,173 वर्ग मीटर जमीन आवंटित कर दी, जो कि स्वीकृत सीमा से अधिक थी। नियमों की अनदेखी करते हुए एक ही सर्वे नंबर में 20,000 वर्ग मीटर से अधिक (27,173 अतिरिक्त) जमीन फालतू आवंटित कर दी गई। आरोपी ने कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाया और सरकार को आर्थिक नुकसान किया। इस संबंध में सीआईडी क्राइम शाखा, राजकोट ने मुकदमा दर्ज किया था।

#### पटियाला डिप्टी कमिश्नर की सरकारी कार और एक-तिहाई वेतन जब्त

**पटियाला।** आम तौर पर प्रशासन संपत्ति कुर्क करता है, लेकिन पंजाब के पटियाला के डिप्टी कमिश्नर प्रीति यादव के द्वारा इस्तेमाल की गई कार और उनकी सैलरी के एक-तिहाई हिस्से को जब्त करने की कार्रवाई हुई है। एक स्थानीय अदालत के आदेश पर यह कार्रवाई इसलिए की गई। अदालत ने पंजाब सरकार को आदेश दिया था कि वह देश के बंटवारे के दौरान प्रभावित हुए एक परिवार को 100 बीघा जमीन लौटाए या इसके बदले में उस परिवार को मुआवजा दे।

## अब तक 10,000 करोड़ रुपए का हार्डवेअर उत्पादन हो चुका है, 18 माह में 3,900 नई नौकरियां मिलीं

# 'मेड इन इंडिया' टैबलेट पर खड़े हो गए अश्विनी वैष्णव, कहा- नहीं टूटेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक ऐसा टैबलेट दिखाया, जो न केवल भारत में डिजाइन और निर्मित किया गया है, बल्कि अपनी मजबूती के लिए भी खास पहचान बना रहा है। उन्होंने वीवीडीएन टेक्नोलॉजीस की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, नहीं टूटेगा। 'डिजाइन इन इंडिया, मेड इन इंडिया'। वीडियो में अश्विनी वैष्णव खुद उस टैबलेट की मजबूती की जांच करते नजर आए। कभी उसे जमीन पर फेंकते हुए, कभी ऊंचाई से गिराते हुए और यहां तक कि टैबलेट के ऊपर खड़े होकर भी इसकी ताकत का प्रदर्शन किया। यह वीडियो भारत के मेक इन इंडिया अभियान के तहत स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्माण की ओर बढ़ते आत्मनिर्भर प्रयासों का प्रतीक है।

◆ *वीडियो में अश्विनी वैष्णव खुद उस टैबलेट की मजबूती की जांच करते नजर आए। कभी उसे जमीन पर फेंकते हुए, कभी ऊंचाई से गिराते हुए और यहां तक कि टैबलेट के ऊपर खड़े होकर भी इसकी ताकत का प्रदर्शन किया। यह वीडियो भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्माण की ओर बढ़ते आत्मनिर्भर प्रयासों का प्रतीक है।*

देश को वैश्विक हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का लक्ष्य

'डिजाइंड एंड मेड इन इंडिया' लैपटॉप भी पहले पेश कर चुके



### वीवीडीएन टेक्नोलोजीस भारत के ग्लोबल हार्डवेयर ड्रीम की नई पहचान

वीवीडीएन टेक्नोलोजीस एक घरेलू कंपनी है जो एंड-टू-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट डेवलपमेंट में विशेषज्ञता रखती है। यह भारत के उस सपने को साकार करने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही है, जिसमें देश को एक वैश्विक हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का लक्ष्य है। भारत में तकनीक और मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना एक बड़ी भूमिका निभा रही है।

### सरकार दे रही वित्तीय सहायता

सरकार कंपनियों को देश में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दे रही है। जनवरी 2025 में सरकार ने बताया कि आईटी हार्डवेयर के लिए लागू पीएलआई 2.0 योजना के तहत अब तक 10,000 करोड़ का उत्पादन हो चुका है और 3,900 नई नौकरियां सिर्फ 18 महीनों में पैदा हुई हैं।

### भारत की एआई सर्वर टेक्नोलॉजी की पेश

इसी यूनिट से साझा किए गए एक और वीडियो में मंत्री ने भारत में विकसित की गई एआई सर्वर टेक्नोलॉजी की झलक भी दिखाई। उन्होंने वीडियो में लिखा, 'इंडियाज एआई सर्वर एडिपोली ऐट वीवीडीएन टेक्नोलोजीस'। इस दौरान मंत्री जी ने फैक्ट्री में कर्मचारियों से बातचीत की और निर्माण प्रक्रिया को लेकर जानकारियां लीं। यह पहल उनकी उस फरवरी वाली पोस्ट की याद दिलाती है, जब उन्होंने वीवीडीएन टेक्नोलोजीस द्वारा बनाया गया एक 'डिजाइंड एंड मेड इन इंडिया' लैपटॉप भी देश के सामने पेश किया था।

---

## खबर संक्षेप

### 'द ताज स्टोरी' को 'बेस्ट फिल्म' का पुरस्कार

**लंदन।** बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की फिल्म 'द ताज स्टोरी' ने हाल ही में लंदन के हाउस ऑफ कॉमन में आयोजित ग्लोबल बिजनेस अवार्ड 2025, अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में 'बेस्ट फिल्म' का पुरस्कार जीता। 'द ताज स्टोरी' को ब्रिटिश दर्शकों और लंदन निवासियों के साथ-साथ वहां के फौजियों द्वारा भी बेहद पसंद किया गया। फिल्म की मुख्य भूमिका में परेश रावल की शानदार अभिनय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, लेखक और निर्देशक तुषार अमरीश गोयल के काम की भी खूब सराहना की गई।



### यूक्रेन युद्ध के विरोध में युवती जेल की सजा

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस की एक अदालत ने यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाली दरिया कोजीरेवा को दो वर्ष आठ महीने की जेल की सजा सुनाई है। कोजीरेवा 19वीं सदी की कविता और भित्तिचित्रों के माध्यम से युद्ध का विरोध कर रही थी। 19 वर्षीय कोजीरेवा को रूसी सेना को बदनाम करने का दोषी पाया गया, क्योंकि उसने चौराहे पर यूक्रेनी कविता की पंक्तियों वाला पोस्टर लगाया था, हालांकि कोजीरेवा ने खुद को निर्दोष बताया तथा अपने विरुद्ध दर्ज मामले को मनगढ़ंत मामला करार दिया। कोजीरेवा उन 234 लोगों में से एक हैं जिन्हें रूस ने जेल में डाला है।



### इटली में ऑनर किलिंग उम्रकैद सजा बरकरार

**रोम।** इटली में पाकिस्तानी मूल की लड़की के ऑनर किलिंग में एक अपील अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। जहां अपील अदालत ने 18 साल की पाकिस्तानी मूल की लड़की समन अब्बास की हत्या के मामले में उसके माता-पिता और रिश्तेदारों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। यह मामला इटली में ऑनर किलिंग यानी 'इज्जत के नाम पर हत्या' का बेहद चर्चित केस बन गया है। पाकिस्तान से आकर इटली में रह रही समन अब्बास ने अपने माता-पिता द्वारा तय की गई शादी को मानने से इनकार कर दिया था।



### हिट-एंड-रन घटना में भारतीय छात्रा की मौत

**ऑस्टिन।** भारतीय छात्रा वांगवोलु दीप्ति की टेक्सास के डेंटन शहर में एक हिट-एंड-रन घटना में मौत हो गई। दीप्ति की मास्टर डिग्री कुछ ही हफ्तों में पूरी होने वाली थी। 23 वर्षीय दीप्ति आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले की रहने वाली थी। वह 2023 में गुंटूर के नरसारावपेट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका गई थी। वह नॉर्थ टेक्सास विश्वविद्यालय में कंप्यूटर और सूचना विज्ञान में एमएस की पढ़ाई कर रही थी। दुर्घटना 12 अप्रैल की सुबह हुई, जब दीप्ति और उसकी दोस्त स्निग्धा, सड़क पर चल रही थीं।



---

### छात्रों के निर्वासन मामले में ट्रंप को चुनौती


## एसीएलयू ने कोर्ट में की कानूनी स्थिति बहाल करने की मांग

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के फैसलों से प्रभावित अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मदद के लिए शुक्रवार को एक बड़ा मुकदमा दायर किया गया है। इस मुकदमे में अदालत से अनुरोध किया गया है कि इन छात्रों की कानूनी स्थिति फिर से बहाल की जाए। इस फैसले से करीब 1100 से ज्यादा विदेशी छात्र प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अमेरिका से निकाले जाने का डर सता रहा है। बता दें कि यह मुकदमा अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और उससे जुड़े कई संगठनों ने मिलकर दायर किया है। ये न्यू इंग्लैंड और प्यूर्टो रिको के 100 से अधिक छात्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मामले में एसीएलयू न्यू हैम्पशायर के कानूनी निदेशक गिल्स बिस्नोनेट ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्र हमारे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का एक अहम हिस्सा हैं। किसी भी सरकार को यह अधिकार नहीं है कि वो छात्रों की स्थिति अचानक खत्म कर दे और उन्हें उनकी पढ़ाई पूरी किए बिना देश से निकालने की कोशिश करे। एसीएलयू का कहना है कि सरकार ने छात्रों की कानूनी स्थिति को बिना किसी चेतावनी या उचित प्रक्रिया के खत्म कर दिया, जो कि न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

■ भारतीयों समेत 1100 से अधिक छात्रों को यूएस से निकाले जाने का डर

#### वेनेजुएला के लोगों के निर्वासन पर रोक



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक अहम फैसला लेते हुए टेक्सास के डिटेंशन सेंटर में बंद वेनेजुएला के लोगों को फिलहाल उनके देश वापस भेजने पर रोक लगा दी है। यह फैसला 18वीं सदी के पुराने कानून एलियन एनिमीज एक्ट (1798) के तहत किए जा रहे निर्वासन के खिलाफ दायर याचिका पर आया है। यह मामला एसीएलयू द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई आपात अपील से जुड़ा है, जिसमें एसीएलयू का कहना था कि ट्रंप प्रशासन इस युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करके वेनेजुएला के लोगों को अवैध तरीके से वापस भेजने की कोशिश कर रहा है। मामले में एसीएलयू की अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल यह आदेश दिया है कि इन लोगों को अगले आदेश तक डिपोर्ट न किया जाए। हालांकि, जस्टिस क्लेरेंस थॉमस और सैमुअल एलिटो ने इस फैसले से असहमति जताई।

#### छात्रों को पक्ष रखने का मौका तक नहीं

बता दें, मार्च के अंत से अब तक 170 से ज़्यादा यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में पढ़ रहे करीब 1,100 छात्रों के वीज़ा या कानूनी स्थिति को खत्म कर दिया गया। ये सब बिना किसी उचित सूचना के हुआ। अभी और भी छात्रों के ट्रंप के इस फैसले से प्रभावित होने की संभावना है। वहीं छात्रों का कहना है कि उन्हें न तो कोई चेतावनी दी गई, न ही सफाई का मौका मिला। कुछ मामलों में तो बहुत पुराने और मामूली ट्रैफिक उल्लंघन को भी बहाना बना लिया गया।

---

### भारत ने घटना को नृशंस हत्या बताते हुए घटना की कड़ी निंदा की

# हिंदू नेता को किया अगवा, बेरहमी से पीटकर की हत्या, पुलिस की गिरफ्त से बाहर आरोपी

एजेंसी ⏭ ढाका

❛ अपहरण से 30 मिनिट पहले लोकेशन पता की

❛ उसी दिन बेहोशी की हालत में वैन से घर छोड़ा

रॉय को हमलावरों ने एक वैन में लाकर उनके घर पर छोड़ दिया। उस समय वह बेहोश थे। उन्हें तुरंत बिराल उपजिला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इसके बाद उन्हें दिनाजपुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले में गुरुवार को हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय का उनके घर से अपहरण कर लिया गया और बेरहमी से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ढाका से लगभग 330 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दिनाजपुर के बसुदेबपुर गांव के निवासी भाबेश चंद्र रॉय (58) का शव गुरुवार देर रात बरामद किया गया।

रॉय की पत्नी शांतना ने बताया कि उन्हें शाम करीब 4:30 बजे एक फोन आया था। उन्होंने दावा किया कि अपराधियों ने घर पर उनकी मौजूदगी की पुष्टि करने के लिए यह कॉल किया था। करीब 30 मिनट बाद दो मोटरसाइकिलों पर चार लोग आए और भाबेश का उनके घर से अपहरण कर लिया। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने हमलावरों को भबेश को नरबारी गांव ले जाते हुए देखा, जहां उन्हें बेरहमी से पीटा गया।



भाबेश चंद्र रॉय, मृतक

#### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

*रॉय को उसी दिन हमलावरों ने एक वैन में लाकर उनके घर पर छोड़ दिया। उस समय वह बेहोश थे। उन्हें तुरंत बिराल उपजिला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इसके बाद उन्हें दिनाजपुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रॉय बांग्लादेश पूजा उत्सव परिषद की बिराल इकाई के उपाध्यक्ष और क्षेत्र में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता थे। मामले में बिराल पुलिस स्टेशन के अधिकारी अब्दुस सबूर ने बताया कि मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है और पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।*

#### भारत ने जताई आपत्ति

भारत ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और हत्या पर गहरा दुख जताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस घटना को नृशंस हत्या बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के दौरान हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न के सिलसिले का हिस्सा है। भारत ने चिंता जताई कि इससे पहले हुई ऐसी घटनाओं में भी दोषियों को सजा नहीं मिली। जायसवाल ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अपील की कि वह हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और इस जिम्मेदारी को बिना किसी भेदभाव या बहाने के निभाए।




#### हिंदू प्रधानाध्यापक को बनाया बंधक, त्यागपत्र देने के लिए किया मजबूर

वहीं, एक अन्य घटना में हिंदू प्रधानाध्यापक कांतिलाल आचार्य को बंधक बनाकर उन्हें अपने पद से त्यागपत्र देने के लिए मजबूर कर दिया गया। चटगांव के भटियारी हाजी तोबारक अली चौधरी हाई स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाध्यापक कांतिलाल आचार्य को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और उसके सहयोगी संगठनों के सदस्यों ने भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर पीटा और अपने पद से त्यागपत्र देने के लिए मजबूर कर दिया।

#### बेवजह लगाए आरोप

प्रधानाध्यापक की बेटी भावना आचार्य ने इंटरनेट मीडिया पर आरोप लगाया कि उनके पिता को कोई आरोप साबित किए बगैर पद छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। भावना ने लिखा, इस घटना से पहले मेरे पिता को स्कूल जाने से मना किया गया था।

#### कांग्रेस का तंज | पीएम नरेंद्र मोदी और यूनुस की मुस्कुराने वाली बैठक विफल रही



कांग्रेस पार्टी ने बांग्लादेश में हिंदू नेता भाबेश चंद्र रॉय की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हिंदू समुदाय के एक बड़े नेता भाबेश चंद्र रॉय की क्रूरतापूर्ण हत्या इस बात का सबूत है कि नरेंद्र मोदी जी की बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के साथ मुस्कुराने वाली बैठक विफल रही।

#### अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी में बांग्लादेश खतरनाक देश की श्रेणी में

अमेरिकी विदेश विभाग ने बांग्लादेश को खतरनाक देशों की श्रेणी में डालते हुए अपने नागरिकों के लिए नई ट्रैवेल एडवाइजरी जारी की है। इसमें अमेरिकी नागरिकों से बांग्लादेश में नागरिक अशांति, अपराध और आतंकवाद के खतरे का हवाला देते हुए यात्रा पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है। यात्रा सलाह में बांग्लादेश के अधिकांश हिस्सों के लिए 'स्तर 3: यात्रा पर पुनर्विचार करें' बरकरार रखा गया है। वहीं, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स को स्तर 4 (यात्रा न करें) की श्रेणी में रखा गया है। इसमें खगराचारी, रंगमती और बंदरबन जिले शामिल हैं। यात्रा सलाह में क्षेत्र में सांप्रदायिक हिंसा, आतंकवाद, अपहरण और राजनीतिक अशांति के निरंतर जोखिम का हवाला दिया गया है। विदेश विभाग ने चेतावनी दी है कि शांतिपूर्ण कार्यक्रम भी जल्दी ही हिंसा में बदल सकते हैं। बांग्लादेश की यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों से सभी राजनीतिक कार्यक्रमों और बड़ी सार्वजनिक सभाओं से बचने की सलाह दी है।

---

### एयरपोर्ट पर बिछाया जाएगा रेड कारपेट

## अब जयपुर में 4 दिन रुकेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस शुक्रवार को परिवार के साथ इटली पहुंच गए। इसके बाद 21 अप्रैल को भारत पहुंचेंगे। वेंस का दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर स्वागत करेंगे। 21 अप्रैल को ही पीएम नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात होगी। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद रहेंगे। वेंस 21 अप्रैल की रात को जयपुर पहुंच जाएंगे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान 22 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे। 23 अप्रैल की सुबह अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अमेरिकी एयर फोर्स के विशेष विमान से आगरा के लिए रवाना होंगे। लगभग तीन घंटे तक ताजमहल देखने के बाद दोपहर को वेंस एक बार फिर जयपुर पहुंचेंगे। 23 अप्रैल की दोपहर को वे जयपुर सिटी पैलेस जाएंगे।



### सऊदी अरब के प्रिंस सलमान के निमंत्रण पर हो रही यात्रा

## अगले सप्ताह मंगलवार से यूएई के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह मंगलवार से सऊदी अरब की दो दिवसीय (22 से 23 अप्रैल) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने विशेष रूप से आमंत्रित किया है। सऊदी शहर जेद्दा में क्राउन प्रिंस द्वारा पीएम का परंपरागत अंदाज में भव्य स्वागत किया जाएगा और फिर दोनों शीर्ष नेताओं के बीच अहम द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। जिसमें आपसी संबंधों के हर पहलू के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। साथ ही दोनों नेता भारत-सऊदी अरब रणनीतिक भागीदारी परिषद की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता भी करेंगे।



#### भारत का अहम रणनीतिक भागीदार है यूएई: मिसरी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सऊदी अरब भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदार देश है। पीएम की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 2016 और 2019 में खाड़ी देश का दौरा किया था। उसके बाद 2023 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने नई दिल्ली में आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा की थी। सऊदी अरब में 27 लाख भारतीय रहते हैं। जो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी प्रवासियों की आबादी है। पीएम मोदी भारतीय कामगारों का हालचाल जानने के लिए एक फैक्ट्री में भी जाएंगे।

### हिज्बुल्लाह सरगना कासिम ने दी खुली धमकी

## इजराइल को लेबनान से निकलना होगा, हथियार छोड़ने से किया इनकार

एजेंसी ⏭ बेरूत

लेबनान के चरमपंथी समूह हिज्बुल्लाह के सरगना ने शुक्रवार को कहा कि जब तक इजराइली सैनिक दक्षिणी लेबनान में मौजूद रहेंगे और इजराइल की वायु सेना लेबनानी हवाई क्षेत्र का नियमित रूप से उल्लंघन करती रहेगी तब तक उसके लड़ाके हथियार नहीं डालेंगे। हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडर नईम कासिम का हिज्बुल्लाह के टेलीविजन चैनल में भाषण प्रसारित किया गया जिसमें कासिम ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। कासिम ने कहा कि हम किसी को भी हिज्बुल्लाह के हथियार हटाने की अनुमति नहीं देंगे। इन हथियारों ने हमारे लोगों को जीवन दिया और स्वतंत्रता दी।

#### हिज्बुल्लाह पर हमले कर रहा इजराइल

कासिम ने कहा कि हिज्बुल्लाह ने अमेरिका की मध्यस्थता में हुए संघर्षविराम समझौते से संबंधित अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन किया जिससे इजराइल एवं हिजबुल्ला के बीच अक्टूबर 2023 से शुरू हुआ संघर्ष रुक गया था। पिछले साल नवंबर के अंत में संघर्षविराम समझौता लागू होने के बाद से इजराइली हवाई हमलों में लेबनान में आम नागरिकों और हिज्बुल्लाह के सदस्यों सहित कई लोग मारे गए हैं।



#### पहले इजराइल पीछे हटे

कासिम ने कहा कि क्या कोई हमसे ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय रक्षा रणनीति पर चर्चा करने की उम्मीद कर सकता है जब युद्धक विमान हमारे हवाई क्षेत्र में उड़ रहे हैं और दक्षिणी लेबनान पर कब्जा किया गया है? यह चर्चा नहीं है। यह आत्मसमर्पण है। पहले इजराइल को पीछे हटना चाहिए और अपनी उड़ानें बंद करनी चाहिए।

---

### यूएस के प्रतिस्पर्धी बाजारों में पसंदीदा विकल्प बन रहे भारतीय फल

## पहली बार समुद्र के रास्ते अमेरिका पहुंची भारतीय अनार की खेप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय अनार की पहुंच अब बढ़ चुकी है। दूर-दराज के बाजारों में अनार को पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत पहली बार अनार की एक वाणिज्यिक खेप समुद्र के रास्ते अमेरिका के न्यूयॉर्क पहुंची है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने शनिवार को बताया कि अमेरिका को बहुमूल्य भारतीय भगवा अनार का निर्यात किया गया है।

यह ताजे फलों के निर्यात में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस खेप के आने से भारतीय अनार के प्रतिस्पर्धी अमेरिकी बाजार में पसंदीदा विकल्प बनने की संभावना का संकेत मिलता है।

यह खेप पांच सप्ताह के भीतर अमेरिका पहुंच गई

2023 में अमेरिका को हवाई मार्ग से अनार भेजा था




#### भारत की उपलब्धता....

भारत को अनार के लिए अमेरिका द्वारा बाजार पहुंच प्रदान किए जाने के बाद, 2023 में अमेरिका को हवाई मार्ग से अनार की परीक्षण खेप सफलतापूर्वक भेजी गई थी। इसके बाद भारत ने फरवरी 2024 में नवी मुंबई स्थित विकिरण सुविधा केंद्र (आईएफसी) और आईएनआई फार्म्स के सहयोग से 4,200 बक्से यानी 12.6 टन अनार की अपनी पहली परीक्षण वाणिज्यिक समुद्री खेप को सफलतापूर्वक अमेरिका के लिए रवाना किया था।

#### दिसंबर 2024 में यूएसडीए से मिला अनापत्ति प्रमाणपत्र

भारतीय अनार के लिए अमेरिकी नियामक यूएसडीए से दिसंबर 2024 में अनापत्ति मिली जिसने भारतीय कृषि निर्यातकों के लिए लॉजिस्टिक्स और विनियामक बाधाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनकी अमेरिकी बाजार तक पहुंच बनी। भारतीय अनार के 4,620 बक्सों की पहली समुद्री खेप, जिसका वजन लगभग 14 टन था, मार्च के दूसरे सप्ताह में अमेरिका के पूर्वी तट पर पहुंच गई। यह खेप प्रस्थान के पांच सप्ताह के भीतर ही अमेरिका पहुंच गई।

#### 72,011 टन अनार का निर्यात किया

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 690.8 लाख डॉलर मूल्य के 72,011 टन अनार का निर्यात किया था। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जनवरी के दौरान 597.6 लाख डॉलर मूल्य के साथ निर्यात में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में यूएई, बांग्लादेश, नेपाल, नीदरलैंड, सऊदी अरब, श्रीलंका, थाईलैंड, बहरीन, ओमान और अमेरिका शामिल हैं।

### सरकार से समर्थन वापस लेंगेः बिलावल

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान सरकार की विवादित नहर परियोजना की आलोचना की है और धमकी दी है कि अगर योजना नहीं टाली गई तो वे सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे। शहबाज शरीफ के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार के लिए पीपीपी का समर्थन जरूरी है। ऐसे में भुट्टो की धमकी के बाद पाकिस्तान की गठबंधन सरकार पर संकट के बादल मंडरा गए हैं। भुट्टो ने कहा कि हमने शहबाज शरीफ को एक बार नहीं, बल्कि दो बार पीएम बनाया और अब आपको लगता है कि आप हमें धमकियों से डरा सकते हैं?






# चेन्नई के खिलाफ आज जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में मुंबई इंडियंस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चेन्नई सुपर किंग्स की खराब फॉर्म इंडियन प्रीमियर लीग के 'क्लासिको (सबसे ज्यादा प्रतिद्वंद्विता वाला मैच)' की चमक को कम कर सकती है, लेकिन मुंबई इंडियंस के लिए रविवार को यहां अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए रणनीति बदलने की चुनौती होगी।

मुंबई ने शुरुआती मैचों की निराशा को पीछे छोड़ते हुए अपने पिछले दो मैचों में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को मात देकर अच्छी वापसी की है। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम तालिका में सातवें पायदान पर है और वह मौजूदा सत्र में जीत की हैट्रिक लगाने के साथ सत्र के अपने पहले मैच में इस टीम से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।



### स्पिनरों से पार पाना मुश्किल

मुंबई इंडियंस को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलना टीम के लिए जोखिम भरा हो सकता है। चेन्नई के पास शानदार लय में चल रहे खब्बू स्पिनर नूर अहमद के अलावा अनुभवी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन का भी विकल्प है। नूर ने सात मैचों में 12 विकेट लिए है, जिसमें मुंबई के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन सफलता शामिल है।

### मुंबई का पलड़ा भारी

चेन्नई के खिलाफ सत्र का पहला मैच गंवाने के बावजूद मौजूदा फॉर्म के आधार पर मुंबई का पलड़ा भारी है। रोहित शर्मा ने अभी तक बड़ा स्कोर नहीं बनाया है, लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ उनकी तेज शुरुआत ने टीम को बिना किसी दबाव के लक्ष्य का पीछा करने की आजादी दी। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन रयान रिकेल्टन ने शीर्ष क्रम में अच्छा योगदान दिया है। विल जैक्स के हरफनमौला खेल ने सनराइजर्स की जीत में अहम भूमिका अदा की थी।



### पंजाब के खिलाफ आरसीबी को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

मुल्लांपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अगर इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पंजाब के खिलाफ शुक्रवार को बेंगलुरु में खेले गए मैच में टिम डेविड को छोड़कर आरसीबी का कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और टीम को पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी के पास फिल साल्ट, विराट कोहली, कप्तान रजत पाटीदार और लियाम लिविंगस्टोन जैसे धाकड़ बल्लेबाज हैं लेकिन उनके पास वापसी करने का बहुत कम समय है। पाटीदार ने बेंगलुरु में पंजाब के हाथों पराजय के लिए बल्लेबाजों की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया था।

## दो रन से जीती सुपर जाइंट्स

# सूर्यवंशी ने डेब्यू में जीता दिल



एजेंसी ▶▶| जयपुर

तेज गेंदबाज आवेश खान की डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी से लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए दो रन से जीत दर्ज की।

सुपर जाइंट्स के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 74 रन की पारी की बदौलत रॉयल्स की टीम एक समय दो विकेट पर 156 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में थी लेकिन आवेश (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पांच विकेट पर 178 रन ही बना सकी। जायसवाल ने पदार्पण कर रहे वैभव सूर्यवंशी (34) के साथ पहले विकेट के लिए 85 और कप्तान रियान पराग (39 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। आवेश ने 18वें ओवर में जायसवाल और पराग दोनों को आउट करके मैच का रुख सुपर जाइंट्स के पक्ष में मोड़ा। लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इससे पहले एडेन मारक्रम की 45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 66 रन की पारी और आयुष बडोनी (50 रन) के साथ चौथे विकेट की उनकी 76 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 180 रन बनाए। अब्दुल समद (नाबाद 30) ने पारी के अंतिम ओवर में चार छक्कों से 27 रन जोड़े।

### सूर्यवंशी बने सबसे युवा आईपीएल क्रिकेटर

14 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की ओर से पदार्पण करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। सिर्फ 14 साल और 23 दिन के सूर्यवंशी उस समय दर्शकों के चहेते बन गए जब उन्होंने शारदुल ठाकुर पर अपनी पहली गेंद पर जोरदार छक्का जड़ा।



सूर्यवंशी का जन्म 27 मार्च 2011 को हुआ। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 की नीलामी में इतिहास रच दिया था जब 13 वर्षीय खिलाड़ी के रूप में वह आईपीएल अनुबंध पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे। उन्हें रॉयल्स ने एक करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा था।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का हेटमायर बो आर्चर | 04 | 06 | 0 | 0 |
| मारक्रम का पराग बो हसरंगा | 66 | 45 | 5 | 3 |
| पूरन पगबाधा बो संदीप | 11 | 08 | 2 | 0 |
| पंत का जुरेल बो हसरंगा | 03 | 09 | 0 | 0 |
| बडोनी का दुबे बो देशपांडे | 50 | 34 | 5 | 1 |
| डेविड मिलर नाबाद | 07 | 08 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 30 | 10 | 0 | 4 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 180/5
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-32-1, तीक्षणा 4-0-32-0, संदीप 4-0-55-1, देशपांडे 4-0-26-1, हसरंगा 4-0-31-2.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो आवेश | 74 | 52 | 5 | 4 |
| सूर्यवंशी स्टं पंत बो मारक्रम | 34 | 20 | 2 | 3 |
| राणा का आवेश बो शारदुल | 08 | 07 | 0 | 1 |
| पराग पगबाधा बो आवेश | 39 | 26 | 3 | 2 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 06 | 05 | 0 | 0 |
| हेटमायर का शारदुल बो आवेश | 12 | 07 | 2 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 03 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 20 ओवर में 178/5
गेंदबाजी : ठाकुर 3-0-34-1, आवेश 4-0-37-3, राठी 4-0-30-0, मारक्रम 2-0-18-1, प्रिंस 4-0-39-0, बिश्नोई 3-0-19-0.

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| दिल्ली | 7 | 5 | 2 | 10 |
| पंजाब | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| बेंगलुरु | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
368 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
14 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : टाइटन्स ने कैपिटल्स को सात विकेट से हराया

# कृष्णा का 'चौका', बटलर के नाबाद अर्धशतक से शीर्ष पर पहुंचा गुजरात

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटन्स प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद जोस बटलर (नाबाद 97 रन) के अर्धशतक की मदद से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। गुजरात टाइटन्स, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के 10-10 अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट से शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम पहले स्थान पर पहुंच गई।

जीत के लिए 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर और शेरफाने रदरफोर्ड (43 रन) ने गुजरात टाइटन्स के लिए तीसरे विकेट के लिए 69 गेंद में 119 रन की रिकॉर्ड साझेदारी बनाई। घरेलू टीम के लिए इससे पहले तीसरे विकेट के लिए साझेदारी का रिकॉर्ड 90 रन का था। बटलर ने 54 गेंद की पारी के दौरान 11 चौके और चार छक्के जड़े जबकि रदरफोर्ड ने 34 गेंद में एक चौके और तीन छक्के जड़े। बटलर अपना शतक पूरा नहीं कर सके क्योंकि अंतिम ओवर में राहुल तेवतिया ने मिचेल स्टार्क की पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर छक्का जड़ा और अगली गेंद पर चौका जड़कर चार गेंद रहते जीत दिलाई।





### गेंदबाजों ने कसी लगाम

कृष्णा के चार विकेट लेने के बावजूद अच्छी शुरुआत से बड़े स्कोर की ओर बढ़ती हुई दिल्ली कैपिटल्स की टीम आठ विकेट पर 203 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम कई मौकों पर बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन घरेलू टीम के गेंदबाजों ने हर मौके पर वापसी करते हुए उसके बल्लेबाजों पर लगाम कसी। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 रन और आशुतोष शर्मा ने 37 रन का योगदान दिया। ट्रिस्टन स्टब्स और करूण नायर ने 31-31 रन बनाए।

### सिराज ने पहले ओवर में लुटाए 16 रन

गुजरात टाइटन्स के लिए मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ओवर में 16 रन लुटाए जबकि दूसरे स्पैल के दो ओवर में 14 रन देकर एक विकेट झटका। अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट प्राप्त किया। स्पिनर साई किशोर ने बस अंतिम ओवर डाला जिसमें उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को महज नौ रन बनाने दिए और एक विकेट आशुतोष शर्मा के रूप में लिया। अगर आशुतोष डटे रहते तो यह स्कोर बड़ा हो सकता था।

### राहुल के सबसे तेज 200 छक्के

नई दिल्ली। आईपीएल के 18वें सीजन में केएल राहुल का बल्ला लगातार रन उगल रहा है। वह दिल्ली कैपिटल्स के मिडिल ऑर्डर के रीढ़ हड्डी बन गए हैं। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ केएल राहुल ने एक खास उपलब्धि हासिल की। केएल राहुल ने आईपीएल में 200 सिक्स जड़ने का कमाल किया। वह सबसे कम पारियों में 200 सिक्स पूरा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पोरेल का सिराज बो अरशद | 18 | 09 | 3 | 1 |
| नायर का अरशद बो कृष्णा | 31 | 18 | 2 | 2 |
| राहुल पगबाधा बो कृष्णा | 28 | 14 | 4 | 1 |
| अक्षर का बटलर बो कृष्णा | 39 | 32 | 1 | 2 |
| स्टब्स का कृष्णा बो सिराज | 31 | 21 | 2 | 1 |
| आशुतोश का सब बो किशोर | 37 | 19 | 2 | 3 |
| निगम का बटलर बो कृष्णा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| फरेरा का किशोर बो ईशांत | 01 | 03 | 0 | 0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 04 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 203/8
गेंदबाजी : सिराज 4-0-47-1, अरशद 4-0-46-1, कृष्णा 4-0-41-4, राशिद 4-0-38-0, ईशांत 3-0-19-1, साई किशोर 1-0-9-1.

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का स्टब्स बो कुलदीप | 36 | 21 | 5 | 1 |
| शुभमन गिल रन आउट | 07 | 05 | 1 | 0 |
| जोस बटलर नाबाद | 97 | 54 | 11 | 4 |
| रदरफोर्ड का स्टार्क बो मुकेश | 43 | 34 | 1 | 3 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 11 | 03 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 19.2 ओवर में 204/3
गेंदबाजी : स्टार्क 3.2-0-49-0, मुकेश 4-0-40-1, अक्षर 2-0-18-0, निगम 4-0-34-0, कुलदीप 4-0-30-1, मोहित 2-0-28-0.

## खबर संक्षेप

### छेत्री ने किया 39 संभावित खिलाड़ियों का चयन



नई दिल्ली। भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने जून-जुलाई में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए शनिवार को 39 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। भारतीय महिला टीम 23 जून से पांच जुलाई तक थाईलैंड के चियांग माई में एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर खेलने के लिए तैयार है। टीम को ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मेजबान थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर-लेस्ते और इराक से होगा। सीनियर महिला टीम का शिविर एक मई को बेंगलुरु के 'पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस' में शुरू होगा।

### सौरभ उम्मीदों और लक्ष्यों को लेकर चिंतित नहीं

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो साल के अंतराल के बाद वापसी कर रहे भारतीय पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी ने कहा कि वह पदक जीतने, लक्ष्य निर्धारित करने और उम्मीदों को पूरा करने के लिए अपनी नींद गंवाने की जगह कदम दर कदम आगे बढ़ना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह अतीत में भी इन चीजों को लेकर परेशान नहीं थे। भारतीय निशानेबाजी में सबसे तेजी से उभरते युवा से लेकर खराब फॉर्म के कारण गुमनामी में जाने तक इस 22 साल के निशानेबाज ने कम समय में करियर में बड़ा उतार चढ़ाव देखा है।



### नए खिलाड़ियों को आजमाएगा सीएसके

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पांच बार की विजेता टीम के इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में मुश्किल स्थिति में होने की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि अगर वह दो मैच योजना के अनुसार नहीं होते हैं तो टीम आईपीएल के दूसरे भाग में अनुभवी खिलाड़ियों की जगह नए चेहरों को लाने में संकोच नहीं करेगी। चेन्नई की टीम सात मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। चेन्नई ने हालांकि अनुभवी खिलाड़ियों को मौका देने के लिए जाना जाता है।

इंडियन प्रीमियर लीग

# 'नाम बड़े दर्शन छोटे'... करोड़ों में बिके, लेकिन प्रदर्शन जीरो



### सबसे महंगे 27 करोड़ी पंत ने बनाए 103 रन

आईपीएल इतिहास में 27 करोड़ रुपए में सबसे महंगे खिलाड़ी के तौर पर चुने गए ऋषभ पंत के लिए यह सीजन काफी खराब रहा है। 7 मैचों में उन्होंने 17.17 की औसत और 100 से कुछ ज़्यादा की स्ट्राइक रेट से 103 रन बनाए हैं। उनका एकमात्र महत्वपूर्ण योगदान चेन्नई के खिलाफ़ 63 रन की पारी के रूप में आया, जिसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा। उनकी कप्तानी भी सवालों के घेरे में है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'नाम बड़े दर्शन छोटे' का मुहावरा आईपीएल के 18वें सीजन में बिके बड़े खिलाड़ियों पर सटीक बैठ रहा है। इस सीजन अपने प्रदर्शन से कई खिलाड़ियों ने फैंस के दिल में जगह बनाई है। लेकिन कई खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जिनसे उम्दा प्रदर्शन की दरकार थी लेकिन मोटी रकम के बाद भी उनका अबतक प्रदर्शन फीका ही रहा है। आइए ऐसे 5 खिलाड़ियों की बात करते हैं जिनके ऊपर फ्रेंचाइजी ने करोड़ों रुपए लगाए लेकिन उनकी परफार्मेंस सवालों में ही रही है।

### वेंकटेश अय्यर : 121 रन

कोलकाता ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ की मोटी रकम में अपनी टीम में शामिल किया था। लेकिन अय्यर के बल्ले से अबतक खेले गए 7 मैचों में केवल 24.5 की औसत और 155.05 की स्ट्राइक रेट से 121 रन बनाए हैं। उनका सबसे बेहतरीन प्रदर्शन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंदों में 60 रन की पारी थी।

### ग्लेन मैक्सवेल : 41 रन

पंजाब किंग्स ने मैक्सवेल को 4.2 करोड़ की रकम में अपने साथ रखा है। लेकिन अब तक खेले गए 6 मैचों में मैक्सवेल के बल्ले से केवल 41 रन ही निकले हैं। उनका औसत 8.20 का है। लंबे-लंबे चौके और छक्के लगाने के लिए मशहूर मैक्सवेल के बल्ले से इस सीजन केवल 4 चौके और एक छक्का ही निकला है।

### रोहित शर्मा : 82 रन

रोहित शर्मा आईपीएल में अपनी टीम मुंबई इंडियंस की पहचान रहे हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में 5 बार इस टीम को खिताब जिताया है। लेकिन 16 करोड़ से ज्यादा की मोटी रकम लेने वाले रोहित शर्मा के लिए ये सीजन किसी बुरे सपने की तरह ही है। रोहित ने अबतक खेले गए 6 मैच में केवल 82 रन बनाए हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर ही 26 रन है।

### मार्कस स्टोइनिस : 66 रन

मार्कस स्टोइनिस (पंजाब किंग्स) को पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ में खरीदा था। उनके लिए भी ये सीजन अबतक अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 6 मैचों में केवल 66 रन बनाए हैं। उनकी सबसे धमाकेदार पारी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ़ आई थी।

### सुपर कप के पहले मैच में ईस्ट बंगाल का सामना केरल से आज

भुवनेश्वर। गत चैंपियन ईस्ट बंगाल की टीम रविवार को यहां कलिंगा सुपर कप के उद्घाटन मैच में केरल ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ मैदान में उतरेगी। उसकी कोशिश 15 टीम वाले इस टूर्नामेंट में अपनी ट्रॉफी बरकरार रखने के साथ अगले सत्र के एएफसी चैंपियंस लीग 2 के लिए एकमात्र उपलब्ध स्थान को हासिल करने की होगी। इस टूर्नामेंट के पिछले दो सत्र में ग्रुप चरण के बाद सेमीफाइनल हुआ था लेकिन इस सत्र में 2018 और 2019 की तरह नॉकआउट प्रारूप होगा। इसका मतलब यह है कि हर मैच 'करो या मरो' होगा। ईस्ट बंगाल ने पिछले साल अतिरिक्त समय तक चले फाइनल में ओडिशा एफसी को 3-2 से हराकर खिताब जीता था। टीम ने इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर 12 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था। केरल ब्लास्टर्स राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कोशिश में है। दोनों टीमों का इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, वे क्रमशः नौवें और आठवें स्थान पर रहे थे। इस मुकाबले के विजेता का सामना 26 अप्रैल को पहले क्वार्टर फाइनल में मोहन बागान सुपरजायंट से होगा।

# शर्मनाक! टी20 मैच में खेले पूरे 20 ओवर, बनाए सिर्फ 33 रन

कराची। टी20 क्रिकेट में कोई बल्लेबाज ओपनिंग करने उतरता है तो उससे क्या उम्मीद होती है? वह टीम को तेज शुरुआत देगा। गेंदबाजों पर अटैक करके अपनी टीम का दबदबा कायम करेगा। अगर ओपनर पूरे 20 ओवर तक खेलता है और अंत में नाबाद लौटता है तो सभी सोचेंगे कि उसने शतक बनाया होगा। ताबड़तोड़ बैटिंग से गेंदबाजों का जीना मुश्किल कर दिया होगा लेकिन पाकिस्तान सुपर लीग में इसका उल्टा देखने को मिला है।

साउद शकील पाकिस्तान क्रिकेट टीम के प्रमुख खिलाड़ी हैं। वह पीएसएल में क्वेटा ग्लेडिएटर्स की कप्तानी कर रहे हैं। कराची किंग्स के खिलाफ वह सलामी बल्लेबाजी करने उतरे। शकील ने पारी की पहली गेंद खेली। 20 ओवर खत्म होने के बाद वह नाबाद पवेलियन लौटे। इस दौरान शकील के बल्ले से सिर्फ और सिर्फ 33 रन निकले। यानी पूरे 20 ओवर बैटिंग करने के बाद सिर्फ 33 रन। साउद शकील ने दूसरे ओवर में एक चौका लगाया। तीसरे ओवर में उनके बल्ले से एक चौका निकला। इसके बाद उन्होंने अगले 17 ओवर में सिर्फ एक चौका लगाया। 33 रन बनाने के लिए उन्होंने 40 गेंदों का सामना किया।



### भारतीय टीमों ने की ब्रिज विश्व चैंपियनशिप में एंट्री

नई दिल्ली। भारत ने दुबई में एशिया एवं पश्चिम एशिया ब्रिज महासंघ के टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक हासिल किया तथा पदक जीतने वाली टीमों ने अगली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन प्राप्त कर ली। विश्व ब्रिज महासंघ के तत्वाधान में 10 से 18 अप्रैल के बीच आयोजित टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष, महिला और सीनियर टीमों ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मिश्रित टीम ने रजत पदक जीता। चारों भारतीय टीमों ने 20 से 31 अगस्त तक डेनमार्क के हर्निंग में होने वाली 47वीं विश्व ब्रिज चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली 35 देशों की 66 टीमों में भारत भी शामिल होगा। खेल मंत्रालय 2017 से ही भारतीय ब्रिज महासंघ को सहायता दे रहा है।

## मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' वाली टीम बनाने के लिए अगले 18 महीने महत्वपूर्ण

# भारतीय घरेलू हॉकी में है अच्छी गहराई और गुणवत्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शनिवार को कहा कि देश की हॉकी में काफी गहराई है और मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' वाली टीम बनाने के लिए अगले 18 महीने महत्वपूर्ण होंगे। फुल्टन ने हाल में समाप्त हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान भारत की क्षेत्रीय प्रतिभा को जानने और समझने का मौका मिला।

फुल्टन ने कहा, 'जब हमने अपनी मजबूती पर जोर दिया तो मैच काफी करीबी रहे। भारतीय हॉकी में काफी गहराई है विशेषकर गोलकीपिंग और कुछ अन्य क्षेत्रों में जिसे देखना बहुत अच्छा था। उन खिलाड़ियों को पहचानना भी उत्साहजनक था, जिन्होंने पहले लीग में भाग नहीं लिया था।' मुख्य कोच ने क्षेत्रीय टीमों के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि जहां विजेता पंजाब का मजबूत पक्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी था, वहीं शीर्ष चार टीमों ने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण से अच्छे संतुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ उतरा था जिसका उसे फायदा मिला। इसके अलावा शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का अच्छा संतुलन था।'



### सही खिलाड़ियों को खोजने पर ध्यान

फुल्टन ने एशिया कप चक्र के लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन के संदर्भ में कहा कि उनका ध्यान खिलाड़ियों की उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खोजने पर है। उन्होंने कहा, 'यह अधिक युवा खिलाड़ियों को लाने के बारे में नहीं है। यह उचित भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों की पहचान करने से जुड़ा है। हम जल्द ही एक अभ्यास शिविर आयोजित करने जा रहे हैं जिसमें 54 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें से 40 खिलाड़ियों का एक कोर ग्रुप तैयार किया जाएगा। हम खेल के प्रत्येक विभाग में मजबूती चाहते हैं। अगले 18 महीने मजबूत बेंच स्ट्रेंथ वाली टीम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।'



# शाहरुख की 'किंग' में अरशद वारसी की एंट्री

**मुंबई।** पिछले काफी समय से शाहरुख खान अपनी आगामी फिल्म 'किंग' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद को सौंपी गई है। 'पठान' (2023) के बाद यह सिद्धार्थ और शाहरुख के बीच दूसरा सहयोग है। शाहरुख की बेटी और अभिनेत्री सुहाना खान भी इस फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाली हैं। अब फिल्म 'किंग' में दिग्गज अभिनेता अरशद वारसी की एंट्री हो गई है। पीपिंग मून की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'किंग' की स्टार कास्ट में अरशद शामिल हो गए हैं। निर्माताओं ने फिल्म में उन्हें एक खास भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है।

लाइफ Style

# सोनाक्षी

## आखिर यूजर पर क्यों भड़कीं

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल बॉलीवुड की सबसे चर्चित और लोकप्रिय जोड़ियों में से एक है। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो साझा कर अपने प्यार का इजहार करते रहते हैं। प्रशंसक भी दोनों को साथ में देखना काफी पसंद करते हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोनाक्षी और जहीर को उनकी शादी को लेकर अक्सर आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। अब सोनाक्षी ने पहली बार तलाक और शादी के लिए ट्रोल किए जाने पर यूजर्स को जवाब दिया है। सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है, जिसमें एक यूजर ने सोनाक्षी और जहीर की शादी के बारे में टिप्पणी की है।

यूजर ने लिखा है, 'तुम्हारा तलाक बहुत करीब है।' इस पर अभिनेत्री ने जवाब दिया और लिखा, 'पहले तेरे मम्मी पापा करेंगे, फिर हम.. वादा है।' सोनाक्षी का यह बेबाक अंदाज उनके प्रशंसकों को बहुत पसंद आ रहा है। बता दें, सोनाक्षी ने बीते साल जहीर से शादी रचाई थी। काम के मोर्चे पर बात करें तो सोनाक्षी पिछली बार फिल्म 'काकुड़ा' में नजर आई थी। इसमें उनके साथ साकिब सलीम और रितेश देशमुख जैसे कलाकार थे। इस फिल्म को आप जी 5 पर देख सकते हैं। इन दिनों सोनाक्षी अपनी पहली तेलुगू फिल्म 'जटाधारा' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिलेम के लिए उन्हें साउथ के स्टार सुधीर बाबू का साथ मिला है। बताया जा रहा है कि 'जटाधारा' में सोनाक्षी का एक अलग ही अवतार देखने को मिलेगा।



हॉलीवुड मसाला



# 'आई स्पिट... ' कई देशों देशों में बैन

**लॉस एंजिलस।** आज हम आपको 15 साल पुरानी एक ऐसी डिस्टर्बिंग और डरावनी फिल्म के बारे में बताने वाले हैं, जिसे देखने के बाद लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इस फिल्म में काफी ज्यादा बोल्ड सीन और हिंसा दिखाई गई है, जिसकी वजह से फिल्म को 1 या 2 नहीं, बल्कि कई देशों में बैन कर दिया गया और अभी तक ये फिल्म वहां पर बैन ही है। यह एक विवादित हॉरर फिल्म है। हम यहां 2010 में आई फिल्म 'आई स्पिट ऑन योर ग्रेव' के बारे में बात कर रहे हैं। इस फिल्म में एक लड़की की कहानी दिखाई गई है जो जंगल में कुछ गंदे आदमियों के बीच फंस जाती है।

# हॉलीवुड का एक ऐसा गाना जिसने होली को बना दिया ग्लोबल...




**लॉस एंजिलस।** होली का त्योहार भारत के लिए एक बहुत ही खुशनुमा त्योहार है जिसे सब बड़ी धूमधाम और जोरों-शोरों से मनाते हैं, लेकिन इसका एक रंग हॉलीवुड के एक ऑल टाइम पॉपुलर गाने में भी शामिल हुआ था। अगर आपने यूट्यूब पर हॉलीवुड सिंगर केशा का गाना 'टेक इट ऑफ' सर्च किया तो आप उससे जरूर झूम उठेंगे। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में जमकर रंग उड़ाते हैं, रंग लगाते, उड़ते हुए रंगों में झूम-झूम कर डांस करते नजर आते हैं, और माहौल पूरी तरह से एक होली पार्टी जैसा लगता है। केशा ने इस गाने में ऑटोट्यून, डीजे बीट्स और होली की कलरफुल वाइब्स का ऐसा समा बनाया है जिससे अमेरिका और कनाडा के टॉप-10 चार्ट्स में ये सांग शामिल हो गया था। एक अंग्रेजी पत्रिका के मुताबिक 'टेक इट ऑफ' केशा के डेब्यू म्यूजिक एल्बम 'एनिमल' का हिस्सा था, जिसे रिलीज के वक्त ही जबरदस्त सफलता मिली थी। ये गाना बिलबोर्ड हॉट 100, यूनाइटेड किंगडम सिंगल्स चार्ट और कैनेडियन हॉट 100 में टॉप पर रहा है, यहां तक कि ये सांग ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और हंगरी के रेडियो स्टेशनों पर भी नंबर 1 सांग की लिस्ट में शामिल हो चुका है। होली का ये इंटरनेशनल एंथम आज भी लोगों के बीच उतना ही पॉपुलर है जितना कि 15 साल पहले था। यूट्यूब पर इसे 169 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं, जो इसे एक ऑल टाइम पॉपुलर सांग बनता है। केशा का ये पार्टी एंथम अब भी दुनिया के कई देशों में ट्रेंड कर रहा है।

# नुसरत की 'छोरी-3' का ऐलान...



a**मुंबई।** अभिनेत्री नुसरत भरूचा इन दिनों फिल्म 'छोरी 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म बीते 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म में नुसरत और सोहा अली खान की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। 'छोरी 2' की सफलता के बीच अब फिल्म के निर्देशक विशाल फुरिया ने फिल्म की तीसरी किस्त का ऐलान कर दिया है। आइए जानें उन्होंने 'छोरी' के तीसरे भाग को लेकर क्या कहा। हाल ही में नुसरत और विशाल ने संवाद में शिरकत की, जहां निर्देशक ने बातों-बातों में तीसरी किस्त का ऐलान कर दिया। जब निर्देशक विशाल से 'छोरी 3' के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हां कोशिश है कि बनाएंगे। हर एक फिल्म का सीक्वल उसे मिले प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। दर्शकों को फिल्म काफी पसंद आई है। यह बहुत अच्छा है। दिमाग में कुछ विचार हैं। यह बनेगी जरूर। इसकी एक प्रकिया है।

# विक्की ने 'केसरी-2' में दी अपनी आवाज



**मुंबई।** अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे जैसे सितारों की बेहतरीन अदाकारी से सजी फिल्म 'केसरीः चैप्टर 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली है, वहीं जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित इस फिल्म की कहानी दर्शकों को पसंद आ रही है। विक्की कौशल भी 'केसरी 2' की तारीफ में कसीदे पढ़ चुके हैं, लेकिन क्या आप है विक्की का अक्षय की इस फिल्म से बेहद खास कनेक्शन है। दरअसल, विक्की ने फिल्म 'केसरी 2' की शुरुआत में अपनी दमदार आवाज दी है। जैसे ही यह फिल्म शुरू होती है, पर्दा पर बड़ा-बड़ा विक्की का नाम लिखा आता है। वॉयसओवर करने के लिए निर्माताओं ने विक्की को धन्यवाद दिया है। बता दें कि 'केसरी 2' के निर्देशन की कमान करण सिंह त्यागी ने संभाली है। वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।




Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747: **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930